सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 25 जून, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 171, पेज 12, 3.50 रुपये | www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

सेंसक्स में 791 अंकों की उछाल

कच्चे तेल के दाम में नरमी और बैंक, वित्तीय तथा आईटी शेयरों में लिवाली से सेंसक्स 791 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 197 अंक की तेजी रही। } 10

अंतिम दौर में है भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता

भारत-अमेरिका ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर जारी वार्ताओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए बाजार पहुंच, डिजिटल व्यापार और गैर-शुल्कीय बाधाओं सहित समझौते के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की। दोनों देश इस समझौते को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं। } 12

अरुणाचल में बारिश, भूस्खलन से तबाही

एजेंसी

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश के केयी पन्योर जिले में बुधवार को मूसलाधार बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ की चपेट में आने से कम से कम पांच लोग लापता हो गए और 17 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, इस प्राकृतिक आपदा में कम से कम 18 मकानों को नुकसान पहुंचा है। वहीं, विभिन्न स्थानों पर हुए भूस्खलन के कारण सड़क संपर्क पूरी तरह बाधित हो गया है, जिससे बड़ी संख्या में यात्री रास्ते में ही फंस गए हैं।

राज्य आपदा प्रबंधन सचिव दानी सुलु ने बताया कि याजाली सर्कल के अंतर्गत पूसा के पास नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नीपको) परियोजना कॉलोनी से लापता हुए लोगों की पहचान एलेश मराक (13), बालारी मराक (30), ताओ अंजीना (46), निर्मला गुप्ता (35) और सौरव कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि लापता लोगों की तलाश और ...शेष पृष्ठ 10 पर

नियमों का उल्लंघन कर संचालित की जा रही कोंचिगों पर गिरी गाज

लखनऊ विकास प्राधिकरण, अग्निशमन व बिजली विभाग की संयुक्त टीम ने चलाया अभियान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ में गत सोमवार को एक इमारत में आग लगने से 15 लोगों की मौत हो जाने के बाद उत्तर प्रदेश में सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वाले कोचिंग केंद्रों और संस्थानों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इस दौरान मथुरा तथा अलीगढ़ में कई संस्थानों को सुरक्षा मानकों को नहीं अपनाये जाने पर सील कर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए), अग्निशमन विभाग और बिजली विभाग की एक संयुक्त टीम ने अलीगंज-कपूरथला इलाके ...शेष पृष्ठ 10 पर

अलीगंज अग्निकांड : नियमों के उल्लंघन को लेकर कई इमारतों पर नोटिस चस्पा

लखनऊ। लखनऊविकास प्राधिकरण (एलडीए) ने अलीगंज स्थित उस इमारत पर बुधवार को नोटिस लगा दिया, जहां इस सप्ताह भीषण आग लगने की घटना में 15 लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने बताया कि इमारत के मालिक को 15 दिनों के भीतर जवाब देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि नोटिस इमारत संबंधी उपनियमों के कथित उल्लंघन और परिसर के अनधिकृत उपयोग से संबंधित है। यह इमारत आवासीय उपयोग के लिए स्वीकृत थी, लेकिन इसका इस्तेमाल व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा रहा था। अधिकारियों के अनुसार, निर्धारित अवधि समाप्त होने और इमारत के मालिक का जवाब प्राप्त होने के बाद संरचना को ध्वस्त करने सहित आगे की कार्रवाई की जा ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

नदी में डूबने से पांच लोगों की मौत

सोनभद्र/बाराबंकी (उप्र)। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र और बाराबंकी जिलों में अलग-अलग घटनाओं में नदियों में नहाते वक्त डूबने से दो सगे भाइयों समेत कुल पांच लोगों की मौत हो गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सोनभद्र के अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि चोपन थानाक्षेत्र के मीतापुर गांव में सोन नदी में नहाते समय डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी। उन्होंने घटना में मृत बच्चों के परिजनों के हवाले से बताया कि शादी के बाद चौथी की रस्म पूरी करने के लिए परिजन और रिश्तेदार सोन नदी के तट पर इकट्ठा हुए थे तथा इसी दौरान उनमें से कुछ महिलायें नदी में नहाने चली गयी।

नीरव को चुकाने होंगे 1.15 करोड़ डॉलर

लंदन। लंदन के उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया है कि भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी को बैंक ऑफ इंडिया को 1.15 करोड़ डॉलर से ज्यादा की रकम चुकानी होगी। इस रकम में निजी कर्ज की गारंटी पर लगने वाला ब्याज भी शामिल है। नीरव (55)

बेंगलुरु में गूंजा यूपी का विकास मॉडल

उद्योग जगत ने बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, सुशासन व निवेशक-अनुकूल माहौल की सराहना की, एऑन ने नोएडा में 600 से 1000 अतिरिक्त रोजगार सृजित करने की योजना साझा की

विशेष संवाददाता

बेंगलुरु/लखनऊ। देश की टेक्नोलॉजी और स्टार्टअप राजधानी बेंगलुरु में उत्तर प्रदेश की विकास गाथा और निवेश संभावनाओं की गूंज सुनाई दी। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी), टेक्नोलॉजी, इंश्योरेंस, रियल एस्टेट, स्टार्टअप और मानव संसाधन क्षेत्र से जुड़े उद्योग जगत के दिग्गजों ने उत्तर प्रदेश को निवेश, नवाचार और रोजगार सृजन का सबसे संभावनाशील गंतव्य बताया। उद्योग प्रतिनिधियों का मानना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, मजबूत कानून-व्यवस्था, निवेशक के अनुकूल नीतियों और तेजी से विकसित हो रही कनेक्टिविटी ने उत्तर प्रदेश को नई अर्थव्यवस्था, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटरों और वैश्विक निवेश का उभरता केंद्र बना दिया है। बेंगलुरु में आयोजित निवेशक संवाद के दौरान उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश में उपलब्ध अवसरों, निवेश माहौल और भविष्य की संभावनाओं पर अपने विचार साझा किए। निवेशकों ने राज्य को टेक्नोलॉजी, विनिर्माण, सेवा क्षेत्र, स्टार्टअप और रोजगार सृजन के लिए देश के सबसे आकर्षक गंतव्यों में से एक बताया। ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) उद्योग विशेषज्ञ और एआई रणनीतिकार अनिल पद्मनाभन ने कहा कि उत्तर प्रदेश की मजबूत शासन व्यवस्था, बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर और निवेश समर्थक वातावरण इसे जीसीसी क्षेत्र के लिए आदर्श गंतव्य बनाता है। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

भारत में सेफ्टी, स्टेबिलिटी व स्पीड का थ्री-एस मॉडल बना यूपीः सीएम

बेंगलुरु। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत के लिए सेफ्टी, स्टेबिलिटी व स्पीड का थ्री-एस मॉडल बन चुका है। उद्योग के लिए ये तीनों आयाम सबसे महत्वपूर्ण हैं। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था, वर्ल्ड क्लास इंफ्रास्ट्रक्चर, बेमिसाल कनेक्टिविटी, पारदर्शी प्रशासन और संस्थाओं का बेहतर नेटवर्क नए उत्तर प्रदेश की पहचान है। स्किल्ड टैलेंट, टेक्नोलॉजी और इन्वेस्टमेंट-फ्रेंडली पॉलिसी, कुल मिलाकर एक संपूर्ण इंडस्ट्रियल इकोसिस्टम आज नए भारत के नए यूपी में मौजूद है। मुख्यमंत्री बुधवार को बेंगलुरु में उत्तर प्रदेश ग्लोबल ग्रोथ डायलॉग 2026 के तहत रोडशो में बिजनेस लीडर्स को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरा दिन सभी ...शेष पृष्ठ 10 पर

एआई, निवेश व नवाचार से विकसित उप्र को मिलेगी नयी उड़ान : योगी

बेंगलुरु/लखनऊ। विकसित उत्तर प्रदेश के विजन को वैश्विक टेक्नोलॉजी और निवेश जगत के साथ जोड़ने की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेंगलुरु दौरे के दौरान गूगल क्लाउड के मुख्य प्रौद्योगिकी अधिकारी (चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर-सीटीओ) तरुण पंत और उनकी टीम के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। राउंड टेबल बैठकों और रोड शो से पहले आयोजित इस संवाद में मुख्यमंत्री ने आम नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने, किसानों की आय बढ़ाने, युवाओं के लिए नए अवसर सृजित करने, स्टार्टअप संस्कृति को मजबूत करने तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को नई टेक्नोलॉजी से जोड़ने संबंधी राज्य सरकार के विजन को विस्तार से ...शेष पृष्ठ 10 पर

कोलकाता में निर्माणाधीन गोदाम की छत गिरी, तीन लोगों की मौत

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम कोलकाता के तारातला इलाके में बुधवार दोपहर तीन मंजिला निर्माणाधीन गोदाम की छत ढह जाने से उसके मलबे के नीचे कई लोग दबे गये। राज्य के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने यह जानकारी दी। शुभेंदु ने घटनास्थल का दौरा किया और बचाव कार्य का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि मलबे के नीचे अब भी कुछ लोग फंसे हुए हैं और उन्हें निकालने के लिए राज्य और केंद्र की एजेंसियां मिलकर काम कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि बचाव कार्य में सेना की पूर्वी कमान की भी मदद ली जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि यह गोदाम शहर में श्यामा ...शेष पृष्ठ 10 पर

भारत-चीन के बीच छह साल बाद फिर शुरू होगा व्यापार

पिथौरागढ़। भारत और चीन के बीच लिपुलेख दर्रे के रास्ते सीमापार व्यापार लगभग छह साल के अंतराल के बाद 26 जून से फिर से शुरू हो जाएगा, जब 26 भारतीय व्यापारियों का पहला जत्था इस मार्ग से चीन शासित तिब्बत में प्रवेश करेगा। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। धारचूला के उप विभागीय मजिस्ट्रेट... शेष पृष्ठ 10 पर

राजनाथ सिंह ने जसपाल राणा को दी श्रद्धांजलि

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। भारत के महान निशानेबाजों में शुमार और पद्मश्री से

❍ मुख्यमंत्री धामी सहित अनेक हस्तियों ने जताया दुख

सम्मानित स्वर्गीय जसपाल राणा की स्मृति मे देहरादून के मझौन क्षेत्र में आयोजित त्रयोदशी संस्कार कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी कार्यक्रम में शामिल होकर दिवंगत आत्मा को नमन किया और उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने स्वर्गीय जसपाल राणा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उन्होंने अपने अद्वितीय खेल कौशल, अनुशासन और समर्पण के बल पर भारतीय निशानेबाजी को नई पहचान दिलाई। उन्होंने ...शेष पृष्ठ 10 पर

विशेष खबर

धूमधाम से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस, ओलंपिक 'डे रन' से हुई शुरुआत, यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विराज सागर दास ने खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत

मोदी– योगी के नेतृत्व में विकसित हो रही नयी खेल संस्कृति : विराज सागर दास

फोटो : समीर भटनागर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। ओलंपिक भावना और खेलों की वैश्विक एकता के संदेश के साथ अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस-2026 के उपलक्ष्य में बुधवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में ओलंपिक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के तत्वावधान में लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित समारोह की शुरुआत ओलंपिक डे रन से हुई, जिसमें खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों, अभिभावकों, छात्रों तथा विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने ओलंपिक ध्वज के साथ स्टेडियम परिसर में दौड़ लगाकर ओलंपिक आंदोलन की भावना को साकार किया। ओलंपिक डे रन को मुख्य अतिथि बीबीडी ग्रुप एवं डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन के प्रेसिडेंट, बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट, चेयरमैन उ.प्र. बैडमिंटन एसोसिएशन व यू.पी. ओलंपिक संघ के अध्यक्ष विराज सागर दास ने झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने इसके बाद आयोजित समारोह में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण कर उनका उत्साहवर्द्धन किया। इस दौरान विभिन्न खेलों के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी में सौर ऊर्जा को मिलेगी रफ्तार

मुख्य सचिव ने दिये निर्देश, आंगनबाड़ी भर्ती, पीएनजी कनेक्शन में तेजी लाने पर जोर

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्य सचिव एस.पी. गोयल ने बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर विभिन्न विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना, वेटलैंड संरक्षण, अन्नपूर्णा भवन निर्माण, पीएनजी कनेक्शन, आंगनबाड़ी भर्ती तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश ने मार्च, अप्रैल और मई 2026 में लगातार तीन माह तक 50 हजार से अधिक घरों में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर राष्ट्रीय स्तर पर नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रदेश को क्यूम्यूलेटिव हाउसहोल्ड सोलराइजेशन में भी देश में प्रथम स्थान दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए जाएं। उन्होंने कहा कि पीएम सूर्यघर योजना के प्रत्येक आवेदन को इंस्टॉलेशन में परिवर्तित करने का लक्ष्य रखा जाए। ऋण आवेदनों की समयबद्ध स्वीकृति, भुगतान और निष्क्रिय वेंडरों को सक्रिय करने पर विशेष ध्यान दिया जाए।

साथ ही लाभार्थियों को बिजली बिल में होने वाली बचत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए। वेटलैंड संरक्षण एवं रामसर साइट की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि सभी आर्द्रभूमियां पर्यावरणीय दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। शेष जनपद प्राथमिकता के आधार पर वन विभाग को प्रस्ताव भेजना सुनिश्चित करें।

विशेष रूप से यमुना नदी के पांच किलोमीटर क्षेत्र में स्थित वेटलैंड्स के प्रस्तावों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। अन्नपूर्णा भवन निर्माण की समीक्षा में उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 500 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्राप्त है। शेष जनपदों को भूमि चिन्हांकन कर शीघ्र कार्ययोजना पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि भवनों के निर्माण के लिए ऐसी भूमि का चयन किया जाए जो परिवहन मार्ग और आबादी वाले क्षेत्रों के निकट हो। पीएनजी कनेक्शन योजना के तहत प्रदेश में लगभग 16 लाख नए कनेक्शन देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों को साप्ताहिक समीक्षा बैठक कर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने तथा लंबित अनुमतियों का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की समीक्षा में उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के रिक्त पदों के लिए विज्ञापन जारी नहीं हुए हैं, वहां तत्काल भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाए और समयबद्ध रूप से पूरी कराई जाए। मुख्य सचिव ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत उपलब्ध धनराशि का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि जनजागरूकता के लिए वाल पेंटिंग, नुक्कड़ नाटक, संवाद कार्यक्रम एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी योजनाओं की प्रगति से मुख्य सचिव को अवगत कराया।

जौनपुर सिटी व अन्य स्टेशनों पर बढ़ा रेलगाड़ियों का होगा ठहराव

लखनऊ। जौनपुर सिटी, हरपालगंज और सराय हरखू रेलवे स्टेशनों पर ट्रेनों के ठहराव को स्वीकृति मिल गई है। हरपालगंज स्टेशन पर मेमो ट्रेन और सराय हरखू स्टेशन पर शटल ट्रेन रुकेगी। इस फैसले से क्षेत्र के यात्रियों को आवागमन में सुविधा होगी। 26 जून से गाड़ी संख्या 64281/64282 मेमू का हरपालगंज स्टेशन पर ठहराव प्रदान किया जाएगा। गाड़ी संख्या 64281 मेमू हरपालगंज स्टेशन पर प्रातः 06:27 बजे पहुंचेगी तथा 06:28 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 64282 मेमू हरपालगंज स्टेशन पर रात्रि 20:21 बजे पहुंचेगी तथा 20:22 बजे प्रस्थान करेगी। इसके अतिरिक्त, 26 जून से गाड़ी संख्या 13239 तथा 27 जून से गाड़ी संख्या 13240 का जौनपुर सिटी स्टेशन पर ठहराव प्रारंभ होगा। गाड़ी संख्या 13239 जौनपुर सिटी स्टेशन पर सायं 17:41 बजे पहुंचेगी तथा 17:43 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 13240 जौनपुर सिटी स्टेशन पर दोपहर 12:33 बजे पहुंचेगी तथा 12:35 बजे प्रस्थान करेगी। इसी क्रम में 27 जून 2026 से गाड़ी संख्या 20401/20402 का सराय हरखू स्टेशन पर ठहराव भी प्रदान किया जाएगा।

दो सीएचसी संचालक राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

विशेष संवाददाता (vol)

- लखनऊ की डॉ. रंजना सिंह और सोनभद्र के संतोष कुमार को मिला सम्मान
- श्रीनगर में आयोजित सेवा से समृद्धि कार्यशाला में हुई घोषणा

लखनऊ। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत आधारित डिजिटल सेवा वितरण को मजबूत बनाने और नागरिकों तक सरकारी सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) में आयोजित क्षेत्रीय कार्यशाला सेवा से समृद्धि : पंचायत आधारित सेवा वितरण में उत्तर प्रदेश के दो कॉमन सर्विस सेंटर (सीएचसीइ) संचालकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।

पंचायती राज मंत्रालय तथा कॉमन सर्विस सेंटर स्पेशल पर्पस व्हीकल (सीएचसी-एसपीवी) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में उत्तर प्रदेश की डॉ. रंजना सिंह (लखनऊ) और संतोष कुमार (सोनभद्र) को ग्रामीण क्षेत्रों में उत्कृष्ट डिजिटल सेवाएं प्रदान करने और जनसेवा में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय एवं राज्य सरकारों के वरिष्ठ अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि तथा विभिन्न राज्यों के उरउ संचालक उपस्थित रहे। लखनऊ की डॉ. रंजना सिंह ने महिला सशक्तिकरण, डिजिटल समावेशन और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने हजारों महिलाओं को सरकारी योजनाओं और डिजिटल सेवाओं से जोड़ा है।

साथ ही दो हजार से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्वरोजगार एवं आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके प्रयासों से बड़ी संख्या में आयुष्मान भारत कार्ड और आभा कार्ड बनाए गए हैं। उनकी महिला संचालित डिजिटल आउटरीच वैन ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर डिजिटल सेवाएं उपलब्ध करा रही है। उनके सीएचसी केंद्र ने 15 स्थानीय युवाओं को रोजगार भी प्रदान किया है। वहीं, सोनभद्र के संतोष कुमार वर्ष 2009 से जनजातीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल सेवाओं के विस्तार का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने डिजिटल साक्षरता, बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय समावेशन, आधार सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और डिजिटल भुगतान जैसी सुविधाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया है। उनके प्रयासों से हजारों ग्रामीण, किसान, महिलाएं और छात्र लाभान्वित हुए हैं। उनके उरउ केंद्र ने 26 स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष रोजगार उपलब्ध कराया है। इस अवसर पर सीएचसी उत्तर प्रदेश के स्टेट हेड राजेश मिश्रा ने कहा कि सीएचसी ग्राम पंचायतों में डिजिटल सुशासन के वास्तविक वाहक हैं और शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

किसानों के भुगतान व भंडारण क्षमता बढ़ाने की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

- डॉ. मनोज पाण्डेय ने केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी से की मुलाकात

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति मंत्री डॉ. मनोज कुमार पाण्डेय ने बुधवार को केंद्रीय खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रह्लाद जोशी से मुलाकात कर किसानों और खाद्यान्न खरीद व्यवस्था से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होंने लंबित भुगतान, भंडारण क्षमता विस्तार और मक्का खरीद लक्ष्य बढ़ाने की मांग की।

डॉ. पाण्डेय ने बताया कि पिछले वर्षों के खाद्यान्न खरीद प्रस्तावों से संबंधित कई स्वीकृतियां केंद्र स्तर पर लंबित हैं, जिससे मंडी समितियों और अन्य संस्थाओं के भुगतान प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने मक्का एवं बाजरा खरीद के लिए राज्य सरकार की ओर से भेजे गए करीब 118 करोड़ रुपये के सब्सिडी दावे के शीघ्र भुगतान का अनुरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम तथा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत परिवहन, हैंडलिंग और अन्य मदों में राज्य सरकार की ओर से भेजे गए 632 करोड़ रुपये से अधिक के दावे का भुगतान अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है। इससे खाद्यान्न वितरण व्यवस्था पर वित्तीय दबाव पड़ रहा है।

मंत्री ने बताया कि प्रदेश में इस वर्ष गेहूं खरीद अभियान सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। खरीदे गए कुल गेहूं का लगभग 72 प्रतिशत भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) को हस्तांतरित किया जा चुका है, जबकि शेष गेहूं के सुरक्षित भंडारण और उठान के लिए अतिरिक्त व्यवस्था की आवश्यकता है। उन्होंने केंद्र सरकार का ध्यान इस ओर भी आकर्षित किया कि प्रयागराज, अयोध्या, झांसी, जालौन, ललितपुर, चित्रकूट, उन्नाव, चंदौली और बहराइच सहित कई जिलों में एफसीआई की भंडारण क्षमता अपर्याप्त है। ऐसे में अतिरिक्त गोदामों की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है।

डॉ. पाण्डेय ने कहा कि धान खरीद के बाद कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) के निस्तारण में उत्तर प्रदेश ने लगभग 99 प्रतिशत लक्ष्य हासिल कर लिया है, जो राज्य के लिए बड़ी उपलब्धि है। मक्का खरीद के संबंध में उन्होंने बताया कि प्रदेश में खरीद प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। केंद्र सरकार ने 25 हजार मीट्रिक टन खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया है। यदि किसानों की उपज अधिक मात्रा में खरीद केंद्रों पर आती है तो राज्य सरकार लक्ष्य बढ़ाने का अनुरोध करेगी, ताकि किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य मिल सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि केंद्र सरकार इन सभी विषयों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेकर प्रदेश के किसानों, सहकारी संस्थाओं और खाद्यान्न खरीद व्यवस्था को आवश्यक राहत प्रदान करेगी।

29 जून को मनाया जायेगा व्यापारी कल्याण दिवस

ओडीओपी प्रदर्शनियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और भामाशाह पुरस्कारों से सजेगा व्यापारी कल्याण दिवस

विशेष संवाददाता (vol)

- भामाशाह के आदर्शों से जुड़ेगा युवा समाज, सभी जनपदों में होंगे विशेष कार्यक्रम



लखनऊ। व्यापार, उद्यमिता और जनसेवा की प्रेरणादायी परंपरा को सम्मान देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार 29 जून को दानवीर भामाशाह की जयंती के अवसर पर पूरे प्रदेश में व्यापारी कल्याण दिवस मनाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह आयोजन जनसहभागिता के साथ किया जाएगा, जिसका उद्देश्य व्यापारियों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों के योगदान को सम्मानित करने के साथ-साथ युवाओं को दान, सेवा और राष्ट्रहित के मूल्यों से जोड़ना है।

योगी सरकार के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जनपदों और तहसीलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के सहयोग से कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। इस अवसर पर वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट (ओडीओपी) से जुड़े उत्पादों की प्रदर्शनियां और बिक्री स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से स्थानीय उत्पादों के प्रचार-प्रसार और विपणन को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही उद्यमियों, व्यापारियों और स्वयं सहायता समूहों को अपनी उपलब्धियां प्रदर्शित करने का अवसर भी मिलेगा।

कार्यक्रमों में महान दानवीर भामाशाह के जीवन और योगदान पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इसके माध्यम से लोगों को भामाशाह के त्याग, राष्ट्रभक्ति और जनकल्याण की भावना से परिचित कराया जाएगा। संस्कृति विभाग द्वारा इस संबंध में आवश्यक अभिलेख और सामग्री जनपदों को उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त कर सकें। इस कार्यक्रम पर जानकारी देते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि, व्यापारी कल्याण दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी विशेष आयोजन होगा। संगीत-नाटक और स्थानीय लोककलाओं के माध्यम से भामाशाह के जीवन और उनके आदर्शों को प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही चित्रकला, निबंध, प्रश्नोत्तरी और अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा। शासनादेश के अनुसार भामाशाह पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे, जिनकी चयन और पुरस्कार वितरण प्रक्रिया राज्य कर विभाग की ओर से संपन्न कराई जाएगी। सरकार ने व्यापारिक संगठनों, व्यापारी कल्याण मंडलों और उद्योग जगत से भी इस आयोजन में सक्रिय भागीदारी की अपील की है। प्रदेशभर के व्यापारी अपने प्रतिष्ठानों, फर्मों और कंपनियों में व्यापारी कल्याण दिवस मनाएंगे। इस अवसर पर बैनर, होर्डिंग्स और जागरूकता संदेश प्रदर्शित किए जाएंगे।

साथ ही सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देते हुए व्यापारी स्वेच्छा से मिष्ठान, शर्बत और फल आदि का वितरण भी करेंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि दानवीर भामाशाह महाराणा प्रताप के घनिष्ठ सहयोगी, मित्र और विश्वस्त सलाहकार थे। जब महाराणा प्रताप कठिन संघर्ष के दौर से गुजर रहे थे, तब भामाशाह ने अपनी संपूर्ण संपत्ति राष्ट्र और स्वाभिमान की रक्षा के लिए समर्पित कर दी थी। उनका यह त्याग भारतीय इतिहास में दान, समर्पण और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण माना जाता है। व्यापारी कल्याण दिवस के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार उनके आदर्शों को समाज, विशेषकर युवा पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

सूचना के अधिकार की अवहेलना पर तीन अधिकारियों पर 25 हजार रुपये का जुर्माना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। राज्य सूचना आयोग, उत्तर प्रदेश ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम, 2005 के प्रावधानों की अवहेलना और भ्रामक सूचना उपलब्ध कराने के मामले में तीन अधिकारियों पर संयुक्त रूप से 25 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है।

यह आदेश राज्य सूचना आयुक्त स्वतंत्र प्रकाश गुप्त ने शिकायतकर्ता कुलदीप कुमार चतुर्वेदी की ओर से दायर शिकायत की सुनवाई के दौरान पारित किया। शिकायतकर्ता ने 24 जून 2022 को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, औरैया कार्यालय में सूचना प्राप्त करने के लिए आवेदन किया था। सुनवाई के दौरान आयोग ने पाया कि संबंधित जनसूचना अधिकारी की ओर से निर्धारित समय-सीमा में सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई। करीब एक वर्ष की देरी के बाद 26 जुलाई 2023 को सूचना प्रदान की गई। आयोग ने यह भी पाया कि विलंब के संबंध में अधिकारियों द्वारा कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। आयोग ने कहा कि सूचना के अधिकार अधिनियम का उद्देश्य शासन में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। सूचना देने में अनावश्यक विलंब तथा भ्रामक सूचना उपलब्ध कराना अधिनियम की मूल भावना के विपरीत है। आयोग ने यह भी माना कि सूचना देने से इनकार करने के लिए अधिनियम की धारा 8(1) का अनुचित और असंगत आधार अपनाया गया। आयोग ने धारा 20(1) के तहत तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जनसूचना अधिकारी जी.एस. राजपूत, तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार तथा वर्तमान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जनसूचना अधिकारी संजीव कुमार पर संयुक्त रूप से 25 हजार रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया है। आदेश में कहा गया है कि जुर्माने की राशि तीनों अधिकारियों के वेतन से समान रूप से वसूल की जाएगी। आयोग ने आदेश की प्रति जिलाधिकारी औरैया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजने के निर्देश दिए हैं। आयोग ने अर्थदंड अधिरोपित करने के साथ ही शिकायत का निस्तारण करते हुए वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं।

आदिवासियों के जल जंगल और जमीन पर हो रहे हैं कब्जे : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार और उसके संगी साथियों ने आदिवासियों का हक छीना हैं। आदिवासियों के साथ बड़ी साजिश की जा रही हैं। आदिवासियों के जल जंगल और जमीन पर कब्जा कर रहे है। उनकी परंपराओं को खत्म कर रहे हैं। उनको नौकरियों से वंचित कर रहे हैं। भाजपा सरकार ने 69000 शिक्षक भर्ती में आदिवासी समाज के किसी नौजवान को नौकरी नहीं दी। बुधवार को समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय में वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के बाद आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अखिलेश यादव ने कहा कि महारानी दुर्गावती ने अस्मिता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए बहादुरी के साथ संघर्ष किया। भारत में रानी दुर्गावती, रानी लक्ष्मीबाई समेत बड़ी संख्या में बहादुर महिलाओं का इतिहास है, जिन्होंने समाज और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपनी कुबार्नी दी। श्री यादव ने कहा कि 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार में विश्व स्तरीय लखनऊ गोमती रिवर फ्रंट पर महारानी दुर्गावती की भव्य सोने की प्रतिमा लगाई जाएगी। समाजवादी पार्टी की सरकार में अधिकारी गांव-गांव जाकर खुद आदिवासी समाज के भाइयों-बहनों का प्रमाण पत्र बनाएंगे, उन्हें प्रमाण पत्र के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। आदिवासी समाज मांग करेगा तो उनके समाज में जो भी हत्याएं हुई हैं उनकी सीबीआई से जांच कराई जाएगी। जिन परिवारों की हत्याएं हुई हैं उनकी मदद की जायेगी। आदिवासी भाइयों-बहनों को लोहिया आवास के तहत पक्का मकान दिया जाएगा। अनुसूचित जनजाति के लिए अलग से आयोग बनाया जाएगा।

घाटमपुर फ्लाईओवर का मरम्मत कार्य शुरू, 10 जुलाई तक बहाल होगा यातायात

कानपुर। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने घाटमपुर फ्लाईओवर के क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया है। मरम्मत कार्य को निर्धारित समय-सीमा के अनुसार चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है, ताकि फ्लाईओवर को सुरक्षित एवं सुगम यातायात के लिए शीघ्र पुनः खोला जा सके।

एनएचएआई के अनुसार, सबसे पहले फ्लाईओवर के क्षतिग्रस्त हिस्से को हटाया जाएगा। इसके बाद पुनः ढलाई (री-कास्टिंग) के लिए स्टेजिंग एवं शटरिंग का कार्य किया जाएगा। अगले चरण में सरियों (रीइन्फोर्समेंट) को लगाया जाएगा, जिसके उपरांत क्षतिग्रस्त डेक स्लैब की पुनः ढलाई की जाएगी। कंक्रीट की गुणवत्ता एवं मजबूती सुनिश्चित करने के लिए निर्धारित अवधि तक क्योरिंग की जाएगी। मरम्मत कार्य के अंतिम चरण में बिटुमिनस कंक्रीट बिछाने का कार्य संपन्न किया जाएगा। प्राधिकरण ने बताया कि सभी चरणों का कार्य पूरा होने के बाद फ्लाईओवर को 10 जुलाई 2026 तक यातायात के लिए पुनः खोलने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एनएचएआई ने यात्रियों एवं स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि मरम्मत कार्य के दौरान निर्धारित डायवर्जन एवं यातायात व्यवस्था का पालन करें तथा प्रशासन का सहयोग करें, जिससे कार्य को सुरक्षित और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा सके।

नाबालिग के गर्भपात संबंधी स्टिंग ऑपरेशन के जांच के आदेश

- डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से एक सप्ताह में मांगी रिपोर्ट

लखनऊ। मऊ में किशोरियों के गर्भपात संबंधी एक अखबार के स्टिंग ऑपरेशन संबंधी खबर का डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया है। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक को पत्र लिखकर पूरे मामले की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। साथ ही एक सप्ताह के भीतर जांच रिपोर्ट तलब की है। स्टिंग ऑपरेशन पांच अस्पतालों में किया गया था। डमी मरीज के नाम पर स्टिंग किया गया। साथ ही मेडिकल स्टोर में बिना डॉक्टर की सलाह के गर्भपात संबंधित गोलियों की बिक्री की बात भी कही गई। डिप्टी सीएम ने कहा कि इस तरह की घटनाएं बेहद गंभीर हैं। इससे न केवल मरीजों के हितों को नुकसान पहुंचता है, बल्कि चिकित्सा विभाग की छवि भी धूमिल होती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जांच निष्पक्ष तरीके से कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

दवा ठेकों की जांच रिपोर्ट में देरी, डिप्टी सीएम नाराज

....लखनऊ। उत्तर प्रदेश मेडिकल सप्लाई कारपोरेशन में फर्जी बैंक गारंटी के आधार पर करोड़ों रुपये के दवा ठेके दिए जाने के मामले में जांच रिपोर्ट समय पर न मिलने पर डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने नाराजगी जताई है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर जांच आख्या अविलंब प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

एकेटीयू अपने शिक्षकों को दीक्षांत समारोह में देगा एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

- सात जुलाई को समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के हाथों मिलेगा अवार्ड
- अवार्ड के लिए शिक्षकों से विश्वविद्यालय ने आवेदन मांगा, विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चार शिक्षकों का होगा चयन

लखनऊ। डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय अपने उत्कृष्ट शिक्षकों को दीक्षांत समारोह में सम्मानित करेगा। इसके लिए अकादमिक क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने वाले शिक्षकों को एकेडमिक एक्सीलेंस अवार्ड दिया जाएगा। प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल के हाथों सम्मान पाने वाले शिक्षकों के चयन के लिए 28 जून तक आवेदन मांगे गये हैं।

कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में एक्सीलेंस अवार्ड के लिए विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के शिक्षक आवेदन कर सकेंगे, इसमें असिस्टेंट प्रोफेसर, एसो. प्रोफेसर एवं प्रोफेसर शामिल किये जाएंगे। साथ ही आवेदन करने वाले शिक्षक का नामांकित संस्थान में लगातार कम से कम तीन सालों तक अध्यापन जरूरी है। एक्सीलेंस अवार्ड संबद्ध संस्थानों के तीन एवं विश्वविद्यालय के एसोसिएटेड संस्थानों के एक शिक्षक को मिलेगा।

अवार्ड के लिए आवेदन करने वाले शिक्षकों का चयन विभिन्न क्षेत्रों में निर्धारित अंकों के आधार पर दिया जाएगा। कुल अलग-अलग क्षेत्रों के लिए पांच सौ अंक तय किये गये हैं, इसमें विभिन्न शोध पत्रों में प्रकाशित शोध पत्र, पेटेंट और कॉपीराइट, पुस्तक प्रकाशन एवं संपादन, प्रोजेक्ट फंडिंग एवं ग्रांट, शोध छात्रों का निर्देशन, एच इंडेक्स एवं साइटेशन, विश्वविद्यालय के प्रशासनिक कार्यों में योगदान, विश्वविद्यालय की एकेडमिक समितियों में कार्य, संस्थान में प्रशासनिक कार्य, अवार्ड एवं अचीवमेंट, एफडीपी, कार्यशाला में प्रतिभाग आदि को चयन का आधार बनाया गया है। आवेदनों का मूल्यांकन स्क्रीनिंग कमेटी करेगी। प्रतिकुलपति प्रो. राजीव कुमार ने विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों को पत्र जारी कर शिक्षकों से आवेदन आमंत्रित किये हैं।

बीटेक में प्रवेश 30 जून तक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध इंजीनियरिंग कॉलेजों के बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए चल रही पंजीकरण प्रक्रिया को 30 जून तक के लिए बढ़ा दिया गया है। पहले पंजीकरण की अंतिम तिथि 22 जून तक थी।

पांच एवं दो विशेष चरणों में होने वाली काउंसलिंग प्रक्रिया के तहत पहले चरण की च्वॉइस फिलिंग और लॉकिंग चार जुलाई से सात जुलाई तक होगी, जबकि सीट अलॉटमेंट नौ जुलाई को किया जाएगा। वहीं सीट कंफर्मेशन एवं फ्रीज एवं सीट फ्लोट नौ जुलाई से 12 जुलाई तक चलेगा। दूसरे चरण में च्वॉइस फिलिंग 13 जुलाई से 14 जुलाई तक होगी। सीट अलॉटमेंट 16 जुलाई को होगा। सीट कंफर्मेशन शुल्क 16 से 18 जुलाई तक जमा होगा। सीट फ्रीज एवं फ्लोट 16 से 18 जुलाई तक होगी। तीसरे चरण में ऑनलाइन च्वॉइस लॉकिंग 19 से 20 जुलाई तक होगी। सीट अलॉटमेंट 22 जुलाई को होगा। सीट कंफर्मेशन शुल्क एवं सीट फ्रीज एवं फ्लोट 22 से 23 जुलाई तक किया जा सकेगा।

चौथे चरण में सीट अलॉटमेंट 24 जुलाई को होगा। सीट कंफर्मेशन शुल्क 24 से 26 जुलाई तक किया जाएगा। ऑनलाइन सीट विड्रा 24 से 29 जुलाई तक करने का मौका मिलेगा। पहले चार चरणों में सीट लॉक करने वालों को 27 से 29 जुलाई तक फिजिकल रिपोर्टिंग करनी होगी। अभी तक करीब 95 हजार अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया है।

एमटेक के अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित

लखनऊ। डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सत्र 2025-26 के सम सेमेस्टर के एमटेक पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष के चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। अभ्यर्थी अपना परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

उत्तर प्रदेश में 5 स्मारक मित्रों का चयन

26 अन्य धरोहर स्थलों के लिए प्रक्रिया शुरू

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार की एडॉप्ट ए हेरिटेज पॉलिसी के अंतर्गत प्रदेश की सांस्कृतिक और पुरातात्विक धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए अब तक पांच स्मारक मित्रों का चयन किया गया है। वहीं, अगले चरण में 26 अन्य संरक्षित स्मारकों और प्राचीन स्थलों के लिए स्मारक मित्र नामित करने की प्रक्रिया जारी है।

यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है और इसी उद्देश्य से निजी एवं सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। मंत्री ने बताया कि वर्तमान में कुसुमवन सरोवर, रसखान की समाधि और पोतराकुंड (मथुरा), लक्ष्मी मंदिर (झांसी) तथा हुलासखेड़ा पुरास्थल (लखनऊ) के लिए स्मारक मित्रों का चयन किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अगले चरण में 26 अन्य संरक्षित स्मारकों एवं पुरास्थलों के लिए एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) आमंत्रित किए जाएंगे। इस योजना के माध्यम से कॉर्पोरेट संस्थान, शैक्षणिक संस्थान, गैर-सरकारी संगठन तथा अन्य इच्छुक संस्थाएं स्मारकों के संरक्षण और पर्यटक सुविधाओं के विकास में योगदान दे सकेंगी। जयवीर सिंह ने कहा कि प्रदेश के सभी संरक्षित स्मारकों और पुरास्थलों पर चरणबद्ध तरीके से स्मारक मित्र नामित किए जाएंगे। इसके लिए इच्छुक संस्थाओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, सामाजिक संगठनों एवं अन्य पात्र हितधारकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरें हमारी सामूहिक चेतना और गौरवशाली इतिहास की प्रतीक हैं। इनके संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना समय की आवश्यकता है। स्मारक मित्रों की सहभागिता से न केवल इन धरोहरों का संरक्षण सुनिश्चित होगा, बल्कि इनके प्रति लोगों में अपनत्व और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित होगी। पर्यटन मंत्री ने बताया कि इस योजना के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन विकास को भी नई गति मिलेगी। स्मारकों पर बुनियादी सुविधाओं का विकास होने से पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिलेगा और स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि स्मारक मित्रों के सहयोग से पर्यटक सुविधाओं का विस्तार, जनजागरूकता अभियान तथा धरोहर संरक्षण के प्रति सकारात्मक सोच विकसित होगी। साथ ही युवा पीढ़ी को प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत के महत्व को समझने का अवसर मिलेगा।

संक्षेप

मारपीट व धमकी को लेकर तीन आरोपियों के खिलाफ केस

प्रतापगढ़। लकड़ी काटने के विवाद को लेकर पीडित के साथ मारपीट की घटना में उदयपुर पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ मारपीट तथा गालीगलौज व धमकी का केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के पूरे गजा वैश्य रहाटीकर निवासी रामगनदीन सिंह की पत्नी मनोज कुमारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि बीती रविवार को दिन में लगभग ग्यारह बजे बाग में जंगली लकड़ी काटने के विवाद को लेकर विपक्षिये ने उसके पुत्र सुमित सिंह को मारपीट कर चुटहिल कर दिया। तहरीर के मुताबिक विपक्षी गांव के अछैवर सिंह पुत्र लाल बहादुर, विजय बहादुर पुत्र अछैवर व निहारिका पत्नी विजय ने उसके पुत्र के साथ गालीगलौज शुरू कर दी। मना करने पर आरोपियो द्वारा लाठी डण्डे से उसकी पिटाई कर दी। बीच बचाव करने को पहुंची पीड़ित की मां को भी आरोपियो ने मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अछैवर समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है। उदयपुर एसओ दीप नारायण का कहना है कि जांच कर आरोपियो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

रंगदारी का आरोप, जांच में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। दिव्यांग को डरा धमकाकर दस हजार रुपए की मांग को लेकर प्रताड़ित करने के आरोप को लेकर पुलिस से शिकायत दर्ज करायी गयी है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के ओरीपुर नौगीर निवासी संतोष विश्वकर्मा पुत्र शिवपाल विश्वकर्मा ने एक आरोपी पर रंगदारी की मांग का आरोप लगाया है। पीडित ने इस बाबत बुधवार को सांगीपुर थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर के मुताबिक आरोपी द्वारा बीते मंगलवार को उसके घर पहुंचकर दस हजार रुपए की जबरिया मांग की गयी। पीड़ित का कहना है कि वह दिव्यांग है और आरोपी द्वारा उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को आघात भी पहुंचाया गया है। सांगीपुर एसओ गौरव त्रिवेदी का कहना है कि तहरीर मिली है, जांच कर सत्यता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

चोरी से काट ले गये तार, कार्रवाई की जगह समझौते का दबाव बना रही पुलिस?

प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली के पूरे नोती निवासी रविभूषण तिवारी पुत्र बालेन्द्र भूषण ने एसपी को शिकायती पत्र देकर उसके दरवाजे के सामने पिलर से तार चोरी किये जाने की घटना में कोतवाली पुलिस द्वारा कार्रवाई न किये जाने की बात कही गयी है। शिकायती पत्र के मुताबिक बीती इक्कीस जून की रात लगभग दो बजे गांव के तीन आरोपियो द्वारा उसके घर के सामने बने पिलर में लगे तार को चोरी से काट लिया गया। सीसी फुटेज के आधार पर पीड़ित ने घटना को लेकर आरोपियो के खिलाफ लालगंज पुलिस को तहरीर सौपी है। एसपी को दिये गये शिकायती पत्र में पीडित ने आरोप लगाया है कि कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई के बजाय उस पर समझौते का दबाव बनाया। तहरीर में बीती चौदह जून को भी आरोपियो द्वारा पीडित की भांजी पर धारदार हथियार से चुटहिल किये जाने के मामले में भी पुलिस द्वारा कार्रवाई न किये जाने का आरोप लगाया गया है। पीडित ने एसपी से पूरे मामले की जांच कराकर कार्रवाई की गुहार की है।

अघोषित विद्युत कटौती से हलाकान हो रहे लोग

प्रतापगढ़। गर्मी से त्राहि त्राहि कर रहे लोग अघोषित विद्युत कटौती से हलाकान है। लोकल फाल्ट के नाम पर लगातार दिन व रात की पाली में घण्टों कटौती का खेल लोगों के लिए सिरदर्द बना है। वहीं चक्रवाती तूफान से गिरे खम्भों को लेकर भी अभी बहुत से प्रभावित क्षेत्रों में आपूर्ति व्यवस्था बहाल नही हो सकी है। लालगंज क्षेत्र में नगरीय एवं ग्रामीण आपूर्ति व्यवस्था के बेपटरी पर होने के कारण व्यापारी तथा छात्र व किसान तथा अन्य वर्गो के लोग हैरान व परेशान हो रहे हैं। रात की पाली हो या दिन की पाली बिजली कब आयेगी और कब जाएगी इसका लोगों में रंच मात्र भरोसा नही रह गया है। लोकल फाल्ट तथा लो बोल्टेज के चलते आपूर्ति व्यवस्था न के बराबर देखी जा रही है। वहीं सरकारी कार्यालयों में भी कामकाज प्रभावित होने से जरूरतमंद भी भटक रहे हैं। उद्योग व्यापार मण्डल के अध्यक्ष उदयशंकर दुबे, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, किसान यूनियन के राव वीरेन्द्र सिंह आदि ने प्रशासन को आगाह किया है कि आपूर्ति व्यवस्था में सुधार न हुआ तो अगले समाधान दिवस पर तहसील मुख्यालय पर अफसरों का घेराव किया जाएगा।

मृत स्वतंत्रता सेनानी मां की ली सात साल पेंशन

सरकारी अभिलेखों में दिखलाता रहाजीवित, आरोपी पुत्र गिरफ्तार

मेरठ। जिले के दौराला थाना क्षेत्र में अपनी दिवंगत मां को जीवित दर्शा कर करीब सात वर्षों तक स्वतंत्रता सेनानी और रक्षा विभाग की पेंशन की राशि निकालने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, शाहपुर जदीद गांव के निवासी प्रेम सिंह ने कुछ अज्ञात सहयोगियों के साथ मिलकर अपनी मां शांति देवी के फर्जी जीवित प्रमाण पत्र तैयार कराए। आरोप है कि शांति देवी की मृत्यु के बाद भी उन्हें सरकारी अभिलेखों में जीवित दर्शाया जाता रहा। जांच में सामने आया है कि शांति देवी के बैंक खाते में आने वाली स्वतंत्रता सेनानी पेंशन तथा रक्षा (डिफेंस) विभाग की पेंशन की रकम एटीएम, यूपीआई और अन्य माध्यमों से लगातार निकाली जाती रही।

पुलिस ने बताया कि इस संबंध में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की सकौती टांडा शाखा के प्रबंधक की शिकायत पर दौराला थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था।

मामले की जांच के दौरान मंगलवार को वांछित आरोपी प्रेम सिंह को उसके गांव शाहपुर जदीद में स्थित उसके आवास से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, इस कथित धोखाधड़ी में शामिल अन्य अज्ञात व्यक्तियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। मामले के सभी पहलुओं की पड़ताल जारी है।

दुष्कर्म के दोषी को 40 साल का कठोर कारावास

बुलंदशहर। जिले की एक अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म की घटना में दोषी पाए गए आरोपी को 40 वर्ष के कठोर कारावास तथा 50 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक भारत सिंह शर्मा ने बुधवार को बताया कि अभियुक्त कल्लू पुत्र हरचंदी, निवासी ग्राम बागपुर, थाना चांद, जनपद पलवल (हरियाणा) ने वर्ष 2024 में बुलंदशहर में जहांगीरपुर क्षेत्र निवासी बालिका के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना में सात दिसंबर 2024 को थाना जहांगीरपुर में मुकदमा लिखा गया जबकि पुलिस ने 23 जनवरी 2025 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया।

ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत इस मामले में प्रभावी एवं सशक्त पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही संपन्न कराई गई। सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाहों के बयान दर्ज कराए गए। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद एडीजे/पॉक्सो-03 न्यायालय, बुलंदशहर की न्यायाधीश श्रीमती शगुन पंवार ने बुधवार को अभियुक्त कल्लू को दोषी करार देते हुए 40 वर्ष के कठोर कारावास तथा 50 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

लखनऊ हादसे पर कांग्रेस ने जताया शोक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। लखनऊ में हुए दर्दनाक अग्निकांड में जान गंवाने वाले लोगों की स्मृति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को सदर चैराहा स्थित इंदिरा गांधी पार्क में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की। इस दौरान कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लखनऊ की घटना बेहद दुखद और पीड़ादायक है। इस हादसे ने कई परिवारों ने अपने प्रियजनों को खो दिया, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति एवं परिजनों को इस कठिन समय में धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की ।कांग्रेस कार्यकताओं ने मोमबत्तियां जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए सार्वजनिक स्थलों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और भीड़भाड़ वाले भवनों में अग्नि सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन कराया जाना चाहिए। उन्होंने अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

वक्ताओं ने कहा कि दुख की इस घड़ी में कांग्रेस पार्टी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। श्रद्धांजलि सभा के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने मौन धारण कर दिवंगतों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल, जिला कंट्रोल रूम प्रभारी इकबाल अहमद खान, जिला उपाध्यक्ष प्रेम वर्मा, जिला प्रवक्ता अमित गुप्ता, मनीष वर्मा, आदेश गुप्ता, राकेश विश्वकर्मा, योगेंद्र बाजपेई, गौरव मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नागरिक मौजूद रहे।

डीएम ने ईवीएम-वीवीपैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस में रखी बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वेयरहाउस की सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी तथा डीवीआर की रिकॉर्डिंग व्यवस्था लगातार सुचारु रूप से संचालित रहे। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस के अंदर गंदगी मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अपने सामने पूरे कक्ष की सफाई कराई, इसके बाद वेयरहाउस को पुनः सील कराया गया। साथ ही परिसर में कीटनाशक दवा का छिड़काव भी कराया गया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी ललित कुमार, तहसीलदार भिनगा जागृति सिंह, उप कृषि निदेशक राम आसरे यादव, विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि तथा निर्वाचन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

हर जरूरतमंद को मिले स्वास्थ्य सेवा का लाभ

डीएम ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के दिए निर्देश

जिला संवाददाता

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की गई और अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार कर जिले की रैंकिंग बेहतर बनाने पर जोर दिया। साथ ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी को जिला अस्पताल का नियमित एवं औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधाएं मिल सकें। बैठक में प्रसव पूर्व जांच (एएनसी), जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम (जेएसएसके) तथा टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने गर्भवती महिलाओं के शत-प्रतिशत टीकाकरण और लंबित भुगतानों को जल्द पूरा कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण नहीं हुआ है, उन्हें चिन्हित कर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। जिलाधिकारी ने ई-कवच पोर्टल पर सभी स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों की शत-प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध रहनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की कमी मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, यूनिसेफ प्रतिनिधि तथा अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

रेलवे फाटक पार करते ही फिसली बाइक, युवक घायल

जसवंतनगर, इटावा। फ्रेंड्स कॉलोनी थाना क्षेत्र के गांव नगला मुकुंदी निवासी 45 वर्षीय राममिलन पुत्र दौजी राम बुधवार को बाइक से नगर की ओर आ रहे थे। बताया गया है कि जैसे ही वह सराय भूपत रेलवे फाटक पार कर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचे, अचानक उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और पलट गई।

हादसे के दौरान मौके पर मौजूद 112 पीआरवी पुलिसकर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए घायल राममिलन को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी पहुंचाया। वहां चिकित्सक डॉ. विकास अग्निहोत्री ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए उन्हें सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। चिकित्सक के अनुसार, हादसे में राममिलन के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं और पैर में फैक्चर की संभावना जताई है।

पुलिस की बड़ी कामयाबीः 162 किलो गांजा बरामद

1 आरोपी गिरफ्तार, नेटवर्क का खुलासा

जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी सीओ सर्किल क्षेत्र के शिवनगर डिडई थाना पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध मादक पदार्थों की तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान 162 किलोग्राम गांजा (अनुमानित कीमत 85 लाख) बरामद करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया, जबकि उसके तीन साथी मौके से फरार हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश पर, थानाध्यक्ष बृजेश सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम राष्ट्रीय राजमार्ग पर बेलगड़ी टोल प्लाजा के पास संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान शौचालय के पास 5 प्लास्टिक के बोरे संदिग्ध अवस्था में पड़े मिले, जिनके पास 4 व्यक्ति मौजूद थे। पुलिस को देखते ही 3 लोग मौके से फरार हो गए, जबकि एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान बोरे से भारी

मात्रा में अवैध गांजा बरामद हुआ जिसका कुल वजनः 162 किलोग्राम गिरफ्तार अभियुक्त की पहचानः श्याम उर्फ श्यामू दीक्षित, निवासी फतेहगढ़ (फरुर्खाबाद) के रूप में हुई है, जिसका आपराधिक इतिहास भी काफी लंबा बताया गया है। इस मामले में तीन आरोपी फरार हैं– पिंटू चौरसिया सूर्य प्रकाश चौरसिया अमन (अज्ञात) इन सभी के नोएडा कनेक्शन की भी जानकारी सामने आई है। पूछताछ में बड़ा खुलासा, पकड़े गए आरोपी ने बताया कि वह गांजा के 28 बंडल लेकर बस के जरिए नोएडा ले जाने की योजना में था, लेकिन पुलिस की सतर्कता से पूरी योजना नाकाम हो गई। थाना शिवनगर डिडई में आरोपी और फरार साथियों के खिलाफ एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इस सफल कार्रवाई में थाना शिवनगर डिडई पुलिस टीम की अहम भूमिका रही, जिसमें थानाध्यक्ष बृजेश सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। यह कार्रवाई जिले में मादक पदार्थों की तस्करी पर पुलिस की सख्ती और सक्रिय निगरानी का बड़ा उदाहरण मानी जा रही है।

रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड आयोजित

मोहर्रम के मद्देनजर मॉक ड्रिल

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड का आयोजन किया गया। परेड का निरीक्षण क्षेत्राधिकारी लाइन आलोक कुमार सिंह ने किया। इस दौरान परेड में शामिल पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया गया। सभी पुलिसकर्मियों से सामूहिक दौड़ कराई गई तथा अनुशासन और एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल अभ्यास कराया गया। क्षेत्राधिकारी ने पुलिस कर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा, समर्पण और अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विभिन्न रजिस्टरों का निरीक्षण भी किया और ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों को समयबद्ध एवं जिम्मेदारीपूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। आगामी मोहर्रम पर्व को देखते हुए परेड के दौरान दंगा नियंत्रण उपकरणों के प्रभावी उपयोग का मॉक ड्रिल भी कराया गया। पुलिस बल को हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर, शील्ड, लाठी, टियर गैस गन तथा अन्य सुरक्षा उपकरणों के सही उपयोग और रखरखाव की जानकारी दी गई। इसके साथ ही भीड़ नियंत्रण, संवेदनशील परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा आपात स्थिति में समन्वित कार्रवाई करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया, ताकि किसी भी चुनौतीपूर्ण स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

बांसी तहसील में राष्ट्रीय बजरंग दल का प्रदर्शन

बांसी, सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय बजरंग दल के स्थापना दिवस के अवसर पर बुधवार को संगठन के जिला अध्यक्ष अंगद वर्मा के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और युवा बांसी तहसील पहुंचे। यहां 14 गौरक्षकों को सुनाई गई आजीवन कारावास की सजा के विरोध में प्रदर्शन किया गया। कार्यकताओं ने तहसील परिसर तक मार्च निकालकर नारेबाजी की और उपजिलाधिकारी के माध्यम से गृह मंत्री भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मामले की मानवीय और संवैधानिक आधार पर पुनर्विचार तथा निष्पक्ष समीक्षा की मांग की गई। जिला अध्यक्ष अंगद वर्मा ने कहा कि गौसेवा और गौरक्षा भारतीय संस्कृति एवं परंपरा का हिस्सा है, इसलिए संबंधित प्रकरण में न्यायपूर्ण और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर बांसी कस्बे सहित क्षेत्र की विभिन्न ग्राम सभाओं से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं युवा शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में संगठन पदाधिकारियों ने सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

भरत भूषण इनकाउंटर में दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सौंपा गया ज्ञापन

प्रतापगढ़। बिहार प्रदेश के भोजपुर बिलौटी गांव में इनकाउंटर में मारे गये भरत भूषण तिवारी के परिजनो को न्याय दिलाने के लिए अखिल भारतीय ब्राम्हण परिवार संगठन ने बुधवार को यहां विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियो ने नारेबाजी के साथ तहसील पहुंचकर एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। संगठन के राष्ट्रीय संयोजक रमाकांत मिश्र मधुबनी व राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय शुक्ल समाजसेवी की अगुवाई में राष्ट्रपति को भेजे गये ज्ञापन में भरत भूषण के इनकाउंटर के मामले में आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई गयी है। वहीं संगठन ने पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने पर जोर दिया है। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा ने ज्ञापन को राष्ट्रपति कार्यालय भेजवाये जाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी, विधिक सलाहकार आलोक मिश्र, मण्डन मिश्र, अवधेश शुक्ल, देवेन्द्रमणि त्रिपाठी, अनिल पाण्डेय, ललित त्रिपाठी, राहुल तिवारी, अभय कुमार पाण्डेय, अनूप त्रिपाठी, अतुल मिश्र, संकटा प्रसाद मिश्र, हृदय मिश्र, आलोक शुक्ला, संजय पाण्डेय, राजकुमार द्विवेदी, केके शुक्ला, संतोष पाण्डेय, शैलेन्द्र तिवारी, राज त्रिपाठी, सोनू तिवारी आदि रहे।

3 से 5 जुलाई तक लखनऊ में आयोजित होगा आम महोत्सव

श्रावस्ती। जिला उद्यान अधिकारी संतोष कुमार दूबे ने बताया कि उद्यान विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा आगामी 3 जुलाई से 5 जुलाई 2026 तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर, लखनऊ में आम महोत्सव-2026 का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव का उद्घाटन 3 जुलाई को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा किए जाने का प्रस्ताव है। उन्होंने बताया कि महोत्सव में आम की विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन किया जाएगा तथा विषय विशेषज्ञों द्वारा आम उत्पादन की उन्नत तकनीकों, बागवानी प्रबंधन और आधुनिक खेती से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां किसानों को दी जाएंगी। इसके अलावा आम उत्पादकों को अपने उत्पादों के प्रदर्शन का अवसर भी मिलेगा। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले किसानों को 2 जुलाई 2026 को प्रातः 10 बजे तक आयोजन स्थल पर पहुंचना होगा। इसी दिन विशेषज्ञ समिति द्वारा प्रदर्शित आमों का मूल्यांकन किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आम उत्पादक किसानों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने जनपद के सभी आम उत्पादक किसानों से अधिक से अधिक संख्या में आम महोत्सव में प्रतिभाग करने और आम उत्पादन से जुड़ी नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्राप्त करने की अपील की है। अधिक जानकारी के लिए किसान योजना प्रभारी मंजीत सिंह से मोबाइल नंबर 7388046768 पर अथवा कार्यालय अवधि में जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, श्रावस्ती में संपर्क कर सकते हैं।

सड़क हादसे में स्कूटी सवार किशोरी की मौत

डुमरियागंज -सिद्धार्थनगर ।जनपद के डुमरियागंज थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरियागंजझइटवा मार्ग स्थित शिवम गेस्ट हाउस के सामने एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें स्कूटी सवार किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, बस्ती जनपद के सोनहा थाना क्षेत्र के बनरही गांव निवासी साधना अपने भाई गोरखनाथ के साथ स्कूटी से जा रही थी। इसी दौरान स्कूटी से गिरने के बाद वह पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह शाहपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने आई थी। घटना की सूचना पाकर खनन फानन में पहुंचे डुमरियागंज थाना प्रभारी निरीक्षक मय टीम पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया की पुलिस जब कि प्र 0नि0 डुमरियागंज ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि ट्रक और ड्राइवर दोनों को हिरासत में लेते हुए मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी गई है ।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, न्यायालय भेजा गया

इंटवा -सिद्धार्थनगर ।जनपद के थाना प्र 0नि0 संजय कु0 मिश्रा के नेतृत्व में थाना इटवा पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार मु0अ0सं0-124/2026 धारा 65(2)/74/75(1) बीएनएस व 5/6/9एम/10 पॉक्सो एक्ट में वांछित अभियुक्त हनीफ उर्फ जल्ले पुत्र हकीकुल्लाह निवासी चौबेपुर थाना इटवा को पुलिस टीम ने 24.06.2026 को गिरफ्तार किया। अभियुक्त की गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देश एवं क्षेत्राधिकारी इटवा के पर्यवेक्षण में की गई। आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद उसे न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 चन्द्रशेखर पाण्डेय एवं आरक्षी अमित वर्मा शामिल रहे।

एसएसपी डॉ0 अभिषेक महाजन ने की जनसुनवाई

सिद्धार्थनगर। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन/जनसुनवाई के दौरान फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना। जनसुनवाई में कुल 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें 02 भूमि विवाद, 04 मारपीट तथा 11 अन्य मामलों से संबंधित थे। एसएसपी ने सभी शिकायतों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

गुमशुदा व्यक्ति सकुशल बरामद, परिजनों को सुपुर्द

बांसी सिद्धार्थनगर ।जनपद के जोगिया उदयपुर थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में थाना जोगिया उदयपुर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम कहरौली (गोरखपुर) निवासी रामदेव प्रसाद साहनी, जो मानसिक रूप से अस्वस्थ थे, को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार वह 24.06.2026 को अपने समधी के घर से बिना बताए निकल गए थे, जिसके बाद परिजनों द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस टीम ने खोजबीन कर उन्हें सुरक्षित बरामद किया। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अभय सिंह, उ0नि0 अवधेश यादव एवं हे0का0 जितेन्द्र सिंह शामिल रहे। परिजनों ने पुलिस की सराहना की।

संक्षेप

इंस्टाग्राम पर फोटो की बात को लेकर युवक को मनबढ़ों ने पीटा

सरहरी,गोरखपुर। चिलुआताल थाना अन्तर्गत मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा भंडारो अंडरपास के पास घर से नगर निगम ड्यूटी जा रहे युवक को इंस्टाग्राम पर फोटो को लेकर कुछ युवकों ने मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। मौके पर पहुंचे राहगीरों को देखकर मनबढ युवक मौके से फरार हो गये सूचना पर पुलिस जांच पडताल कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा तारंग चक निवासी सत्यानंद कुमार पुत्र बलिकरन ने पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि मै 24 जून की सुबह अपने घर से काम करने नगर निगम गोरखपुर जा रहा था अभी भंडारो के अंडर पास के पास पहुंच ही था कि इंस्टाग्राम के फोटो की बात को लेकर बंजरहा गांव निवासी आकाश गाली देते हुए रोक लिया उसने विरोध किया तो वह तीन अन्य लड़कों को बुलाकर बुरी तरह पीट दिया। उधर से गुजर रहे लोगों ने किसी तरह मुझे बचाया पिड़ित के लिखित तहरीर के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 126(2)/115(2)/352/351(3) के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही कर रही है।

लखनऊ अग्निकांड के बाद गोरखपुर में सख्ती

कोचिंग संस्थानों पर चला जांच अभियान -एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार की सक्रियता से मचा हड़कंप

गोरखपुर। लखनऊ में हुए भीषण अग्निकांड के बाद गोरखपुर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और एक्शन मोड में नजर आ रहा है। लगातार दूसरे दिन भी शहर के विभिन्न कोचिंग संस्थानों में व्यापक जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान का नेतृत्व एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार ने किया, जिनकी सक्रियता और सख्ती से कोचिंग संचालकों में हड़कंप मच गया है। अग्निशमन विभाग की संयुक्त टीम के साथ किए गए इस निरीक्षण में कई चौंकाने वाली खामियां उजागर हुईं।

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि अधिकांश कोचिंग संस्थान अग्नि सुरक्षा मानकों की खुली अनदेखी कर रहे हैं। कई जगहों पर इमरजेंसी एग्जिट की व्यवस्था नहीं मिली, जबकि अग्निशमन यंत्र या तो अनुपस्थित थे या उनकी स्थिति बेहद खराब पाई गई। संकरे कमरों में सैकड़ों बच्चों को बैठाकर पढ़ाने का खेल खुलेआम चल रहा है, जिससे किसी भी आपात स्थिति में बड़ा हादसा हो सकता है।

एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार ने मौके पर ही सख्त रुख अपनाते हुए संबंधित संचालकों को फटकार लगाई और स्पष्ट निर्देश दिए कि सुरक्षा मानकों से कोई समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छात्रों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें लापरवाही करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई तय है। जिन संस्थानों में कमियां पाई गई हैं, उन्हें नोटिस जारी कर जल्द से जल्द सुधार के निर्देश दिए गए हैं। एडीएम सिटी की इस कार्रवाई को शहर में सराहा जा रहा है। उनकी सक्रिय निगरानी और दृढ़ नेतृत्व के चलते वर्षों से बिना मानक के चल रहे तथाकथित ₹शिक्षा माफिया₹ अब प्रशासन के शिकंजे में आते नजर आ रहे हैं। ये वही कोचिंग सेंटर हैं, जो छात्रों के भविष्य के नाम पर लाखों रुपये वसूलते हैं, लेकिन बुनियादी सुरक्षा तक मुहैया नहीं कराते।

स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने भी प्रशासन की इस पहल का स्वागत किया है। उनका कहना है कि लंबे समय से इन कोचिंग संस्थानों की मनमानी चल रही थी, लेकिन अब एडीएम सिटी के सख्त रुख से उम्मीद जगी है कि बच्चों की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वालों पर लगाम लगेगी। एडीएम सिटी गजेंद्र कुमार ने मीडिया से बातचीत में स्पष्ट कहा कि यह अभियान सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि एक निरंतर प्रक्रिया है। शहर के हर कोचिंग संस्थान की जांच की जाएगी और जो भी मानकों का पालन नहीं करेगा, उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी, जिसमें सीलिंग तक की कार्रवाई शामिल हो सकती है। प्रशासन ने यह भी संकेत दिया है कि आने वाले दिनों में जांच और तेज की जाएगी तथा अन्य भीड़भाड़ वाले संस्थानों को भी इसके दायरे में लाया जाएगा। इस सख्ती से यह साफ हो गया है कि अब गोरखपुर में नियमों की अनदेखी कर कारोबार चलाना आसान नहीं होगा।

पूर्व ब्लॉक प्रमुख ने फीता काटकर किया अन्नपूर्णा भवन का उद्घाटन

चौरीचौरा, गोरखपुर। तहसील क्षेत्र के माड़ापार गांव में लाखों रुपये की लागत से निर्मित अन्नपूर्णा भवन के उद्घाटन समारोह का आयोजन बुधवार को किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख आनंद शाही ने फीता काटकर उक्त भवन का उद्घाटन किया। आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री शाही ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार गांवों के विकास और गरीबों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उक्त अवसर पर माड़ापार के प्रधान प्रतिनिधि अशोक शाही, ग्राम प्रधान सुशीला शाही, सप्लाई इंस्पेक्टर राकेश यादव, संतोष पांडेय, कोटेदार बबलू पासवान, कमलेश सिंह, प्रेम पासवान, विनय पासवान तथा पन्नेलाल जायसवाल सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

राम मंदिर में चुराए गए रामधन के दोषियों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हो : कांग्रेस

इटावा। अयोध्या के राम मंदिर में भक्तों द्वारा दिए जाने वाले दान, चढ़ावा आदि करोड़ो की धनराशि एवं मूल्यवान आभूषणों की चोरी होने के बाद अभी तक दोषियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई न होने से क्रोधित कांग्रेस जनों द्वारा प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश एवं जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित व मोहम्मद राशिद के संयुक्त नेतृत्व में महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि भारतीय जनता पार्टी जिस तरह से भगवान श्री राम के नाम पर राजनीति करती आई है वह मात्र एक दिखावा है। धर्म की रक्षा करने वाले लोग हैं उसके उसके बाद भी उनके ही मंदिर से उनके ही ऊपर चढ़ाए गए दान, चढ़ावा उनका ही रामधन चोरी होने से आम जनमानस की आस्था को गहरी चोट पहुंची है क्योंकि यह चोरी कोई आम चोरी नहीं है करोड़ों रुपए का रामधन श्री राम के मंदिर से ही चोरी हो जाता हैय और दोषियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही भी नहीं होती इससे साफ जाहिर होता है कि भारतीय जनता पार्टी राम के नाम पर राजनीति कर रही है। जबकि वास्तव में उसे श्री राम जी से कुछ लेना देना ही नहीं है। इसलिए जिला कांग्रेस कमेटी यह मांग करती है कि उक्त प्रकरण में दोषियों के विरुद्ध शीघ्रअतिशीघ्र एफआईआर दर्ज हो। अन्यथा कांग्रेस पार्टी जन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। आखिर क्यों दोषी व्यक्तियों को अभी तक खुला छोड़ा हुआ है? उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उन्हें जेल में डाला जाना चाहिए। उन्होंने भगवान राम के नाम पर देश के आम जनमानस की आस्था और भावनाओं के साथ बहुत बड़ा छल किया है। ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, कोमल सिंह कुशवाहा, प्रमोद शंखवार, अरुण यादव, रणवीर सिंह यादव, रीना यादव, मोहित कुमार, इंद्रेश यादव, गजेंद्र चैधरी, विशाल बाबू, रोहन शाक्य, आसाराम कठेरिया प्रदीप द्विवेदी एवं सिद्धनाथ यादव आदि रहे।

फर्जी निवेश योजना के नाम पर ठगी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

रीयल एस्टेट कारोबारी बनकर 11.66 लाख हड़पे

गोरखपुर। जनपद में धोखाधड़ी के मामलों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पीपीगंज थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने फर्जी निवेश योजना के नाम पर लोगों से लाखों रुपये की ठगी करने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, थाना पीपीगंज पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 407/25 धारा 406, 420, 504, 506 भादवि तथा मुकदमा अपराध संख्या 430/25 धारा 420, 504, 506 भादवि से संबंधित अभियुक्त अभिषेक श्रीवास्तव को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी टीचर कॉलोनी थाना पीपीगंज जनपद गोरखपुर का निवासी है।

घटना के संबंध में बताया गया कि अभियुक्त और उसके साथियों ने वादी को सुनियोजित तरीके से झांसे में लेकर फर्जी निवेश योजना में पैसा लगाने के लिए प्रेरित किया। आरोपी ने खुद को एक विश्वसनीय रीयल एस्टेट कारोबारी बताते हुए उच्च रिटर्न का लालच दिया। उसने वादा किया कि निवेश करने पर 15 से 20 प्रतिशत तक मुनाफा मिलेगा और साथ ही 2000 वर्ग फीट जमीन वादी के नाम रजिस्ट्री की जाएगी। झांसे में आकर वादी ने नगद और ऑनलाइन माध्यम से करीब 11,66,000 रुपये छह माह की किस्तों में जमा कर दिए। लेकिन न तो उसे किसी प्रकार का रिटर्न मिला और न ही जमीन की रजिस्ट्री कराई गई। जब वादी ने अपना पैसा वापस मांगा तो अभियुक्त और उसके साथियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। जांच में यह भी सामने आया कि अभियुक्त स्वयं को सीईओ बताकर लोगों को गुमराह करता था। वह दूसरों की जमीन को अपनी बताकर निवेश के नाम पर पैसा हड़प लेता था। इसी तरह उसने कई लोगों को अपना शिकार बनाया।

पुलिस ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की गई थी। साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके अन्य साथियों की तलाश जारी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आमजन को ऐसे फर्जी निवेश योजनाओं से सतर्क रहने की आवश्यकता है। किसी भी योजना में पैसा लगाने से पहले उसकी पूरी जांच-पड़ताल अवश्य कर लें। वहीं पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि इस तरह के अपराधों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी

कम्यूनिटी पुलिसिंग : पुलिस ने बढ़ाया मदद का हाथ

वृद्ध और दिव्यांगजनों से मिलकर सुनी समस्याएं

गोरखपुर। जनपद में अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन द्वारा चलाए जा रहे कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (उढव) अभियान के तहत पुलिस द्वारा समाज के कमजोर वर्गों तक पहुंचकर उनकी मदद करने का सराहनीय प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में बुधवार को जनपद के विभिन्न थानों की कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट टीमों ने अपने-अपने थाना क्षेत्रों के गांवों और मोहल्लों में भ्रमण कर वृद्ध एवं दिव्यांगजनों से मुलाकात की। इस दौरान पुलिस टीमों ने घर-घर पहुंचकर बुजुर्गों और दिव्यांग व्यक्तियों का कुशलक्षेम जाना और उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई स्थानों पर लोगों ने अपनी दैनिक जीवन से जुड़ी परेशानियों को साझा किया, जिस पर पुलिसकर्मियों ने तत्काल आवश्यक मार्गदर्शन देते हुए हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। अभियान के दौरान पुलिसकर्मियों ने उपस्थित लोगों को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी दी। इसमें वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएं, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं तथा अन्य सहायता कार्यक्रमों के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए आवश्यक प्रक्रियाओं की भी जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने विशेष रूप से यह संदेश दिया कि किसी भी प्रकार की समस्या, उत्पीड़न या आपात स्थिति में वे बिना संकोच पुलिस से संपर्क करें। इसके लिए हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई और भरोसा दिलाया गया कि पुलिस हर समय उनकी सहायता के लिए तत्पर है।

इस पहल से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रहने वाले बुजुर्गों और दिव्यांगजनों में सुरक्षा की भावना मजबूत हुई है। लोगों ने पुलिस की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में विश्वास और सहयोग की भावना को बढ़ाते हैं।

कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट का यह अभियान न केवल कानून-व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज के जरूरतमंद वर्गों तक पुलिस की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी को भी दशार्ता है। पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे प्रयास आगे भी निरंतर जारी रखने की बात कही गई है।

एसएसपी ने पैदल यात्रा कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

इटावा। पर्यावरण छात्र संसद और पुलिस ने पैदल यात्रा कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश। पर्यावरण छात्र संसद द्वारा पर्यावरण को संरक्षित करने के लिय सभी अधिकारियों को कम से कम एक दिन अपने आवास से कार्यालय तक पैदल चलने के लिय किया जाता है प्रेरित पर्यावरण को संरक्षित करने का सन्देश देने के उद्देश्य से पुलिस अधिकारियों ने बड़ी संख्या में पुलिस बल के साथ और पर्यावरण छात्र संसद ने सयुक्त रूप से पद यात्रा कर पर्यावरण को बचाने का संदेश पर्यावरण छात्र संसद के संयोजक कैलाश यादव ने बताया कि प्रत्येक वर्ष छात्रों द्वारा पर्यावरण संसद का आयोजन कर पर्यावरण संरक्षण के कई प्रस्ताव पास किए जाते है और साल भर उन पर अमल किया जाता है एसएसपी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन और बढ़ते प्रदूषण की चिंताओं को देखते हुए पर्यावरण छात्र संसद ने सराहनीय पहल की है जिसमें एक दिन सभी अधिकारियों को अपने आवास से कार्यालय तक पैदल चल आने के लिय प्रेरित किया जाता है, उन्होंने कहा कि ये अभिनव प्रयोग है और इटावा पुलिस इसका समर्थन करती है। इस दौरान एसपी सिटी अभयनाथ त्रिपाठी, एसपी ग्रामीण श्रीशचंद, एसपी क्राइम, सीओ सिटी अवनीश कुमार, सीओ ट्रैफिक रामगोपाल, सीओ जसवंतनगर आयुषी सिंह, सीओ सुधीर कुमार, सहविद्यालय निरीक्षक मुकेश यादव, माधवेंद्र शर्मा, निर्मल सिंह, रवींद्र चैहान समेत पर्यावरण छात्र संसद से जुड़े अन्य कई लोग शामिल रहे।

गवाह सुरक्षा योजना पर विधि छात्रों को दिया गया प्रशिक्षण

इटावा। जिला न्यायालय के जिला जज रजत सिंह जैन के निर्देशन एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव श्रीमती आरती द्विवेदी के नेतृत्व में संचालित इंटर्नशिप कार्यक्रम के तहत बुधवार को विधि छात्र-छात्राओं को न्यायिक एवं विधिक गवाह सुरक्षा योजना के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को सात बैचों में विभाजित कर इंजंक्शन, रिमांड, जमानत प्रार्थना पत्र, वन स्टॉप सेंटर, शेल्टर होम, लीगल एड डिफेंस काउंसिल तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें पुलिस थानों में भेजकर वहां की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया गया। इस अवसर पर ग्राम न्यायालय सैफई के न्यायाधीश कपिल कुमार ने प्रशिक्षु छात्रों को गवाहों की सुरक्षा से संबंधित विभिन्न प्रावधानों की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया। कार्यक्रम का उद्देश्य भावी अधिवक्ताओं एवं विधि छात्र-छात्राओं को न्यायिक व्यवस्था की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना तथा उन्हें कानून के विभिन्न पहलुओं से परिचित कराना रहा। इस दौरान अधिकार मित्र रामसुंदर दुबे, ऋषभ पाठक, बृजेश, कु. नीरजा, अक्षरा, सूर्यकांत,राजेंद्र, लालमन मिडिएशन सेंटर से सुषमा गुप्ता सहित विधि छात्र प्रशांत यादव, इंदु यादव, दिव्या समेत अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

जिला जेल का आकस्मिक निरीक्षण

भदोही। जिला जेल का निरीक्षण बुधवार को जनपद न्यायाधीश एवं डीएम ने संयुक्त रूप से किया। अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने बताया कि जनपद न्यायाधीश अखिलेश दूबे, जिलाधिकारी शैलेष कुमार द्वारा बुधवार को जिला कारागार ज्ञानपुर का आकस्मिक संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया।

सूचना

आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की तरफ से सर्वसाधारण को सूचित करना है कि अज़ीज़ खान ,अपने " प्लॉट नंबर 24 और 25 का हिस्सा के मालिक हैं, जो खसरा नंबर 385 का हिस्सा है, रकबा 1800 वर्ग फुट स्थित ग्राम कुशल गंज, परगना-काकोरी और तहसील-सरोजिनी नगर और जिला लखनऊ में है" और अज़ीज़ खान अपनी उक्त सम्पत्ति को दीप्ति श्रीवास्तव पत्नी अक्षय श्रीवास्तव को विक्रय कर रहे है और वे आधार हाउसिंग फाइनेंस लि०, स्थित- हॉल नंबर 3, तीसरी मंज़िल, प्लॉट नंबर CP-3,गुरुकृपा,सेक्टर-ई,सीतापुर रोड योजना लखनऊ में उक्त सम्पत्ति को बन्धक कर ऋण ले रहे है। यदि उक्त खसरे के सह-खातेदार या अन्य किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त सम्पत्ति के विक्रय अथवा बन्धक के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 7 दिनों के अन्दर आपत्ति करने का कष्ट करें, उपरोक्त समयवधि के बाद किसी प्रकार का कोई दावा विचार योग्य नहीं माना जायेगा। आपत्ति हेतु संपर्क करें द्वारा अधिवक्ता दिव्य कुमार श्रीवास्तव,आधार हाउसिंग फाइनेन्स लि०, मो0- 7355544102, 9559667676

Notice

सूचित करना है कि मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स संख्या UP3219940006520 मे मेरे पिता का नाम KRISHNA KUMAR दर्ज है। जोकि गलत है। सही नाम KANISHK KUMAR है। **अपूर्व कुमार पुत्र कनिष्क कुमार निवासी-17, कबीर मार्ग, क्लय स्कैर, उदयगंज, लखनऊ।**

मानवता की मिसाल बने पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह

पीड़ित परिवार को दी आर्थिक सहायता

पाटन, उन्नाव। विधानसभा क्षेत्र भगवंतनगर के सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत मालमऊ के मजरा घुरुवा खेड़ा (पोस्ट वसैना) निवासी संतोष कुमार पासवान (40) का लगभग पखवाड़े भर पूर्व असमय निधन हो गया था। परिवार के मुखिया के निधन के बाद उनकी पत्नी अनीता (38) एवं तीन बच्चों आदित्य (16), कविता (12) और तुलसी (7) के सामने जीविकोपार्जन का गंभीर संकट खड़ा हो गया था। परिवार की दयनीय स्थिति की जानकारी क्षेत्रीय युवा सामाजिक कार्यकर्ता योगेश उर्फ सोनू ने पुष्प फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह को दी। सूचना मिलते ही उन्होंने मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए अपने बड़े भाई मानवेन्द्र सिंह को पीड़ित परिवार की सहायता के लिए उनके घर भेजा। मौके पर पहुंचे मानवेन्द्र सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह की ओर से दिवंगत की पत्नी अनीता को आर्थिक सहायता प्रदान की। इस दौरान भावुक माहौल के बीच उन्होंने आश्वासन दिया कि बच्चों की शिक्षा में किसी भी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और उच्च शिक्षा तक आवश्यक सहयोग परिवार को मिलता रहेगा। इस अवसर पर योगेश उर्फ सोनू, रवी यादव, प्रखर सिंह, रामजी यादव, अमन सिंह, मनीष, सरदार, शिवप्रसाद, छेदीलाल, पृथ्वीपाल, कुंवारे, रीपू, दीपू, रामनाथ, शिवपाल, नन्हेलाल, प्रदीप, अमित, सर्वेश उर्फ रिंकू, कैलाश, रामसिंह, भगवानचरन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

टीबी मुक्त गांव की ओर बढ़ रहे कदम, मॉडल पंचायतों का अधिकारियों ने निरीक्षण किया

पुरवा, उन्नाव। टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विकासखंड पुरवा की मॉडल ग्राम पंचायतों मुरैता नवीन एवं छूलामऊ का अधिकारियों की टीम ने निरीक्षण किया। इस दौरान टीम ने गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों से टीबी बीमारी के प्रति जागरूकता, रोकथाम और उपचार संबंधी जानकारी साझा की तथा जागरूकता के लिए कराई गई वॉल राइटिंग का भी अवलोकन किया। निरीक्षण सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राकेश सिंह, ग्राम विकास अधिकारी आकाश वर्मा, ग्राम विकास अधिकारी चंद्रजीत तथा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सुनील कुमार द्वारा किया गया। अधिकारियों ने टीबी चैंपियन राजेश कुमार एवं महेश कुमार से गांव में चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों की जानकारी ली और पंचायत को टीबी मुक्त बनाने के लिए उनके प्रयासों की सराहना की। इस दौरान टीम ने टीबी से पीड़ित नए मरीज मुकेश से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए उन्हें पोषण पोटली प्रदान की। सहायक विकास अधिकारी राकेश सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग और वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स द्वारा लगातार प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं, जिनके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। निरीक्षण के दौरान इंपैक्ट इंडिया प्रोजेक्ट वर्ल्ड हेल्थ पार्टनर्स के सामुदायिक समन्वयक संतोष कुमार सक्सेना, टीबी चैंपियन राजेश कुमार, महेश कुमार, ग्राम प्रधान संदीप कुमार, पंचायत सहायक कोमल देवी, अजीत चौधरी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

अमिया तोड़ते समय गिरा अधेड़, घायल

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के गांव खेड़ा बुजुर्ग निवासी 48 वर्षीय दिवारी लाल पुत्र झम्मन लाल अपने खेतों पर खड़े आम के पेड़ से अमिया तोड़ते समय हादसे का शिकार हो गए। पेड़ की टहनी पर चढ़कर अमिया तोड़ रहे दिवारी लाल का अचानक पैर फिसल गया, जिससे वह नीचे जमीन पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी जसवंतनगर लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने उनका प्राथमिक उपचार किया। जांच के दौरान कमर, पैर और हाथ में फ्रैक्चर की आशंका जताई गई। हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में खराब प्रगति पर डीएम सख्त, सुधार के दिए निर्देश

उन्नाव। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में ऑनलाइन सीएम डैशबोर्ड, आईजीआरएस, राजस्व न्यायालयों में लंबित वादों तथा फैमिली आईडी समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कई विभागों की खराब प्रगति पर नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल सुधार के निर्देश दिए। बैठक में खनन, आबकारी, उपायुक्त उद्योग तथा प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना की सीएम डैशबोर्ड पर खराब प्रगति पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने और रैंकिंग सुधारने के निर्देश दिए। आईजीआरएस की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों से शिकायतों के निस्तारण की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता और शिकायतकर्ता की संतुष्टि दोनों सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने असंतुष्टि स्तर बढ़ने पर चिंता व्यक्त करते हुए शिकायतों का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने धारा 34, 24, 116 एवं 38 से संबंधित लंबित राजस्व वादों की तहसीलवार समीक्षा की और अभियान चलाकर सभी लंबित मामलों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। फैमिली आईडी की समीक्षा के दौरान वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा मुख्यमंत्री आवास योजना में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने खराब प्रदर्शन करने वाले खंड विकास अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि किसी भी स्थिति में जनपद की रैंकिंग में गिरावट स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर योजनाओं की प्रगति सुनिश्चित करें, अन्यथा कठोर कार्रवाई की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) सुशील कुमार गोंड, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) अमिताभ यादव, उपजिलाधिकारी रामदेव निषाद, उन्नाव-शुक्लागंज विकास प्राधिकरण के सचिव शुभम यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

सड़क किनारे मिला एक अधेड़ का शव

सीतापुर। कोतवाली देहात क्षेत्र के नैपालापुर इलाके में बुधवार सुबह तड़के करीब 7 बजे सड़क किनारे एक व्यक्ति के अचेत अवस्था में पड़े मिलने से हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की टीम ने उसे तत्काल उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। पुलिस की जांच और पहचान के प्रयासों के बाद मृतक की शिनाख्त मोहम्मद अली पुत्र अली मोहम्मद निवासी जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि मोहम्मद अली सीतापुर में रहकर दरी और तकिया बेचने की फेरी का काम करता था। वह लंबे समय से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूमकर अपना व्यवसाय कर रहा था। जानकारी के अनुसार नैपालापुर स्थित सड़क किनारे एक व्यक्ति काफी देर से पड़ा हुआ था। राहगीरों की नजर उस पर पड़ी तो उन्होंने मामले की सूचना 108 एंबुलेंस सेवा को दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस टीम ने व्यक्ति को उठाकर जिला अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल में डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की सूचना मिलते ही पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी। खबर मिलते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। परिजन सीतापुर के लिए रवाना हो गए हैं।

उत्तर रेलवे

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता/सा0, मंडल रेल प्रबंधक, हज़रतगंज, लखनऊ द्वारा निर्धारित प्रारूप पर निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.	ई–निविदा सूचना सं०	1218– वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक– 23.06.2026
2.	कार्य का नाम	लखनऊ मंडल के अंतर्गत नॉन–इंटरलॉक लेवल क्रॉसिंग गेटों (TVU 10,000 और 20,000 के बीच) पर गेट सिग्नलिंग के लिए रिले हट की व्यवस्था के संबंध में विधुत कार्य।
3.	अनुमानित लागत	रु. 80,47,880.73 (अस्सी लाख सैंतालीस हजार आठ सौ अस्सी रूपये एवं तिहत्तर पैसे मात्र)
4.	ई–निविदा की कीमत	शून्य
5.	बयाना राशि	रु. 1,61,000/- (एक लाख इकसठ हजार रूपये मात्र)
6.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	09 माह
7.	ई–निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि व् समय तथा खोलने की तिथि	दिनांक 17.07.2026 को 15:00 बजे तक तथा खुलने का समय उसी दिन 15:00 बजे के बाद वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता/सा0, उत्तर रेलवे, हज़रतगंज, लखनऊ के कार्यालय में।
8.	प्रस्ताव की वैधता	ई–निविदा खुलने की तिथि से 60 दिन।
9.	उत्तर रेलवे की वेबसाइट	अतिरिक्त सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर चेक की जा सकती है।

सूचना सं०–1218–वरिष्ठ मंडल विधुत अभियंता–उत्तर रेलवे–लखनऊ दिनांक 23.06.2026 2176/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

संक्षेप

नाबालिग के अपहरण का आरोपी गिरफ्तार

धौरहरा खीरी। कोतवाली क्षेत्र से नाबालिग किशोरी के अपहरण के मामले में वांछित आरोपी सोनू को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी बाहर भागने की फिराक में थी। सीओ धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह के अनुसार ग्राम पंचायत रामनगर लहबड़ी के मजरा चमारनपुरवा निवासी सोनू पुत्र ब्रजमोहन के खिलाफ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी को ले जाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज थी। मंगलवार रात प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रुद्र प्रकाश पांडेय और कांस्टेबल विनोद की टीम ने सिसैया-ढखेरवा हाईवे स्थित रामनगर लहबड़ी मोड़ के पास घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, आरोपी क्षेत्र छोड़कर फरार होने की तैयारी में था जिसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जिला जेल भेज दिया गया।

अधिक मूल्य पर यूरिया खाद बेचने का आरोप

मोहम्मदी खीरी। गांव मझिगवां निवासी फुटकर उर्वरक/कीटनाशक विक्रेता ने थोक विक्रेता पर अधिक मूल्य पर यूरिया खाद बेचने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई जांच के दौरान मामला सही पाए जाने पर जिला कृषि अधिकारी ने खाद बिक्री पर रोक लगाई है। यादव ट्रेडर्स ने जिला कृषि अधिकारी सूर्य प्रताप सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया उसे गोला प्रकाश मार्केटिंग एजेंसी द्वारा यूरिया खाद खरीद कर भुगतान करने पर अधिक मूल्य वसूला गया है जिसकी शिकायत करने पर उसने धमकी दी जिससे क्षुब्ध होकर फुटकर विक्रेता ने मामले की जिला कृषि अधिकारी को शिकायत दी थी जिस पर कार्रवाई करते हुए थोक विक्रेता पर खाद बिक्री की रोक लगाई गई है। घटना से अन्य थोक विक्रेता में हड़कंप मच गया है।

केंद्र पर भंडारे का आयोजन

सीतापुर। राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा संचालित विधि परामर्श केंद्र की अध्यक्ष रेखा द्विवेदी ने केंद्र के निकट सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भक्तिभाव से संपन्न हुए सुंदरकांड पाठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पाठ के पश्चात आयोजित भंडारे में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पूड़ी-सब्जी का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर अध्यक्ष आकाश राय, शिव बालक त्रिवेदी, उमा शंकर गुप्ता, रजेश द्विवेदी, सचिन त्रिपाठी, राम कुमार कटियार, विजय कुमार शुक्ला, डॉ. विकास जैन, कमलेश गुप्ता, डॉ. शांति स्वरूप रस्तोगी, प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, दीपक श्रीवास्तव, आरती शर्मा, विनीत त्रिवेदी, संजय शुक्ला आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पूर्व जिलाध्यक्ष रामकुमार चौधरी का निधन

लखीमपुर खीरी। बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता और पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रहे रामकुमार चौधरी का आज बुधवार को लखनऊ में निधन हो गया। बसपा सरकार के कार्यकाल में भी उन्होंने जिला अध्यक्ष के रूप में संगठन का नेतृत्व किया और जिले की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके निधन की खबर से बसपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में शोक की लहर है। निधन की खबर सुनकर डिग्री कॉलेज के मैनेजिंग डायरेक्टर सुबोध मिश्रा ने दुख व्यक्त किया है। रामकुमार चौधरी का अंतिम संस्कार गुरुवार को सुबह 10 बजे उनके पैतृक गांव मकनपुर में किया जाएगा।

डीएम ने वीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण कर देखीं व्यवस्थाएं

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने आज विकास क्षेत्र मिश्रिख, के आंगनबाड़ी केन्द्र दहिलिया में संचालित वीएचएसएनडी सत्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। निरीक्षण के दौरान उन्होंने एएनएम से वार्ता करते हुये गांव की जनसंख्या के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये एचआरपी, ड्यू लिस्ट रजिस्टर एवं अन्य महत्वपूर्ण रजिस्टर का अवलोकन किया। ए0एन0एम0 से वैक्सीनेशन बारे में भी जिलाधिकारी ने जानकारी ली। विभागीय अभिलेखों में त्रुटि पाये जाने पर ए0एन0एम0 के विरूद्ध चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने वैक्सीनेशन किट एवं आईस बाक्स का अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने आंगनबाड़ी कार्यकत्री से वार्ता करते हुये विभागीय अभिलेखों का गहनतापूर्वक अवलोकन करते हुये वीएचएसएनडी सत्र के दौरान की गयी तैयारियों के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुये पुष्टाहार वितरण के बारे में जाना। आंगनबाड़ी के सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया कि कोई गर्भवती महिला एवं शिशु वैक्सीनेशन से छूटने न पाये जाये, यह सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने आशा कार्यकत्री को निर्देशित किया कि वैक्सीनेशन से कोई भी वंचित न रहे, अपनी जिम्मेदारियों को भलीभांति निर्वहन सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुखरंजन समद्दर उपस्थित रहे।

श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति भंग

सिधौली (सीतापुर)। शासन द्वारा कस्बा स्थित प्रतिष्ठित श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति को भंग कर दिया है। शासन स्तर पर हुई जांच में विद्यालय प्रबंधन पर भूमि के अवैध हस्तांतरण, अनियमित बिक्री, प्रशासनिक एवं वित्तीय अनियमितताओं के आरोप प्रथम दृष्टया सही पाए गए। इसके बाद माध्यमिक शिक्षा अधिनियम 1921 की धारा 16-डी (8) के तहत कार्रवाई करते हुए विद्यालय में अधिकृत नियंत्रक नियुक्त किया गया है।

जारी कार्यालय ज्ञापन के अनुसार, विद्यालय की कई भूमियों का हस्तांतरण और विक्रय बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के किया गया। जांच में यह भी सामने आया कि सरकारी ग्रांट एक्ट 1895 तथा सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए विद्यालय की जमीन विभिन्न व्यक्तियों को हस्तांतरित की गई।

जिलाधिकारी सीतापुर की जांच आख्या में वर्ष 2003 में विद्यालय की जमीन दानपत्र के माध्यम से स्थानांतरित किए जाने तथा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गाटा संख्या 151 और 155 की भूमि पर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित होने का भी उल्लेख किया गया है। शासन को भेजी गई रिपोर्ट में कहा गया कि विद्यालय की बहुमूल्य भूमि पर पूर्व में किए गए विक्रय नियम विरुद्ध पाए गए और वर्तमान में उक्त भूमि पर अवैध कब्जे जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। जांच में यह भी सामने आया कि विद्यालय समिति और सर्वोदय विद्यालय समिति दो अलग-अलग पंजीकृत संस्थाएं हैं बावजूद इसके भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया में नियमों की अनदेखी की गई। प्रकरण में शासन स्तर पर कई बार सुनवाई हुई। संस्था प्रबंधक की ओर से प्रस्तुत जवाब और अभिलेखों को असंतोषजनक मानते हुए शासन ने कार्रवाई को उचित ठहराया। विशेष सचिव की अध्यक्षता में हुई बैठकों और शिक्षा निदेशक माध्यमिक की रिपोर्ट के आधार पर शासन ने विद्यालय की वर्तमान प्रबंध समिति को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया। इसके साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को छह माह के लिए अधिकृत नियंत्रक नियुक्त किया गया है। अधिकृत नियंत्रक को विद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं का निराकरण करने, प्रशासनिक व्यवस्था संभालने तथा नई प्रबंध समिति के गठन और चुनाव की प्रक्रिया सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए हैं। कार्रवाई का आदेश विशेष सचिव उमा शंकर द्वारा जारी किया गया है। शासन के इस फैसले के बाद शिक्षा विभाग और स्थानीय स्तर पर हलचल तेज हो गई है।

ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने ज्ञापन सौंपा

मोहम्मदी खीरी। कस्बा में ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने बैठक कर भरत तिवारी के एनकाउंटर किए जाने के बिहार सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए जांच कर दोषी पुलिस वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा है। बुधवार को ब्राह्मण वेलफेयर एसोसिएशन संगठन के बैनर तले विनोद तिवारी, प्रद्युम्न मिश्रा, रामनिवास दीक्षित, देव रंजन मिश्रा और मनोज तिवारी समेत भारी संख्या में ब्राह्मण समुदाय के लोगों ने एकत्र होकर बैठक कर बिहार में हुए भरत तिवारी के एनकाउंटर के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए ब्राह्मण एकता के नारों के साथ सम्मिलित पुलिस कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग कर नारेबाजी करते हुए पद यात्रा निकालते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में अन्य समुदाय के लोगों के साथ अधिवक्ताओं ने साथ दिया है।

दोस्ती के रिश्ते को किया कलंकित

सीतापुर। बिसवां कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक कलयुगी दोस्त ने दोस्ती के रिश्ते को कलंकित करते हुए अपने ही मित्र की नाबालिग बेटी को अपनी हवस का शिकार बनाने का प्रयास किया। दुष्कर्म की कोशिश में असफल रहने पर आरोपी ने मासूम बच्ची को बेरहमी से पीट-पीटकर अधमरा कर दिया। पीड़िता को अत्यंत गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां से उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, क्षेत्र के एक गांव में आरोपी नीलू पुत्र साबित देर रात तक पीड़िता के पिता के साथ बैठकर शराब पी रहा था। दोनों के बीच गहरी दोस्ती थी, इसलिए परिवार को उस पर पूरा भरोसा था। शराब पीने के बाद जब घर के लोग सो गए, तभी देर रात नाबालिग बच्ची घर से बाहर लघुशंका के लिए निकली। घात लगाए बैठे आरोपी नीलू ने उसे अकेले देख दबोच लिया और उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। जब मासूम ने आरोपी की इस घिनौनी करतूत का विरोध किया, तो दुष्कर्म में असफल होने पर बौखलाए नीलू ने पीड़िता पर जानलेवा हमला कर दिया और उसे जमकर पीटा। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर जब परिजन और आस-पास के लोग मौके की तरफ दौड़े, तो पकड़े जाने के डर से आरोपी मौका-ए-वारदात से फरार हो गया। घटनास्थल पर पहुँचे परिजनों ने बच्ची को लहूलुहान हालत में पाया। परिजन पुलिस को सूचना देकर आनन-फानन में पीड़िता को इलाज के लिए जिला महिला अस्पताल लेकर पहुँचे। अस्पताल के डॉक्टरों ने बच्ची की हालत बेहद नाजुक और चिंताजनक देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए तुरंत हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी नीलू के भाई और भतीजे को हिरासत में ले लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। एएसपी आलोक सिंह का कहना है कि मुख्य आरोपी की तलाश में पुलिस की 4 टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं, जल्द ही गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। लड़की की हालत स्थिर है।

अशोक स्तंभ सम्राट का पूर्व विधायक ने किया शिलान्यास

निघासन-खीरी। नगर के सिंगाही रोड स्थित महात्मा बुद्ध डिग्री कॉलेज प्रांगण के सामने मंगलवार को सम्राट अशोक स्तंभ के निर्माण हेतु शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव आर.एस. कुशवाहा, डॉ. अर्पित कुशवाहा तथा लखनऊ से आए बौद्ध धर्म के विद्वानों ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर शिलान्यास किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आर.एस. कुशवाहा ने कहा कि सम्राट अशोक केवल एक महान शासक ही नहीं, बल्कि मानवता, शांति और करुणा के प्रतीक थे। उनके जीवन और आदर्शों से आज भी समाज को प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि सत्ता और वैभव के शिखर पर पहुंचने के बावजूद सम्राट अशोक ने जनकल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी तथा अपना जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने लोगों से सम्राट अशोक के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। भंडारी यादव ने कहा कि सम्राट अशोक भारतीय इतिहास के सबसे महान शासकों में गिने जाते हैं। मौर्य वंश के इस प्रतापी सम्राट ने अपने शासनकाल में विशाल साम्राज्य की स्थापना की। हालांकि, कलिंग युद्ध में हुए भीषण जनसंहार ने उनके जीवन की दिशा बदल दी। युद्ध की विभीषिका को देखकर उनका हृदय परिवर्तन हुआ और उन्होंने हिंसा का मार्ग त्यागकर बौद्ध धर्म को अपनाया। इसके बाद उन्होंने सत्य, अहिंसा, करुणा और मानव कल्याण के सिद्धांतों को अपने शासन की आधारशिला बनाया। डॉ. अर्पित कुशवाहा ने कहा कि सम्राट अशोक ने अपने शासनकाल में अनेक स्तूपों, विहारों और स्तंभों का निर्माण कराया तथा धर्म, नैतिकता और सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाया। उनके द्वारा स्थापित अशोक स्तंभ आज भी भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं।

इस अवसर पर डॉ. निसार अहमद, डॉ. बेनजीर उमर, भंडारी यादव, मनोज वर्मा, पिंटू यादव, जगदीश लोधी, मनमोहन मौर्य, ओ.पी. यादव, उमाशंकर यादव, लेखराम भास्कर, संदीप यादव, पंकज मौर्य, अजय भास्कर सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने सम्राट अशोक के आदर्शों पर चलकर समाज में शांति, सद्भाव और मानव सेवा की भावना को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई नंदीश्वर महाराज की प्राण-प्रतिष्ठा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। छोटी काशी कॉरिडोर में आयोजित श्री नंदीश्वर विग्रह प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का बुधवार को वैदिक रीति-रिवाजों के साथ समापन हुआ। इस अवसर पर विधायक अमन गिरि की अगुवाई में पौराणिक शिव मंदिर परिसर में नंदीश्वर महाराज के विग्रह की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा एवं स्थापना संपन्न कराई गई। धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर पूजन-अर्चन किया और धर्मलाभ अर्जित किया।

वैदिक आचार्यों के मंत्रोच्चार के बीच नंदीश्वर विग्रह की स्थापना, महाहवन, पूणार्हुति तथा अन्य धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। पूरे मंदिर परिसर में भक्तिमय वातावरण बना रहा और हर-हर महादेव तथा नंदीश्वर महाराज के जयघोष गूंजते रहे। आयोजन के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए विशाल भंडारे एवं प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के अनुसार मंदिर परिसर में स्थापित नंदीश्वर महाराज की भव्य प्रतिमा काले पत्थर से निर्मित है। करीब छह फीट ऊंची और लगभग 15 टन वजनी यह प्रतिमा छोटी काशी कॉरिडोर की प्रमुख आकर्षणों में शामिल होगी। श्रद्धालुओं का मानना है कि नंदीश्वर महाराज की स्थापना से छोटी काशी की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को नई ऊंचाई मिलेगी। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिव मंदिर प्रबंधकारिणी समिति के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

सड़क हादसे में बाइक सवार पति की मौत

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र में बुधवार शाम करीब 5 बजे हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार पति की मौत हो गई। जबकि उसकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसा उस समय हुआ जब दंपति एक अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए ससुराल जा रहे थे। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के सलाहपुर गांव निवासी अजय प्रताप सिंह उर्फ छोटे भैय्या 45 अपनी पत्नी मोनी के साथ संदना थाना क्षेत्र के खेरवा गांव स्थित ससुराल जा रहे थे। बताया गया कि उनकी चचेरी सास का निधन हो गया था। जिसके अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दोनों बाइक से निकले थे। रास्ते में कुतुबनगर मार्ग पर पनहैया पुल से पहले रमुआपुर गांव के पास उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।

लकीरें रौशनी की पुस्तक का हुआ विमोचन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर की बाईपास रोड स्थित साईं मैरिज लॉन में मंगलवार रात साहित्य, कविता और शायरी का संगम देखने को मिला। साहित्यकार एवं कवि मुनेन्द्र प्रताप मंजुल की नवीन कृति लकीरें रौशनी की का विमोचन किया गया। इसके उपरांत आयोजित विराट कवि सम्मेलन एवं मुशायरे में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कवियों और शायरों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं वंदना के साथ हुआ। वरिष्ठ कवि बेनीराम अंजान की अध्यक्षता में आयोजित समारोह का संचालन रमेश पांडे शिखर, शलभ एवं लवकुश ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के संरक्षक समाजसेवी एवं व्यापारी अशोक कनौजिया रहे। पुस्तक लकीरें रौशनी की का विमोचन पूर्व पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल सहित उपस्थित अतिथियों ने किया। इसके बाद शुरू हुए कवि सम्मेलन में ओज, हास्य, श्रृंगार और सामाजिक सरोकारों से जुड़ी रचनाओं की प्रस्तुति पर श्रोताओं ने जमकर तालियां बजाईं। लखनऊ से आए ओज कवि योगेश चैहान एवं कवित्री संध्या त्रिपाठी, कानपुर की कवित्री अंकिता शुक्ला, शाहजहांपुर के शायर फैसल फैज, सीतापुर के लवकुश शुक्ला, पुवायां के रामबाबू शुक्ला, हास्य कवि रामप्रताप वियोगी, शिव ओम प्यासा, राकेश मिश्र, राजकिशोर मिश्रा, रमेश पांडे शिखर, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, रविसुत शुक्ला, श्रीपाल वर्मा, वेद प्रकाश अग्निहोत्री एवं श्रीकांत तिवारी ह्यकांतह्न सहित अनेक कवियों ने काव्यपाठ किया। कार्यक्रम के दौरान सभी आमंत्रित कवियों एवं अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में साहित्य प्रेमियों की बड़ी संख्या मौजूद रही। इस अवसर पर राजीव पटेल, सुर्जन लाल वर्मा, ज्ञानचंद वर्मा, सतीश वर्मा, पारस वर्मा, आनंद वर्मा, पंकज वर्मा, सुरेश कनौजिया, अभिषेक वर्मा, रामसेवक फौजी, राजेश वर्मा, राजेश पटेल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं साहित्यप्रेमी उपस्थित रहे।

करंट लगने से संविदा कर्मचारी की मौत

जिला संवाददाता(vol)

महोली (सीतापुर)। कोतवाली क्षेत्र में बिजली लाइन पर कार्य करने के दौरान करंट लगने से एक संविदा कर्मचारी की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जबकि बिजली विभाग के कर्मचारियों में भी शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार महोली कस्बा निवासी 35 वर्षीय राम प्रसाद पुत्र श्यामलाल महोली पावर हाउस के अंतर्गत संविदा कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। मंगलवार शाम को वह क्षेत्र के इनायतनगर इलाके में बिजली लाइन की खराबी ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़कर काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक उसे तेज करंट लग गया। जिससे वह गंभीर रूप से झुलस गया और खंभे से नीचे गिर पड़ा।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास मौजूद लोगों और सहकर्मियों में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में घायल राम प्रसाद को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों द्वारा मौत की पुष्टि होते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के परिवार वालों ने बताया कि राम प्रसाद लंबे समय से संविदा कर्मचारी के रूप में बिजली विभाग में कार्य कर रहा था और परिवार का मुख्य सहारा था। उसकी असमय मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस भी अस्पताल पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं बिजली विभाग के अधिकारी भी मामले की जानकारी जुटाने में लगे हुए हैं। प्रारंभिक तौर पर हादसे के पीछे कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों में कमी अथवा लाइन में अचानक करंट आने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजन मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता और उचित मुआवजा दिए जाने की मांग कर रहे हैं।

पार्क में मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

बिसवां नगर (सीतापुर)। कोतवाली बिसवां क्षेत्रांतर्गत बिसवां रेलवे स्टेशन परिसर स्थित पार्क में मंगलवार शाम करीब 6 बजे एक व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। सूचना पर पहुंची कोतवाली बिसवां पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी और आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। काफी प्रयास के बाद मृतक की पहचान नंदन गुप्ता 46 पुत्र स्वर्गीय हनुमान प्रसाद गुप्ता निवासी मोहल्ला सत्तिनपुरवा, कोतवाली बिसवां के रूप में हुई। बताया गया कि नंदन गुप्ता दिल्ली में रहकर मजदूरी का कार्य करते थे और अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। परिजनों के अनुसार नंदन गुप्ता मंगलवार सुबह ही दिल्ली से अपने घर बिसवां पहुंचे थे। उनके घर लौटने से परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन कुछ ही घंटों बाद रेलवे स्टेशन परिसर स्थित पार्क में उनका शव मिलने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया।

लगातार दो जीत के साथ बरखेड़ा शीर्ष पर, पलिया ने भी दर्ज की जीत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। स्वर्गीय राजेंद्र गिरि स्मारक स्टेडियम में चल रहे बजाज हिंदुस्तान शुगर लिमिटेड सेंट्रल जोन क्रिकेट टूनार्मेंट के दूसरे दिन खेले गए तीन मुकाबलों में बरखेड़ा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार

दो मैच जीत लिए। वहीं दिन के तीसरे मुकाबले में पलिया ने मकसूदापुर को हराकर महत्वपूर्ण जीत दर्ज की। पहले मैच में बरखेड़ा और मकसूदापुर की टीमें आमने-सामने थीं। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बरखेड़ा ने निर्धारित 12 ओवर में 142 रन बनाए। जवाब में मकसूदापुर की टीम 12 ओवर में 116 रन ही बना सकी। बरखेड़ा ने यह मुकाबला 26 रन से जीत लिया। विजनेश भारद्वाज के शानदार प्रदर्शन पर उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। दूसरे मुकाबले में खंभारखेड़ा और बरखेड़ा के बीच टक्कर हुई। खंभारखेड़ा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 76 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बरखेड़ा की टीम ने 9 ओवर में ही 77 रन बनाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस मैच में आरएस पटेल को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दिन के तीसरे मैच में पलिया और मकसूदापुर की टीमें भिड़ीं। पहले बल्लेबाजी करते हुए मकसूदापुर की टीम 76 रन पर सिमट गई। जवाब में पलिया ने 9.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज कर ली। पलिया के खिलाड़ी सत्यम को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। टूनार्मेंट के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और दर्शकों ने भी मुकाबलों का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर लखनऊ से आए प्रबंधक एल.डी. गौरव पठानिया, बरखेड़ा के एचआर हेड राजेश त्रिपाठी, सतीश श्रीवास्तव, विनय शंकर चैबे, गोपाल जायसवाल, चेतराम बघेल, सत्यम त्रिपाठी, तरुण मिश्रा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

पुरैना ग्राम पंचायत में सचिव पर फर्जी भुगतान का आरोप

लखीमपुर खीरी। सचिव एवं प्रधान के द्वारा ग्राम पंचायत पुरैना विकास खण्ड पलिया में फर्जी भुगतान करने का मामला संज्ञान में आया है। ग्राम पं० पुरैना विकास खंड पलिया की ग्राम पंचायत पूरेना में सचिव एवं ग्राम प्रधान द्वारा विभिन्न कार्यों के नाम पर फर्जी बिल लगाकर भुगतान किए गए। बताते चले कि अजय पेन्टर को 17700, 29500, 35400, रुपय 23/04 2026 को किया। जबकि 35400 रुपए का बिल अपलोड ही नहीं किया गया। 29500, व 35400 रुपए के भुगतान में एक ही बिल अपलोड है। अजय पेंटर फर्म का जी०एस०जी०टी0 नंबर पहल ही कई वर्ष पूर्व बन्द हो चुका है। कार्य योजना लेखन कार्य पर 17700, सामुदाभिक शौचालय की रंगाई पुताई कार्य पर 35400 का भगतान किया गया है। सर्वेक्षण बाल पेंटिंग कार्य में नाले की फोटो अपलोड की गई है। कई बिलों का फर्जी भुगतान किया गया है। फर्जी भुगतान करने की शिकायत जिला पंचायत राज अधिकारी से की जा चुकी है। इसके बावजूद सचिव प्रधान पर कोई कार्यवाही डीपीआरओ द्वारा नहीं की जा रही है। इस सन्दर्भ में जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि काम की व्यस्तता के कारण निरीक्षण करने नहीं जा पाए हैं। जाँच कर जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

गायत्री जयंती पर हुआ रक्तदानियों का सम्मान

लखीमपुर खीरी। गायत्री जयंती के अवसर पर नगर के गोला रोड स्थित गायत्री शक्तिपीठ पर गायत्री परिवार द्वारा रक्तदानियों का सम्मान किया गया। जिला समन्वयक रामखेलावन निषाद ने बताया गायत्री जयंती अखिल विश्व गायत्री परिवार की आस्था का प्रतीक है और इसी दिन गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी का महापरिनिर्वाण भी हुआ था। इस अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ पर प्रातः काल सम्पूहिक गायत्री मंत्र जप और पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन जिसमें अन्नप्राशन सहित विविध संस्कार भी संपन्न हुए। इस अवसर पर माता भगवती देवी जयंती के अवसर पर लोक हित में रक्तदान करने वाले परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अतिथि रूप में पहुंचे जिला चिकित्सालय लखीमपुर खीरी के शल्य चिकित्सक प्रोफेसर डॉ० सुनील कुमार द्वारा एड. रामनरेश चौधरी, यज्ञदेव वर्मा, कुलदीप वर्मा, अजय वर्मा आदि रक्तदानियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस दौरान गायत्री परिजन उदय सिंह, डॉ० डी एन मालपानी, मुरलीधर वर्मा, सुमन वर्मा, संकटा प्रसाद, लक्ष्मी वर्मा, आस्तिक पटेल, प्रखर वर्मा आदि आदि मौजूद रहे।

यूपीएसएससी में सफल, होनहारों ने बढ़ाया क्षेत्र का मान

महोली (सीतापुर)। प्रदेश के अधीनस्थ चयन सेवा आयोग के कृषि सहायक के पदों का अंतिम परिणाम घोषित हो गया है। जिसमें क्षेत्र के कई मेधावी छात्रों ने मेहनत और लगन से एजीटीए के पद पर चयनित होकर अपना परचम लहराया है। जहां छात्रों के परिजनों के लिए यह अपार खुशी के क्षण है, तो क्षेत्र में सफलता अर्जित करने वाले छात्रों को बधाइयों का तांता लग गया है। नगर के निवासी सुधीर कुमार पांडे के पुत्र भोलानाथ पाडे, अवनी मिश्रा के पुत्र अभय मिश्रा, अजय भार्गव तथा चड़रा गांव के निवासी अनूप कुमार पांडे पुत्र स्व रामनरेश पांडे ने एग्रीकल्चर टेक्निकल असिस्टेंट के पद पर सफलता प्राप्त की है। भोलानाथ पाडे के पिता सुधीर कुमार पांडे ने कहा, वर्षों से अपने लक्ष्य के प्रति संघर्षरत रहे इन छात्रों ने जीवन में अनेक कठिनाइयों का सामना किया फिर भी अपने लक्ष्य पर डटे रहे। इन सबकी लगन और मेहनत से जो यह परिणाम प्राप्त हुआ। वह क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक नजीर बन गया है।

12 साल की मासूम के साथ पिता के दोस्त ने की हैवानियत

बिसवां नगर (सीतापुर)। कोतवाली बिसवां क्षेत्रांतर्गत एक गांव में दोस्ती के रिश्ते को शर्मसार करने वाला सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिसमें 12 साल की मासूम के साथ उसके पिता के दोस्त ने ही रिश्ते को कलंकित करते हुए शर्मनाक घटना को अंजाम दिया है और हैवानियत के बाद उसे बोरी में भरकर फेंक दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां नाजुक हालत के कारण उसे ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। खबर लिखे जाने तक उसकी हालत नाजुक बनी हुई थी। मिली जानकारी अनुसार कोतवाली बिसवां क्षेत्रांतर्गत लहरपुर रोड पर एक ग्राम में मंगलवार देर रात नीलू पुत्र साबिर ने अपने पड़ोसी दोस्त को खूब शराब पिलाई। जब घर के सभी लोग सो गए और घर की मासूम बच्ची लघुशंका को घर से बाहर निकली। उसी दौरान नीलू ने उसे दबोच कर इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना को अंजाम देकर उसे बोरी में भरकर फेंक दिया। काफी देर तक बच्ची के घर वापस न आने पर परिजनों ने उसकी तलास की तो मासूम बोरी में अत्यंत नाजुक हालत में मिली। जिसकी उन्होंने तत्काल बिसवां पुलिस को सूचना दी। सूचना पर तत्काल पहुंची पुलिस ने पीड़िता को नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपस्थित डाक्टरों ने नाजुक हालत के कारण प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। जहां वह खबर लिखे जाने तक जिंदगी मौत से लड़ रही थी। वही पुलिस ने आरोपी के भाई भतीजे को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस संबंध में एसएसपी आलोक सिंह ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की चार टीम लगाई गई है। जल्द ही गिरफ्तार कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

आधार कार्ड व अन्य कागजात घर वालों से दिलाए जाने की युवक ने लगाई गुहार

लालगंज रायबरेली। कोतवाली लालगंज क्षेत्र के नारायन का पुरवा मजरे सेमरपहा गांव निवासी शैलेंद्र यादव अपने ही घर वालों से परेशान होकर दर-दर भटक रहा है। उसने लालगंज पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसने कुछ समय पहले कोर्ट मैरिज की थी जिसके चलते उसके घर वाले उससे नाराज हैं और घर में रखा सामान भी उसे नहीं लेने दे रहे हैं। उसने पुलिस से गुहार लगाते हुए कहा है कि घर में अटैची में उसके आधार कार्ड व अंक पत्र सहित अन्य सामान रखा हुआ है, जिसकी उसे अत्यंत आवश्यकता है। उसने लालगंज पुलिस से सचिन व विमला देवी के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए उसका सामान दिलाए जाने की मांग की है। शैलेंद्र का कहना है कि उक्त दोनों लोग ही उसका सामान रखे हुए हैं ,दे नहीं रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिंह ने बताया कि युवक की सहायता कीजाएगी।

बीएमपीएस की छात्रा अंशिका शर्मा का अभूतपूर्व प्रदर्शन

लालगंज, रायबरेली। कस्बे के बक्शी मेमोरियल पब्लिक स्कूल की कक्षा-12 की उदीयमान छात्रा अंशिका शर्मा को भारत के शीर्षस्थ विज्ञान शोध संस्थान इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस बेंगलुरु में 4 वर्षीय बीएससी(रिसर्च) कार्यक्रम में प्रवेश मिला है।यह उपलब्धि अंशिका के साथ-साथ समस्त क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। प्रबंध निदेशक सुनील सिंह और प्रबंधक शांतनु सिंह ने छात्रा की इस विशिष्ट कामयाबी के लिए शुभ कामनाएं देते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। यह जानकारी देते हुए बीएमपीएस के प्रशासनिक सचिव सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि हमें बताते हुए अति प्रसन्नता है कि विद्यालय की छात्रा अंशिका को भारत के शीर्षक विज्ञान शोध संस्थान इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस बेंगलुरु में 4 वर्षीय बीएससी (रिसर्च) कार्यक्रम में प्रवेश मिलना विद्यालय के लिए ही नहीं वरन पूरे बैसवारा क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

प्रशासन का एक्शन, चार संस्थान सील

मानकों को दरकिनार कर चल रहे थे कोचिंग सेंटर और ई-लाइब्रेरी

जिला संवाददाता

महराजगंज रायबरेली। छात्रों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए महराजगंज प्रशासन ने मानकविहीन कोचिंग सेंटरों एवं ई-लाइब्रेरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम के नेतृत्व में बुधवार को चलाए गए विशेष जांच अभियान में सुरक्षा मानकों की अनदेखी पाए जाने पर चार संस्थानों को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया।

गौरतलब है कि हाल ही में लखनऊ में हुए दर्दनाक अग्निकांड के बाद प्रदेशभर में सार्वजनिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी क्रम में महराजगंज में भी कोचिंग सेंटरों और ई-लाइब्रेरी की व्यापक जांच कराई गई, ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

संयुक्त जांच टीम में क्षेत्राधिकारी, अग्निशमन विभाग, पुलिस एवं राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल रहे। टीम ने चंदापुर चैराहे स्थित श्री ई-लाइब्रेरी, पावरहाउस के सामने संचालित लक्ष्य ई-लाइब्रेरी, तथा रायबरेली रोड पर संचालित जीवनधारा एवं ज्ञान गंगा कोचिंग सेंटर का निरीक्षण किया।

जांच के दौरान पाया गया कि चारों संस्थान निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन नहीं कर रहे थे। कई स्थानों पर अग्निशमन संबंधी आवश्यक उपकरण नहीं मिले, वहीं संस्थानों के पास फायर एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) एवं अन्य आवश्यक पंजीकरण दस्तावेज भी उपलब्ध नहीं थे। छात्रों की सुरक्षा से जुड़े गंभीर पहलुओं को देखते हुए प्रशासन ने सभी चारों संस्थानों को सील कर दिया।

उपजिलाधिकारी चंद्र प्रकाश गौतम ने स्पष्ट किया कि बिना वैध पंजीकरण, फायर एनओसी तथा सुरक्षा मानकों के अनुपालन के किसी भी संस्थान को संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि छात्रों की सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम ने यह भी बताया कि आने वाले दिनों में कस्बे के मॉल, अस्पताल, होटल, रेस्टोरेंट एवं अन्य भीड़भाड़ वाले संस्थानों में भी सुरक्षा मानकों की विशेष जांच की जाएगी। नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

इस अभियान में क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार, कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव, एसएसआई देवेंद्र सिंह भदौरिया, लेखपाल संतोष पटेल सहित पुलिस, राजस्व एवं अग्निशमन विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

दशहरे पर समाजसेवियों ने बांटी शर्बत

जसवंतनगर, इटावा। दशहरा पर्व के पावन अवसर पर नगर के सदर बाजार में समाजसेवियों द्वारा भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से शरबत एवं शीतल पेयजल वितरण का आयोजन किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में राहगीरों, व्यापारियों एवं आमजन ने शरबत ग्रहण कर समाजसेवियों के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। कार्यक्रम में शामिल समाजसेवी राजकुमार ने बताया कि दशहरा केवल बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक ही नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपने दायित्वों के निर्वहन की प्रेरणा भी देता है। इसी भावना के तहत सभी साथियों ने मिलकर लोगों की सेवा करने का संकल्प लिया और सुबह से शाम तक राहगीरों को ठंडा पेयजल एवं मीठा शरबत वितरित किया। शरबत वितरण कार्यक्रम में मनोज वर्मा, बॉबी गुप्ता, मुकेश जैन, आलोक गुप्ता, राकेश जैन सहित कई समाजसेवी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

हिंदी निबंध, टिप्पणी एवं प्रारूप लेखन तथा वाक्य प्रतियोगिताओं का आयोजन

रायबरेली। आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना के राजभाषा विभाग द्वारा मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र के नेतृत्व में तीन दिवसीय राजभाषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। हिंदी निबंध, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन तथा हिंदी वाक्य प्रतियोगिताएं 22 जून से शुरू होकर 24 जून तक चली। इन प्रतियोगिताओं में रेल कर्मचारियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और अपनी भाषायी दक्षता एवं रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं महानिरीक्षक सह प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चन्द्र ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी न केवल प्रशासनिक कार्यों में दक्षता बढ़ाती है बल्कि संगठनात्मक एकता एवं संवाद को भी सुदृढ़ बनाती है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग के लिए प्रेरित किया। यह आयोजन रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुपालन में किया गया, जिसका उद्देश्य कर्मिकों को हिंदी में अधिकाधिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना तथा राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को बढ़ावा देना है। जिसमें प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कार्मिकों के नाम रेलवे बोर्ड द्वारा अखिल रेल स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के लिए अनुशंसित किए जाएंगे। उप मुख्य राजभाषा अधिकारी अभिनव यादव तथा राजभाषा अधिकारी राकेश रंजन ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्टप्रदर्शन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों के उत्साह एवं सक्रिय सहभागिता की सरहाना की गयी।

क्षेत्रीय विधायक ने अत्याधुनिक आर ओ वाटर कूलर का किया लोकार्पण

महराजगंज रायबरेली। आगामी विधानसभा चुनावों से पहले बछरावां विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की रफ्तार तेज होती नजर आ रही है। क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती द्वारा विधायक निधि के माध्यम से जनहित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए लगातार नई योजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को पहरेमऊ बैंक परिसर में क्षेत्रीय जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए 270 लीटर क्षमता वाले अत्याधुनिक आर ओ वाटर कूलर का लोकार्पण किया गया। अब बैंक आने वाले ग्राहकों, ग्रामीणों तथा स्थानीय नागरिकों को भीषण गर्मी में शुद्ध एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। विधायक ने जानकारी देते हुए बताया कि बछरावां विधानसभा क्षेत्र के 10 गांवों में इसी प्रकार के 270 लीटर क्षमता वाले आर ओ वाटर कूलर स्थापित किए जाने की योजना स्वीकृत हो चुकी है तथा इसके लिए आवश्यक धनराशि भी जारी कर दी गई है। सभी स्थानों पर कार्य शीघ्र पूरा कराया जाएगा। इन गांवों में पहरेमऊ, मऊ, हलोर, थुलवासां, ओसाह, सेहगों, पूरे मुडू, रानीखेड़ा, राजामऊ और तिलेंडा शामिल हैं। लोकार्पण कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि अमित त्रिपाठी उर्फ मोनू, द्वारिका प्रसाद चैरसिया, बाबू यादव, रामकिशोर यादव, परवेज, राजू खान, प्रयाग लाल यादव, राघवेंद्र कुमार शर्मा, सरवर, जगदेव, बृजेश कुमार, रामकिशोर प्रधान सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

महिला का खेत में मिला शव, मचा हड़कंप

सुलतानपुर । जयसिंहपुर कोतवाली क्षेत्र के दलहुपुर गांव में बुधवार शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने खेत के पास एक महिला का शव पड़ा देखा। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों की मदद से शव की पहचान कराने का प्रयास शुरू किया। कुछ ही देर में महिला की पहचान बझना गांव निवासी गीता देवी (58) पत्नी सीताराम यादव के रूप में हुई। परिजनों ने बताया कि गीता देवी बुधवार सुबह घर से भैंस चराने के लिए निकली थी, लेकिन दोपहर तक वापस नहीं लौटी। काफी देर तक इंतजार करने के बाद परिवार के लोगों ने उनकी तलाश शुरू की। इसी दौरान दलहुपुर गांव के पास उनका शव मिलने की सूचना मिली।महिला की मौत की खबर से परिवार में कोहराम मच गया, वहीं गांव में भी शोक का माहौल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक पूछताछ की। पीढ़ी चौकी प्रभारी परमानंद पांडेय ने बताया कि परिजनों ने किसी पर कोई संदेह नहीं जताया है और किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से भी इनकार किया है।

जिलाधिकारी ने इंडस्ट्रियल एरिया का किया निरीक्षण

व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के दिए निर्देश

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने इंडस्ट्रियल एरिया सुल्तानपुर रोड का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने क्षेत्र में संचालित औद्योगिक इकाइयों की व्यवस्थाओं, साफ-सफाई, सुरक्षा मानकों तथा आधारभूत सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा कहीं भी जलभराव, कूड़ा-करकट या अव्यवस्था न रहने पाए। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्रियल एरिया में कार्यरत श्रमिकों एवं उद्यमियों को बेहतर वातावरण उपलब्ध कराया जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्युत व्यवस्था, जल निकासी, सड़कों की स्थिति एवं अग्नि सुरक्षा उपायों की भी समीक्षा की। उन्होंने अग्निशमन मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए तथा कहा कि सभी औद्योगिक इकाइयां सुरक्षा उपकरणों से सुसज्जित रहें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्या, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, एसोसिएशन के विभिन्न एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

पीएम आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासीय भवनों का अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण करें: जिलाधिकारी

रायबरेली। जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने आरडीए के माध्यम से बरखापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत निर्मित बहुमंजिला आवासीय भवनों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने परिसर व बिल्डिंग का अवलोकन करते हुवे निर्माण गुणवत्ता एवं मूलभूत सुविधाओं का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने भवनों के बाहरी एवं आंतरिक हिस्सों का निरीक्षण करते हुए कहा कि अभी जो अवशेष कार्य हैं तत्काल पूर्ण करायें जाये। उन्होंने परियोजना से जुड़े विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश देते हुए कहा कि समयबद्ध ढंग से कार्य पूर्ण कराकर योजना के उद्देश्यों को सफल बनाया जाए। साथ ही, उन्होंने आवासीय परिसर में साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं को भी सुनिश्चित करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान सचिव, रायबरेली विकास प्राधिकरण/अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विशाल यादव, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ सहित लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग, जल निगम (शहरी) एवं नगर पालिका के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

डरा- धमका कर किसान से की 64,500 रुपये की साइबर ठगी

सुलतानपुर। चांदा थाना क्षेत्र के त्रिलोकपट्टी निवासी विजय कुमार प्रजापति साइबर ठगी का शिकार हो गए। विजय के अनुसार 10 सितंबर 2025 को एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन कर डराया-धमकाया और विभिन्न खातों में पैसे ट्रांसफर कराने लगा। भय के कारण विजय ने अलग-अलग किश्तों में कुल 64,500 रुपये यूपीआई के माध्यम से भेज दिए। जब आरोपी ने और धनराशि की मांग की तो विजय को ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने साइबर थाना सुलतानपुर में शिकायत दर्ज कराई। जांच के दौरान साइबर पुलिस ने संबंधित खातों को फ्रीज कर पीड़ित की रकम रोक दी। पीड़ित का कहना है कि फ्रीज की गई धनराशि उसी की है और उसे वापस दिलाई जानी चाहिए। रकम वापस न मिलने पर विजय कुमार ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर फ्रीज धनराशि अपने पक्ष में अवमुक्त कराने की मांग की है। साइबर थाना प्रभारी ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है।

नवागत क्षेत्राधिकारी सुजीत राय का पत्रकारों ने किया स्वागत, सहयोग का दिया भरोसा

लालगंज, रायबरेली। नवागत क्षेत्राधिकारी लालगंज सुजीत राय का पदभार ग्रहण करने के बाद पत्रकार बंधुओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। ऑल मीडिया जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष सुशील शुक्ला और संगठन के संरक्षक प्रेस क्लब अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह के नेतृत्व में पहुंचे पत्रकारों ने सीओ सुजीत राय को पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के बाबत सहयोग देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पत्रकारों ने कहा कि अपराध पर अंकुश और आमजन की समस्याओं के समाधान में मीडिया प्रशासन का सहयोगी बनकर काम करेगा। वहीं सीओ सुजीत राय ने भी पत्रकारों के सहयोग की सराहना करते हुए निष्पक्ष और पारदर्शी पुलिसिंग का भरोसा दिलाया। लालगंज सीओ सुजीत राय ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार काम करना ही उनका लक्ष्य रहेगा।इसके साथ ही जनता की सेवा और अपराध पर नियंत्रण रखना भी उनकी प्राथमिकता होगी। उनके कार्यालय आने वाले सभी फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्ता पूर्वक समाधान करने का भी प्रयास होगा। बताते चलें कि नवागत क्षेत्राधिकारी सुजीत राय इसके पूर्व में सिद्धार्थनगर में थे ,वहां से स्थानांतरित होकर रायबरेली जनपद के लालगंज सर्किल में नियुक्त हुए हैं। शासन की मंशा के अनुसार और जनता की सेवा में सदैव प्रयास रत रहने के चलते उन्हें पुलिस उपाधीक्षक पद पर आउट आफ टर्न प्रमोशन मिला है । इस अवसर पर संगठन के संरक्षक प्रेस क्लब अध्यक्ष शेर बहादुर सिंह, अतुल त्रिपाठी, मोहम्मद याकूब, रामबाबू गुप्ता, अनंत विजय सिंह, देवेशअग्निहोत्री, अवनीश पांडे, शीतला गुप्ता, देवेंद्र अवस्थी, विजय सिंह ,संजय सिंह, शिवम गुप्ता, मोहम्मद अफजल ,विकास तिवारी, मोहम्मद परवेज, ओपी शुक्ला आदि सम्मानित बंधु मौजूद रहे।

निजी खर्च पर जेसीबी लगाकर मूंगताल ड्रेन की सफाई का शुरू कराया कार्य

प्रशासन की अनदेखी पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने कसी कमर

महराजगंज रायबरेली। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार और प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार भले ही किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का दावा करती हों, लेकिन महराजगंज तहसील क्षेत्र में किसानों की समस्याओं को लेकर प्रशासनिक उदासीनता की तस्वीर कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। क्षेत्र की जीवनरेखा मानी जाने वाली मूंगताल ड्रेन की पिछले लगभग 10 से 15 वर्षों से समुचित सफाई न होने के कारण हर वर्ष हजारों एकड़ कृषि भूमि जलमग्न हो जाती है, जिससे किसानों की धान सहित अन्य फसलें बर्बाद हो जाती हैं। लगातार हो रहे नुकसान से क्षेत्र के हजारों किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और किसान क्रेडिट कार्ड से लिया गया लोन अदा नहीं कर पा रहे हैं। मूंगताल ड्रेन की सफाई की मांग को लेकर किसानों ने कई बार शासन, प्रशासन और संबंधित विभागों के अधिकारियों से गुहार लगाई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष जन्मेजय सिंह ने भी जिलाधिकारी

सरनीत कौर ब्रोका से मुलाकात कर इस गंभीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर ड्रेन की सफाई का कार्य जून के प्रथम सप्ताह में शुरू कराने का आश्वासन दिया था। हालांकि जून माह समाप्ति की ओर है, लेकिन विभागीय स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं हुई। ऐसे समय में जब किसानों की धान की पौध रोपाई के लिए पूरी तरह तैयार है और मानसून दस्तक देने वाला है, किसानों की चिंता लगातार बढ़ती जा रही थी।

इसी बीच सिकंदरपुर ग्राम पंचायत की महिला ग्राम प्रधान एवं उनके प्रतिनिधि डब्बू सिंह ने किसानों की पीड़ा को समझते हुए बड़ा कदम उठाया। किसानों से मुलाकात के बाद उन्होंने भरोसा दिलाया कि, ड्रेन की सफाई के लिए उन्हें शासन-प्रशासन का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। अपने वादे को निभाते हुए बुधवार से उन्होंने निजी खर्च पर जेसीबी मशीन लगाकर मूंगताल ड्रेन की सफाई का कार्य शुरू करा दिया। ड्रेन की सफाई शुरू होते ही क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। किसानों का कहना है कि, यदि समय रहते ड्रेन की सफाई पूरी हो जाती है तो जलनिकासी की समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी और वे बिना किसी भय के धान की रोपाई कर सकेंगे। कई किसानों ने अपने खेतों में रोपाई की तैयारी भी तेज कर दी है। सिकंदरपुर ग्राम पंचायत तथा आसपास के गांवों के किसानों ने ग्राम प्रधान प्रतिनिधि डब्बू सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह उनके लिए किसी जनप्रतिनिधि से बढ़कर हैं। किसानों के अनुसार, डब्बू सिंह हर सुख-दुख में उनके साथ खड़े रहते हैं। चाहे किसी गरीब की बेटी का विवाह हो या किसी परिवार पर संकट की घड़ी, वह बिना किसी भेदभाव के सहायता के लिए हमेशा आगे आते हैं।

गौरतलब है कि, क्षेत्रीय समाजवादी पार्टी विधायक श्यामसुंदर भारतीय ने भी किसानों की इस समस्या को विधानसभा में उठाया था, लेकिन इसके बावजूद समाधान नहीं निकल सका। किसानों का कहना है कि, जुलाई माह शुरू होने वाला है और मानसूनी बारिश कभी भी शुरू हो सकती है। ऐसे में प्रशासन की निष्क्रियता किसानों के लिए भारी पड़ सकती थी।

उड़ चल अपने देश परिवर्तन की आहट का विवेचन

इटावा। सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में सदर विधायका सरिता भदौरिया एवं भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय के निदेशक एवं प्रख्यात लेखक अभिषेक चैहान अन्वेषी द्वारा उनके उपन्यास उड़ चल अपने देश परिवर्तन की आहट का विवेचन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, साहित्यकारों, पत्रकारों एवं बुद्धिजीवियों ने सहभागिता की। अपने संबोधन में अभिषेक चैहान ने कहा कि यह उपन्यास आगामी शताब्दी में होने वाले सामाजिक, पर्यावरणीय एवं मानवीय परिवर्तनों की

कल्पना पर आधारित है। उन्होंने कहा कि आज जो दुनिया हम आने वाली पीढ़ियों को सौंपेंगे, उसका सीधा प्रभाव उनके जीवन पर पड़ेगा। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह पर्यावरण एवं समाज के प्रति संवेदनशील बने। उन्होंने कहा कि सामान्यतः यह धारणा बनी रहती है कि समाज एवं पर्यावरण के लिए कार्य करना केवल सरकार की जिम्मेदारी है, जबकि वास्तविक परिवर्तन तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक अपनी नैतिक जिम्मेदारी को समझते हुए सक्रिय भूमिका निभाए। उन्होंने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक एवं संवेदनशील बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि व्यक्ति जीवन में कहीं भी रहे, किन्तु एक आयु के बाद उसे अपने गांव, अपने देश और अपनी जड़ों की याद अवश्य आती है। उन्होंने कहा कि हमारी जीवनशैली को व्यवस्थित एवं सुचारु रूप से संचालित करने में गांव एवं समाज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। समाज अथवा देश में घटित किसी भी दुखद अथवा असामाजिक घटना का प्रभाव प्रत्येक संवेदनशील व्यक्ति पर पड़ता है। कार्यक्रम में राजवीर तोमर, दीपक दायपुरिया, विनोद पाराशर, ब्रजेंद्र, सचिन आदि उपस्थित रहे।

34 साल बाद तय हुआ आरोप ,कोर्ट ने अभियोजन गवाह को किया तलब

सुलतानपुर। 1992 में आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान डाकखाना कुड़वार में तोड़फोड़ करने के आरोप में छात्रों पर दर्ज मुकदमे में 34 साल बाद बुधवार को 11 आरोपितों के खिलाफ आरोप (चार्ज) तय किया गया है। बचाव पक्ष के अधिवक्ता विजेंद्र द्विवेदी ने बताया कि एसीजेएम पंचम मयूरेश श्रीवास्तव ने आरोपितों के खिलाफ आरोप तय कर अभियोजन गवाह को तलब किया है। मामले में अगली सुनवाई 10 जुलाई को होगी। 19 नवंबर 1992 को आरक्षण विरोधी आंदोलन के दौरान वीपी इंटर कॉलेज कुड़वार के छात्रों पर पोस्ट ऑफिस कुड़वार में तोड़फोड़ करने का आरोप लगा है। पोस्ट ऑफिस के उप डाकपाल आरपी राय ने छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले में नंद कुमार सिंह, विनोद सिंह, मनोज तिवारी, संतोष सिंह, रमेश मिश्र, उमेश तिवारी, कौशलेंद्र, रामकरन, ओम प्रकाश समेत कई छात्रों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। 34 साल बाद आरोप तय होने पर अब मामले में गवाही शुरू होगी।

हत्यारोपी पत्नी की जमानत खारिज

सुलतानपुर। पति की हत्या करने के आरोप में जेल में निरुद्ध आरोपित पत्नी मीरा देवी को कोर्ट से जमानत नहीं मिल पाई है। एडीजे तृतीय राम प्रताप सिंह राणा ने बचाव पक्ष व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता अरविंद सिंह राजा की बहस सुनने के बाद हत्यारोपी मीरा देवी की जमानत खारिज कर दी है। आरोप है कि हलियापुर के लाला का पुरवा डोभियारा निवासी गया प्रसाद की 19 दिसंबर 2025 को पत्नी मीरा देवी ने लोहे के राड से मारकर हत्या कर दी थी। मृतक की मां रामदुलारी ने बहू मीरा देवी के खिलाफ केस दर्ज कराया था।

बी ए एवं एम ए भूगोल की प्रायोगिक परीक्षा आज

सुल्तानपुर। राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के भूगोल विषय के बी०ए० षष्ठ्म सेमेस्टर एवं एम ए चतुर्थ सेमेस्टर (मुख्य परीक्षा एंव सप्लीमेन्ट्री) की प्रायोगिक परीक्षा 25 जून को सुबह 9 बजे से महाविद्यालय में सम्पन्न होगी । विभागाध्यक्ष डॉ आलोक कुमार ने बताया कि सभी छात्र/छात्राएं कला संकाय भूगोल विभाग में अपने प्रवेश-पत्र, प्रोजेक्ट फाइल एवं प्रैक्टिकल फाइल व अन्य आवश्यक सामग्री के साथ उक्त तिथि एवं समय पर महाविद्यालय में उपस्थित रहें। प्रायोगात्मक परीक्षा छूट जाने पर सम्पूर्ण जिम्मेदारी स्वयं छात्र/छात्राओं की होगी।

नाजिया इलाही खान के बयान पर विरोध

एआईएमआईएम ने डीएम-एसएसपी को ज्ञापन सौंपा

इटावा। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष शमशाद हुसैन वारसी के नेतृत्व में समस्त मुस्लिम समाज की ओर से जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर सोशल मीडिया पर प्रसारित नाजिया इलाही खान के कथित बयानों पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई।

ज्ञापन में कहा गया कि सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो एवं टिप्पणियों में इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मोहम्मद एवं उनकी अहलिया हजरत आयशा के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं, जिससे मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। एआईएमआईएम एवं समस्त मुस्लिम समाज की ओर से प्रशासन से मांग की गई कि पूरे मामले की निष्पक्ष एवं निष्कर्षात्मक जांच कराई जाए तथा यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध भारतीय कानून के प्रावधानों के अनुसार एफआईआर दर्ज कर कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में एआईएमआईएम जिलाध्यक्ष शमशाद हुसैन वारसी, एड. जामिन खान, हाजी नसीम सिद्दीकी, शफी चिश्ती, मो. तारिक, एहसान खान, मो. सलमान, अजय प्रताप सिंह कुशवाहा, मो. शावेज, मो. असलम, मो. राजा, शरीफ खान, मो. गुफरान, मो. नईम अंसारी, दानिश अख्तर, शहबाज खान, मो. शादान, अदनान, नियाज अली, इमरान उपस्थित रहे।

जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं सुदृढ़ बनाए जाने के उद्देश्य से विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में अवगत कराया गया कि जनपद में कुल 14 ब्लैक स्पॉट चिन्हित किए गए हैं, जिनमें बकेवर क्षेत्र में सराय मिट्ठे के पास, बिजौली ओवरब्रिज के पास, शाह फूट के समीप सर्विस रोड, इकदिल क्षेत्र में मस्जिद के पास, मानिकपुर मोड़ स्थित टाटा मोटर्स के समीप, विगरी आश्रम के पास, फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में समृद्धि हॉस्पिटल के पास, आईटीआई चैराहा सर्विस रोड, सिविल लाइन क्षेत्र में डीपीएस स्कूल से सचेतन डिग्री कॉलेज मार्ग, जसवंतनगर क्षेत्र में रॉयल होटल मलाजनी, बसरेहर के राहिन तिराह, सैफई क्षेत्र में 33ध11 केवी हेवरा पावर हाउस तथा ऊसराहार क्षेत्र में एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या 125 एवं 129 के निकट स्थित स्थान शामिल हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सड़कों पर अनियमित रूप से खड़े होने वाले भारी एवं व्यावसायिक वाहनों के लिए निर्धारित स्थान चिन्हित किए जाएं तथा वहां होल्डिंग एवं साइनेज स्थापित कर वाहनों को केवल चिन्हित स्थानों पर ही खड़ा कराया जाए। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग की बसों में जहरीखुरानी की घटनाओं में वृद्धि हो रही है तथा पिछले 15 दिनों में ऐसी पांच घटनाएं सामने आई हैं। उन्होंने निर्देशित किया कि बस चालकों एवं परिचालकों द्वारा यात्रियों को नियमित रूप से जागरूक किया जाए तथा बसों में चेतावनी संदेश अंकित कराए जाएं कि किसी अज्ञात व्यक्ति से बिस्कुट, चाय, कोल्ड ड्रिंक अथवा अन्य खाद्य सामग्री ग्रहण न करें। बैठक के दौरान एआरटीओ प्रदीप देशमणि, एसीएमओ, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद संतोष कुमार मिश्र, लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संक्षेप

सुरक्षा मापदण्डों के अनदेखी पर दो लाईब्रेरी सील

भटनी(देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र विभिन्न स्थानो पर चल रहे कोचिंग केन्द्रों व लाईब्रेरी के सुरक्षा मापदण्डों की जाँच पुलिस व राजस्व टीम ने की जिसमें साहोपार एवं नकहनी चौराहे पर स्थित लाईब्रेरी को सुरक्षा मापदण्डों को दरकिनार कर चलाये रहे दोनो लाईब्रेरियो को सील कर दिया गया।बताया गया है कि लखनऊ के कोचिंग सेन्टर पर हुए अग्नि काण्ड को प्रदेश सरकार ने बडे गम्भीरता से लिया इसी क्रम में पुरे प्रदेश में कोचिंग केन्द्रों व लाईब्रेरियो के सुरक्षा मानको की जाँच की जा रही है।भटनी में नायब तहसीलदार हरि जी एवं थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार राय के नेतृत्व में बुधवार को क्षेत्र के विभिन्न कोचिंग केन्द्रों एवं लाईब्रेरियो की जाँच की गयी।

कुछ तो बन्द पाये गये लेकिन साहोपार एवं नकहनी चौराहे पर स्थित दो लाईब्रेरियो को सुरक्षा मानकों को दरकिनार कर चलाये जा रहे केन्द्रों को पुलिस एवं राजस्व विभाग की टीम ने सील कर रिपोर्ट जिला प्रशासन को भेज दिया है।

डीएम ने सीएचसी तरकुलवा का किया निरीक्षण

जिला संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आज प्रातः 8 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, तरकुलवा का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं कंसर्न अधिकारी उपस्थित पाए गए, जबकि कुछ अन्य कर्मचारी अनुपस्थित मिले।

जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. गुप्ता को निर्देशित किया कि अनुपस्थित कर्मियों को सचेत किया जाए तथा समय से अस्पताल में उपस्थिति सुनिश्चित कराई जाए।

निरीक्षण के दौरान जांच के लिए आई एक गर्भवती महिला का मातृ-शिशु कार्ड चेक किया गया तथा उनका शुगर एवं ब्लड टेस्ट कराया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित आशा कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि जांच में प्राप्त सभी आंकड़ों को मातृ-शिशु कार्ड पर अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए।

जिलाधिकारी ने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि ग्रासरूट स्तर पर श्री-ए (आशा, आंगनबाड़ी एवं एएनएम) को ग्राम स्वच्छता, स्वास्थ्य, पोषण समिति सत्रों में सक्रिय रखा जाए तथा क्षेत्र भ्रमण के लिए कड़े निर्देश दिए जाए। साथ ही सीएचओ, एचईओ एवं एआरओ को भी क्षेत्र भ्रमण एवं आयोजित सत्रों में नियमित रूप से भाग लेने के निर्देश दिए। ड्यू लिस्ट का सत्यापन किया जाए तथा गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं एवं बच्चों का निर्धारित रोस्टर के अनुसार टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। मातृ-शिशु कार्ड का शत-प्रतिशत अद्यतन किया जाए।

जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान ओपीडी, प्रसव केन्द्र, पंजीकरण कक्ष, दवा वितरण केन्द्र सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया तथा उपस्थिति पंजिका का भी अवलोकन किया।

उन्होंने अनुपस्थित कर्मचारियों को सचेत किए जाने, समय से अस्पताल आने, मरीजों का समुचित उपचार सुनिश्चित करने तथा अस्पताल परिसर में साफ-सफाई की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

- मरीजों को बेहतर उपचार और समय पर टीकाकरण करें सुनिश्चित : डीएम
- अस्पतालों में समय से उपस्थित रहें कर्मचारी
- स्वास्थ्य सेवाओं की परखी हकीकत

महारानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

जिला संवाददाता

देवरिया। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा, देवरिया के द्वारा आयोजित संगोष्ठी एवं पौधरोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा देवरिया के जिला अध्यक्ष श्री विजय कुमार गोंड ने संबोधित करते हुए कहा कि महान वीरांगना, स्वाभिमान एवं अदम्य साहस की प्रतीक महारानी दुर्गावती जी के बलिदान दिवस पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

उन्होंने कहा कि महारानी दुर्गावती जी ने मातृभूमि, धर्म और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका जीवन संघर्ष, त्याग, पराक्रम और राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा है, जो आज भी समाज को प्रेरणा प्रदान करती है। कार्यक्रम के सह संयोजक व भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा देवरिया के जिला महामंत्री श्री पंकज सिंह गोंड ने कहा कि गोंडवाना साम्राज्य की रक्षा हेतु अद्वितीय साहस का परिचय देते हुए विदेशी आक्रांताओं के समक्ष कभी भी आत्मसमर्पण नहीं किया श्री पंकज सिंह गोंड ने कहा कि महारानी दुर्गावती जी का बलिदान देश की नारी शक्ति, आदिवासी समाज और समस्त राष्ट्र के लिए गौरव का विषय है। उनके आदर्शों को आत्मसात कर हमें समाज एवं राष्ट्र के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए उक्त कार्यक्रम के संयोजक एवं भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष श्री अनिल गोंड ने सभी नागरिकों से महारानी दुर्गावती जी के आदर्शों पर चलने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया।कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष श्री शिवा जी शाह, जिला कोषाध्यक्ष श्री पंकज कुमार गोंड भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा घाटी के मंडल अध्यक्ष श्री प्रभुनाथ प्रसाद गोंड, पूर्व मंडल अध्यक्ष श्री मैनेजर प्रसाद गोंड इत्यादि मोर्चा के ऊजार्वान कार्यकर्ता साथियों की विशेष उपस्थिति रही।

भारतीय विद्यालय प्रबंधक संघ ने किया जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात

देवरिया। भारतीय विद्यालय प्रबंधक संघ का प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रामजियावन मौर्य से शिष्टाचार मुलाकात की।मुलाकात के दौरान बीएसए को विद्यालय संचालन में आ रही समस्या से अवगत कराया गया। जिस पर बीएसए ने हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। भारतीय विद्यालय प्रबंधक संघ ने कहा कि मान्यता से पहले विद्यालय प्रपत्रों की सम्यक जांच करके ही विद्यालय की मान्यता दी जाए, बेवजह विद्यालय को परेशान न किया जाए।भारतीय विद्यालय प्रबंधक संघ ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को सम्मानित भी किया।मुलाकात के दौरान संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ओमप्रकाश मणि, राष्ट्रीय संयोजक अभय निगम, राष्ट्रीय महामंत्री राजीव कुमार मिश्रा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बागेश्वरी मिश्र, राष्ट्रीय संगठन मंत्री धनंजय नाथ त्रिपाठी, विवेकानंद पाण्डेय, विवेकानंद तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, चंद्रशेखर मल्ल व सुबाष पति त्रिपाठी सहित तमाम प्रबंधक मौजूद रहे।

उक्त आशय की जानकारी राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी व राष्ट्रीय प्रवक्ता विपिन कुमार शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

मुख्य सेविकाओं की क्षमता संवर्धन के लिए जिलाधिकारी ने कराई परीक्षा

देवरिया। बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग की संचालित योजनाओं को जमीनी स्तर पर पूरी पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ पहुंचाए जाने के लिए जनपद में कार्यरत 71 मुख्य सेविकाओं के क्षमता संवर्धन हेतु जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में परीक्षा आयोजित कराई गई, जिसके माध्यम से मुख्य सेविकाओं को उनकी कार्यक्षमता में वृद्धि के लिए विभागीय योजनाओं पर आधारित प्रश्नावली दी गई। उनसे उसके सही उत्तर लिए गए। उद्देश्य था कि वे फील्ड स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्तियों के प्रभावी गृह भ्रमण, वीएचएसएनडी सत्रों, लाभार्थियों के टीकाकरण आदि कार्यों का अनुश्रवण कर सकें।

मुख्य सेविकाओं की क्षमता वृद्धि हो तथा क्षेत्र में उनका अनुभव परिलक्षित हो, जिससे उसके अनुरूप उनकी बिल्डिंग कैपेसिटी हेतु प्रशिक्षण कराए जाने की तैयारी की जा सके। शीघ्र ही इन मुख्य सेविकाओं को फील्ड में आंगनबाड़ी केंद्रों के निरीक्षण, ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति सत्रों को सुदृढ़ करने तथा सहयोगी पर्यवेक्षण हेतु प्रशिक्षण कराया जाएगा, जिससे लाभार्थियों को अधिकतम लाभ एवं सेवाएं प्रदान की जा सकें। मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा एवं प्रशिक्षण बहुमुखी क्षमता वृद्धि का एक सशक्त माध्यम है। इसे सही तरीके से अपनाकर अपनी क्षमता को और विकसित किया जा सकता है। वहीं अनुभवों के माध्यम से योजनाओं को जमीन पर उतारने तथा पात्रों तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा सकती है। उन्होंने मुख्य सेविकाओं से कहा कि बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की आप सभी एक सशक्त एवं मजबूत कड़ी हैं। आप लोगों के ज्ञान, अनुभव एवं क्षमता वृद्धि का सीधा प्रभाव योजनाओं को बेहतर तरीके से जमीनी स्तर तक पहुंचाने में दिखाई देगा। इसलिए अपनी विभागीय योजनाओं, गतिविधियों एवं कार्यप्रणालियों की सही जानकारी रखें तथा उसे आमजन तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभाएं।

पक्की सराय हादसे में बड़ी कार्रवाई, दो मौतों के बाद सात लोगों पर मुकदमा दर्ज

जिला संवाददाता

आगरा। ताजगंज क्षेत्र के पक्की सराय में कुछ दिन पहले हुए दर्दनाक हादसे में अब पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। जर्जर छज्जा और शौचालय के भरभराकर गिरने से एक मासूम बच्चे और एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी। मामले में पीड़ित परिवार की शिकायत पर मकान मालिक समेत सात लोगों को नामजद किया गया है। बताया गया है कि पक्की सराय क्षेत्र में स्थित एक पुराने मकान का जर्जर छज्जा और उससे जुड़ा शौचालय अचानक भरभराकर गिर पड़ा था। हादसे के समय वहां से गुजर रहे लोग इसकी चपेट में आ गए। मलबे में दबने से फैसल नामक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल रमेश राठौर को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उन्होंने भी दम तोड़ दिया। इस हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल बन गया था। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मकान की हालत लंबे समय से बेहद खराब थी और जर्जर छज्जा कभी भी गिर सकता था। इसके बावजूद मकान मालिक और संबंधित लोगों ने इसकी मरम्मत या हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया। स्थानीय लोगों का कहना है कि मोहल्ले के कई लोगों ने पहले भी मकान मालिक को छज्जे की खतरनाक स्थिति के बारे में आगाह किया था। लोगों ने संभावित हादसे की चेतावनी देते हुए समय रहते कार्रवाई करने की सलाह भी दी थी, लेकिन कथित तौर पर इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। हादसे के बाद पीड़ित परिवार ने मकान मालिक अंसार और उसके परिजनों पर घोर लापरवाही का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में कहा गया कि यदि समय रहते जर्जर हिस्से को हटाया या मरम्मत करा दिया जाता तो दो लोगों की जान बच सकती थी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद मकान मालिक अंसार समेत सात नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कोचिंग और लाइब्रेरी उद्योग की अव्यवस्था, कब जागेगा प्रशासन

बरहज,देवरिया। प्रदेश के छोटे कस्बों, बाजारों, चौराहों और बड़े महानगरों तक आज कोचिंग संस्थानों का जाल तेजी से फैल चुका है। शिक्षा के नाम पर यह एक विशाल व्यवसाय का रूप ले चुका है, जिसमें हजारों करोड़ रुपये का कारोबार हो रहा है। प्रतियोगी परीक्षाओं और बेहतर भविष्य की उम्मीद में लाखों छात्र इन संस्थानों का रुख करते हैं, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य यह है कि अधिकांश स्थानों पर छात्रों की सुरक्षा, सुविधाओं और मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। स्थिति यह है कि कई कोचिंग संस्थान बेसमेंट, संकरी गलियों और छोटे-छोटे कमरों में संचालित हो रहे हैं। क्षमता से कई गुना अधिक छात्रों को एक ही कमरे में बैठाया जाता है। यह बाते कहना है बीआरडी बीडी पीजी कालेज बरहज के पूर्व प्राचार्य डा.अजय मिश्र का। उन्होंने कहा कि अग्निशमन व्यवस्था, आपातकालीन निकास, वेंटिलेशन, प्रकाश, स्वच्छता और भवन सुरक्षा जैसे बुनियादी मानकों को ताक पर रख दिया जाता है। बच्चों को मानो भेड़-बकरियों की तरह ठूंसकर बैठाया जाता है। ऐसे में आग लगने, भवन ध्वस्त होने या किसी अन्य दुर्घटना की स्थिति में भारी जनहानि की आशंका बनी रहती है। पिछले कुछ वर्षों में देश के विभिन्न हिस्सों में हुई घटनाओं ने इस खतरे को बार-बार उजागर किया है, लेकिन प्रशासनिक तंत्र की सक्रियता अक्सर केवल हादसों के बाद ही दिखाई देती है।कोचिंग संस्थानों की तरह हाल के वर्षों में लाइब्रेरी व्यवसाय भी तेजी से बढ़ा है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए निजी लाइब्रेरी एक बड़े उद्योग के रूप में उभरी हैं। लेकिन यहां भी हालात कम चिंताजनक नहीं हैं। अधिकांश लाइब्रेरी बिना किसी स्पष्ट नियमन के संचालित हो रही हैं। तंग कमरों में सैकड़ों छात्रों को बैठाया जाता है। अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास, पर्याप्त शौचालय, स्वच्छ पेयजल और स्वास्थ्यकर वातावरण जैसी सुविधाएं या तो अनुपस्थित हैं या केवल कागजों में मौजूद हैं। कई स्थानों पर विद्युत व्यवस्था भी बेहद खराब होती है, जो दुर्घटनाओं को निमंत्रण देती है।सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि आखिर इन संस्थानों को संचालित करने की अनुमति कैसे मिल जाती है? क्या स्थानीय प्रशासन, नगर निकाय, विकास प्राधिकरण और शिक्षा विभाग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं। यदि नियम मौजूद हैं तो उनका पालन क्यों नहीं कराया जा रहा हैं। नियम अपर्याप्त हैं तो उन्हें तत्काल सख्त बनाने की आवश्यकता है।सरकार और प्रशासन की जिम्मेदारी केवल दुर्घटना के बाद जांच बैठाने और दोषियों पर कार्रवाई करने तक सीमित नहीं हो सकती। उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक कोचिंग संस्थान और लाइब्रेरी का नियमित निरीक्षण हो। भवन सुरक्षा प्रमाणपत्र, अग्निशमन विभाग की अनापत्ति, क्षमता निर्धारण, सीसीटीवी व्यवस्था और आपातकालीन निकास जैसी शर्तों का कठोरता से पालन कराया जाए। बिना मानकों को पूरा किए किसी भी संस्थान को संचालन की अनुमति न दी जाए।इसके साथ ही छात्रों और अभिभावकों को भी जागरूक बनाने की आवश्यकता है। केवल नाम, विज्ञापन और सफलता के दावों के आधार पर संस्थान चुनने के बजाय सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं को भी प्राथमिकता देनी चाहिए। शिक्षा का उद्देश्य बच्चों का भविष्य बनाना है, उन्हें जोखिम में डालना नहीं।आज आवश्यकता इस बात की है कि सरकार कोचिंग और लाइब्रेरी क्षेत्र के लिए एक स्पष्ट और कठोर नियामक ढांचा तैयार करे। नियमित निरीक्षण, पारदर्शी लाइसेंसिंग व्यवस्था और नियमों के उल्लंघन पर कठोर दंड सुनिश्चित किए जाएँ। अन्यथा शिक्षा के नाम पर चल रहा यह अनियंत्रित व्यवसाय किसी बड़े हादसे का कारण बनता रहेगा और हर दुर्घटना के बाद वही सवाल गूंजता रहेगा—क्या प्रशासन किसी और त्रासदी का इंतजार कर रहा था।शिक्षा का वातावरण सुरक्षित, व्यवस्थित और मानक आधारित होना चाहिए। यह केवल संस्थान संचालकों की नहीं, बल्कि सरकार और प्रशासन की भी संवैधानिक तथा नैतिक जिम्मेदारी है। जब तक इस जिम्मेदारी का गंभीरता से निर्वहन नहीं होगा।

मेहरौना के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पढ़ायेंगे विषय विशेषज्ञ, आवेदन शुरू

देवरिया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय योजनान्तर्गत जय प्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (बालक), मेहरौना में स्थापित उत्कृष्टता केंद्र (सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) में जेईई (मेन) एवं नीट की तैयारी हेतु विषय विशेषज्ञों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

भौतिकी, रसायन विज्ञान एवं गणित विषयों के लिए संबंधित विषय में एमएससी, बीटेक अथवा एमटेक तथा जीव विज्ञान विषय के लिए एमएससी, एमबीबीएस, बीएएमएस या बीडीएस योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी अपने शैक्षिक अभिलेखों सहित आवेदन 1 जुलाई 2026 तक जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय, देवरिया अथवा 9140893676 पर व्हाट्सएप के माध्यम से भेज सकते हैं।

आपसी समन्वय से जनपद को बनायेंगे संचारी रोग मुक्त: जिलाधिकारी

मथुरा। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान (1 से 31 जुलाई) और दस्तक अभियान (11 से 31 जुलाई) की तैयारियों को लेकर कलेक्ट्रेट में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता और सीएमओ डॉ. राधावल्लभ सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य, नगर निगम, पंचायती राज और शिक्षा सहित सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय (प्दजमतक मचंतजउमदजंस ब्ववतकपदंजपवद) के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और दिमागी बुखार जैसे रोगों की रोकथाम के लिए साफ-सफाई के साथ-साथ जन-जागरूकता बेहद जरूरी है। संवेदनशील इलाकों में छिड़काव और फॉगिंग प्राथमिकता के आधार पर कराई जाए।

बिजली विभाग मे भर्ती घोटाले पर पर्दा डालने की कोशिश? खुलासे के बाद भी जांच नहीं

कुशीनगर। बिजली विभाग में कथित रूप से लाखों रुपये लेकर की गई कम्प्यूटर ऑपरेटरों की नियुक्तियों का मामला सामने आने और मीडिया में प्रमुखता से प्रकाशित होने के बावजूद अब तक किसी स्तर पर जांच शुरू नहीं की गई है। इससे न केवल भर्ती प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल और गहरे हो गए हैं, बल्कि जिम्मेदार अधिकारियों की चुप्पी भी संदेहों को बल दे रही है।बीते दिनो मीडिया द्वारा प्रकाशित खबर में यह गंभीर आरोप सामने आया था कि आउटसोर्सिंग कम्पनी ने बिना किसी सार्वजनिक विज्ञापन, बिना मेरिट सूची और बिना पारदर्शी चयन प्रक्रिया के दर्जनों युवाओं को कम्प्यूटर ऑपरेटर के पद पर नियुक्त कर दिया। सूत्रों का दावा है कि इन नियुक्तियों के लिए अभ्यर्थियों से डेढ़ से दो लाख रुपये तक वसूले गए। लेकिन खबर प्रकाशित होने के कई दिन बाद भी न तो विभागीय जांच बैठी और न ही किसी अधिकारी ने नियुक्ति प्रक्रिया के सफाई में अपना मुंह खोलने की जहमत उठाई। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यदि भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह नियमों के अनुरूप थी तो विभाग अब तक चयन से संबंधित दस्तावेज सार्वजनिक क्यों नहीं कर रहा? नियुक्त कर्मचारियों की सूची, आवेदन प्रक्रिया, विज्ञापन की प्रति, चयन समिति का गठन और मेरिट का आधार आखिर जनता के सामने क्यों नहीं लाया जा रहा?मामले को लेकर बेरोजगार युवाओं में भी नाराजगी बढ़ रही है। युवाओं का कहना है कि यदि नियुक्तियां पहले से तय थीं तो जिले के हजारों शिक्षित बेरोजगारों को आवेदन का अवसर क्यों नहीं दिया गया? क्या सरकारी विभागों से जुड़ी नौकरियां अब आम युवाओं की पहुंच से बाहर होकर केवल पैसे वालों तक सीमित हो गई हैं?चर्चा यह भी है कि भर्ती के इस कथित खेल में सिर्फ आउटसोर्सिंग कम्पनी ही नहीं, बल्कि कुछ प्रभावशाली लोगों की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। आखिर ऐसा कौन सा संरक्षण प्राप्त है जिसके चलते नियुक्तियां होती रहीं और किसी स्तर पर कोई सवाल नहीं उठा?

- खबर छपी, सच सामने आया, फिर भी कार्रवाई गायब! बिजली विभाग में किसे बचाया जा रहा है
- न विज्ञापन, न मेरिट, न जांच... आखिर किस नियम से बांटी गई बिजली विभाग मे नौकरियां

मामले में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि खुलासे के बाद भी प्रशासनिक खामोशी बरकरार है। आमतौर पर ऐसे गंभीर आरोप सामने आने पर प्रथम द्दष्टया जांच के आदेश दिए जाते हैं, लेकिन यहां जिम्मेदार विभाग और जिला प्रशासन दोनों मौन दिखाई दे रहे हैं। यह मौन स्वयं कई सवाल खड़े कर रहा है। कहना ना होगा कि जिले के बेरोजगार युवाओं और आम जनता की निगाहें जिला प्रशासन तथा विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों पर टिकी हैं। सब यह है कि आरोप निराधार हैं तो उन्हें सार्वजनिक रूप से खारिज किया जाए और यदि आरोपों में सच्चाई है तो दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। क्योंकि मामला केवल 17 नियुक्तियों का नहीं है, बल्कि उन हजारों युवाओं के विश्वास का है जो आज भी योग्यता के दम पर नौकरी पाने का सपना देख रहे हैं।

उठ रहे सवाल का जवाब दे विभाग

बिजली विभाग मे आउटसोर्सिंग कम्प्यूटर आपरेटरों की हुई भर्ती का विज्ञापन कब और कहां प्रकाशित हुआ?, आवेदन कितने अभ्यर्थियों ने किया था?, चयन समिति में कौन-कौन शामिल थे?, चयनित अभ्यर्थियों की मेरिट सूची कहां है? यह सब कुछ नियमों के अनुसार हुआ है तो विभाग दस्तावेज सार्वजनिक करने से क्यों बच रहा है? आखिर खबर छपने के बाद भी जांच शुरू क्यों नहीं हुई?इन सवालों का जवाब मिलने तक भर्ती प्रक्रिया पर उठ रहे संदेह खत्म नही होगा।

अस्पताल परिसर में मिला अधेड़ का शव

अयोध्या। जिला अस्पताल परिसर में मंगलवार की रात लावारिश हाल में एक अधेड़ मिला है। सूचना पर अधेड़ को इमरजेंसी में लाया गया तो डाक्टर ने परीक्षण कर उसको मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि एक लगभग 45 वर्षीय अधेड़ लावारिश हाल में पड़ा था। पहले तो उधर से गुजर रहे मरीज और तीमारदारों ने ध्यान नहीं दिया लेकिन काफी देर तक वह वैसे ही पड़ा रहा तो मामले की जानकारी अस्पताल प्रशासन को दी गई। इसके बाद सक्रिय कर्मियों ने अधेड़ को इमरजेंसी ओपीडी पहुंचाया,जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने परीक्षण के बाद अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि मृतक के पास ऐसा कुछ नहीं मिला है,जिसकी पहचान हो सके।

एक ही रात में दस किसानों की समरसेबल केबल चोरी

फतेहपुर सीकरी। थाना क्षेत्र के गांव इमलावदा में समरसेबल की केबल चोरी की लगातार हो रही घटनाओं से किसानों में भारी आक्रोश है। गांव के करीब दस किसानों के खेतों में लगी समरसेबलों की केबल चोरी होने से सिंचाई व्यवस्था ठप हो गई है। पीड़ित किसानों की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव इमलावदा निवासी धर्मेंद्र पुत्र रमेश चंद्र ने थाना फतेहपुर सीकरी में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 19/20 जून की रात उनके खेत में लगी समरसेबल की केबल चोरी हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव में लगातार समरसेबल की केबल चोरी की घटनाएं हो रही हैं, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। धर्मेंद्र ने अपनी तहरीर में बताया कि उनके अलावा गांव के संतोष उपाध्याय, दयाशंकर, मुकेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, प्रेमचंद, हरिराम, डालचंद, धर्म सिंह और धर्मवीर की समरसेबलों की केबल भी चोरी हुई हैं। लगातार हो रही चोरियों के कारण किसानों की फसल की सिंचाई प्रभावित हो रही है और खेती का कार्य बाधित हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में समरसेबल की केबल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन अब तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं हो सका है। इससे किसानों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। किसानों ने पुलिस प्रशासन से चोरों की शीघ्र गिरफ्तारी कर चोरी की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने की मांग की है। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

शिक्षक को बीच सड़क पर पीटा, छात्राओं से छेड़खानी का विरोध करना पड़ा भारी

आगरा। शाहगंज थाना क्षेत्र के कोठी मीना बाजार इलाके में ट्यूशन पढ़ने वाले बच्चों के साथ कथित बदसलूकी और छेड़खानी का विरोध करना एक शिक्षक को भारी पड़ गया। आरोप है कि शिकायत लेकर पहुंचे शिक्षक और एक अभिभावक के साथ आरोपियों ने गाली-गलौज की और फिर बीच सड़क पर मारपीट कर दी। घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार शिक्षक रोहित शर्मा को कुछ छात्र-छात्राओं और उनके परिजनों ने बताया था कि क्षेत्र का एक युवक बच्चों, विशेषकर छात्राओं के साथ अभद्र व्यवहार करता है और उन्हें परेशान करता है। इस संबंध में बातचीत और विरोध दर्ज कराने के लिए शिक्षक रोहित शर्मा एक अभिभावक के साथ आरोपी पक्ष के पास पहुंचे थे। आरोप है कि बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और साहिल नामक युवक तथा उसके साथियों ने शिक्षक और अभिभावक के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने शिक्षक रोहित शर्मा के साथ मारपीट कर दी। बीच सड़क पर हुई इस घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित शिक्षक और अभिभावक शाहगंज थाने पहुंचे और मामले की तहरीर दी। पुलिस ने शिकायत के नामजद आरोपी साहिल समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

कुशीनगर में नियम ताक पर, खतरे में छात्र और पर्यटक

कुशीनगर। सूबे राजधानी लखनऊ के कोचिंग संस्थान में हुए दर्दनाक हादसे ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया, लेकिन कुशीनगर में मानो इस घटना से कोई सीख नहीं ली गई है। जिले में संचालित होटल, रेस्टोरेंट, कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरी सुरक्षा मानकों को ताक पर रखकर धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। अधिकांश संस्थानों के पास फायर विभाग की एनओसी नहीं है, अग्निशमन यंत्र या तो नहीं हैं या सिर्फ औपचारिकता के लिए लगाए गए हैं। ऐसे में ये संस्थान किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकते हैं।बुद्ध मंदिर मार्ग समेत जिले के विभिन्न कस्बों और नगर क्षेत्रों में दर्जनों होटल-रेस्टोरेंट संचालित हो रहे हैं। वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले कोचिंग संस्थानों और 24 घंटे चलने वाली लाइब्रेरियों की संख्या भी तेजी से बढ़ी है। इनमें रोजाना सैकड़ों छात्र-छात्राएं और पर्यटक आते-जाते हैं, लेकिन सुरक्षा व्यवस्था भगवान भरोसे है।

- कुशीनगर के होटल, कोचिंग, लाइब्रेरी और रेस्टोरेंटों में मौत का इंतजाम

कोचिंग और लाइब्रेरी बने टाइम बम

बतादे कि जिले में कई कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरियां तंग गलियों, बहुमंजिला इमारतों और व्यावसायिक परिसरों में संचालित हो रही हैं। अधिकांश स्थानों पर आपातकालीन निकास (इमरजेंसी एग्जिट), फायर अलार्म, स्मोक डिटेक्टर और अग्निशमन यंत्रों की समुचित व्यवस्था नहीं है। यदि आग या अन्य आपदा की स्थिति उत्पन्न हो जाए तो छात्रों के सुरक्षित बाहर निकलने का रास्ता तक नहीं है। लखनऊ हादसे ने दिखा दिया कि थोड़ी सी लापरवाही किस तरह से जिंदगियों को निगल सकती है। इसके बावजूद कुशीनगर में प्रशासनिक स्तर पर कोई व्यापक जांच अभियान दिखाई नहीं दे रहा।

लाखों की कमाई, सुरक्षा पर खर्च नहीं

जानकारों की माने तो होटल, रेस्टोरेंट, कोचिंग और लाइब्रेरी संचालक हर माह लाखों रुपये की कमाई कर रहे हैं, लेकिन सुरक्षा इंतजामों पर खर्च करने से बच रहे हैं। कई संस्थानों में विद्युत वायरिंग तक मानक के अनुरूप नहीं है। जनरेटर, इन्वर्टर और एयर कंडीशनर जैसे उपकरणों का उपयोग तो हो रहा है, लेकिन आग से बचाव के उपाय नहीं किए गए हैं।

प्रशासनिक चुप्पी पर उठ रहे सवाल

सबसे बड़ा सवाल यह है कि फायर विभाग, नगर निकाय और जिला प्रशासन आखिर इन संस्थानों की जांच क्यों नहीं कर रहे हैं? क्या सुरक्षा नियम केवल कागजों तक सीमित हैं? यदि फायर एनओसी और सुरक्षा मानक अनिवार्य हैं तो बिना इनके संस्थान कैसे संचालित हो रहे हैं?

पर्यटन नगरी की छवि भी दांव पर

विश्व प्रसिद्ध बौद्ध पर्यटन स्थल कुशीनगर में प्रतिवर्ष हजारों विदेशी पर्यटक आते हैं। यदि किसी होटल या सार्वजनिक प्रतिष्ठान में आग जैसी घटना होती है तो इसका असर केवल जनहानि तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि जिले और प्रदेश की अंतरराष्ट्रीय छवि पर भी गहरा धब्बा लगेगा। लखनऊ कोचिंग हादसे के बाद पूरे प्रदेश में सुरक्षा मानकों की समीक्षा की मांग उठ रही है। कुशीनगर में भी होटल, रेस्टोरेंट, कोचिंग सेंटर और लाइब्रेरियों का विशेष ऑडिट कराया जाना समय की मांग है। सवाल यह है कि क्या जिम्मेदार विभाग समय रहते जागेंगे या फिर किसी बड़े हादसे के बाद केवल कार्रवाई का दिखावा होगा?

सड़क हादसे में महिला की मौत, दो घायल

मथुरा। थाना कोसीकलां क्षेत्र के नंदगांव रोड फ्लाईओवर पर हुए बुधवार सुबह भीषण सड़क हादसे में एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पति सहित एक अन्य महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन द्वारा बाइक को टक्कर मारने से हुआ।

रहेरा गांव निवासी दंपति सुबह करीब 10:30 बजे बाइक से जा रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक नंदगांव रोड फ्लाईओवर पर पहुंची, पीछे से आए तेज गति के अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए लंबा जाम लग गया। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत अस्पताल भिजवाया गया, जहां एक महिला को मृत घोषित कर दिया गया, जबकि अन्य दो की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच कर अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी है।

गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने यमुना में लगाई पुण्य की डुबकी, उमड़ा सैलाब

मथुरा। गंगा दशहरा के अवसर पर बुधवार को मथुरा के यमुना घाटों पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह तड़के से ही बड़ी संख्या में लोग यमुना में आस्था की डुबकी लगाने के लिए पहुंचने लगे। विशेष रूप से प्रसिद्ध विश्राम घाट पर मथुरा और आसपास के जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु आए।श्रद्धालुओं ने यमुना में स्नान कर पूजा-अर्चना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि तथा मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, गंगा दशहरा के दिन पवित्र नदी में स्नान करने से पापों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। इस वर्ष अधिक मास के कारण गंगा दशहरा का पर्व दो बार मनाया जा रहा है, जिससे श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मथुरा-वृंदावन नगर निगम ने यमुना घाटों पर व्यापक व्यवस्थाएं कीं।

आर्थिक प्रगति के नये क्षितिज पर उत्तर प्रदेश

अरविन्द जयतिलक

> आंकड़ों के मुताबिक प्रदेश से सबसे अधिक निर्यात अमेरिका को हुआ है। इसके बाद यूके, यूएई, जर्मनी और नेपाल को निर्यात किया गया है। उत्तर प्रदेश से निर्यात में सबसे अधिक गौतमबुद्धनगर से 48 फीसदी (97,703 करोड़ रुपये) निर्यात हुआ है। इसी तरह गाजियाबाद से 18,728 करोड़, कानपुर नगर से 10,823 करोड़ और मुरादाबाद से 10,639 करोड़ रुपए का निर्यात हुआ है।

यह सुखद है कि वैश्विक मंदी और भयंकर युद्ध के माहौल में भी उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था उड़ान पर है। यह पहली बार हुआ है कि उत्तर प्रदेश का निर्यात दो लाख करोड़ के पार पहुंचा है। एक्सपोर्ट संस्था फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाईजेशन के आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2025-26 में उत्तर प्रदेश ने 2,01,241 करोड़ रुपए का निर्यात किया है। वित्त वर्ष 2024-25 में यह 1,86,059 करोड़ रुपए रहा। इस उपलब्धि ने उत्तर प्रदेश को देश के टॉप पांच निर्यातक राज्यों की कतार में खड़ा कर दिया है। भारत से होने वाले कुल निर्यात में अकेले यूपी की हिस्सेदारी 5.2 फीसदी है। इस दरम्यान भारत ने कुल 39,04,000 करोड़ रुपए का निर्यात किया है। आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश से सबसे अधिक निर्यात अमेरिका को हुआ है। इसके बाद यूके, यूएई, जर्मनी और नेपाल को निर्यात किया गया है। उत्तर प्रदेश से निर्यात में सबसे अधिक गौतमबुद्धनगर (नोएडा) से 48 फीसदी (97,703 करोड़ रुपए) निर्यात हुआ है। इसी तरह गाजियाबाद से 18,728 करोड़, कानपुर नगर से 10,823 करोड़ और मुरादाबाद से 10,639 करोड़ रुपए का निर्यात हुआ है।

उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि इस मायने में ज्यादा महत्वपूर्ण है कि देश के शीर्ष पांच निर्यातक राज्यों में एकमात्र लैडलॉक राज्य उत्तर प्रदेश ही है जिसके पास समुद्र तट नहीं है। एक कृषि राज्य होने के बावजूद भी यूपी निर्यात क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है। गौर करें तो एक कृषि प्रधान राज्य में कामकाज के मूल्यांकन का आधार कृषि, किसानों की दशा एवं वानिकी के साथ-साथ राज्य का विकास दर, कानून-व्यवस्था, उद्योग-धंधे, कल-कारखाने और सामाजिक समरसता ही होता है। इस कसौटी को आधार बनाएं तो यूपी की मौजूदा सरकार शानदार काम कर रही है। वर्ष 2017 में सत्ता का लगाम थामते ही सरकार ने कैबिनेट की पहली बैठक में लघु एवं सीमांत किसानों के एक लाख रुपए तक का फसली ऋण माफ किया। इस निर्णय से 2.15 करोड़ किसान लाभान्वित हुए। सरकार ने विगत नौ वर्षों में गन्ना किसानों को 3.22 लाख करोड़ रुपए का भुगतान कर उनके चेहरे पर खुशियां ला दी है। गौर करें तो यह 1994 से 2016 यानि 22 वर्षों में हुए कुल भुगतान से भी 90 हजार करोड़ रुपए अधिक है। सफल कृषि नीति से राज्य में कुल सिंचित क्षेत्र 133 लाख हेक्टेअर तक पहुंच गया है। इसी तरह अनाज उत्पादन में भी 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौर करें तो उत्तर प्रदेश की कृषि सूखा, बाढ़ और ओले के प्रहार से बर्बाद होती रहती है। इसे ध्यान में रखते हुए सरकार ने किसानों को फसल बीमा योजना से आच्छादित किया है। इसके दायरें में बंटाईदारों को भी लाया है। सरकार ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना के तहत किसानों को दिए जाने वाले हर चैथे महीने दो हजार रुपए का भुगतान को भी सुनिश्चित किया है। इससे किसानों को बड़ी राहत मिली है।

प्रतिबिंब

कृषि को मजबूती देने के लिए सरकार ने गोवंश की रक्षा के लिए कानून बनाये हैं और अवैध बुचड़खानों को बंद कराया है। एक कृषि प्रधान राज्य के विकास के लिए कृषि के उत्थान के साथ-साथ उद्योग-धंधे और कल-कारखानों का विकास होना आवश्यक है। इस दिशा में सरकार ने 2018 में प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया। आंकड़ों पर गौर करें तो विगत आठ वर्षों में राज्य में 50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए हैं। इज ऑफ डूइंग बिजनेस से उद्योगों एवं कल-कारखानों को नई संजीवनी मिली है। विश्व बैंक की कारोबारी सुगमता रैंकिंग में उत्तर प्रदेश 2017 में 14 वें स्थान पर था, जो आज दूसरे स्थान पर है। सरकार ने राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए औद्योगिक निवेश एवं रोजगार संवर्धन नीति-2017 लागू की जिसके परिणामस्वरुप निवेशकों को कर में छूट एवं सब्सिडी तथा जमीन आवंटन में मदद मिली है। सरकार ने राज्य में 33 सेक्टोरल पॉलिसी को धार दी है जिससे उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास का नया धूमकेतु बनकर उभरा है। सरकार की ठोस पहल के कारण डिफेंस कॉरिडोर, मेडिकल फॉर्मा सेक्टर को पंख लगा है। नोएडा के बाद बीडा के रुप में उत्तर प्रदेश के सूखाग्रस्त इलाके बुंदेलखंड में नया औद्योगिक शहर बसाया जा रहा है। बुंदेलखंड में ड्रग व फार्मा की स्थापना का काम तेजी पर है। बुंदेलखंड में रक्षा औद्योगिक गलियारा का काम भी तेजी पर है जो कि न सिर्फ इस इलाके को दुनिया के नक्शे पर लाएगा बल्कि इसके जरिए मेक इन इंडिया अभियान को भी प्रोत्साहन मिलेगा। करीब पांच हजार हेक्टेयर में यह गलियारा छह शहरों लखनऊ, कानपुर, आगरा, अलीगढ़, झांसी और चित्रकूट में विकसित होगा। योगी सरकार ने इसमें रक्षा से जुड़े उद्योग लगाने वाले निवेशकों को विशेष रियायत देने की पेशकश की है। अच्छी बात यह है कि पांच दर्जन से अधिक कंपनियों ने रक्षा औद्योगिक गलियारा में निवेश करने के लिए अभिरुचि दिखायी है। बुंदेलखंड के विकास के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का निर्माण किया है। यूपी सरकार क्षेत्रीय असंतुलन को पाटने के लिए एक्सप्रेसवे का जाल बिछा रही है। मौजूदा समय में 7 एक्सप्रेस वे संचालित हैं और एक दर्जन से अधिक पर काम जारी है। गंगा एक्सप्रेस वे बनने के बाद देश के कुल एक्सप्रेस वे में उत्तर प्रदेश की हिस्सेदारी 55 प्रतिशत हो जाएगी। उत्तर प्रदेश में 2017 तक एक्सप्रेस वे की कुल लंबाई 491 किमी थी जो आज 2026 में बढ़कर 3200 किलोमीटर हो गई है। किसी भी राज्य के विकास के लिए कनेक्टिविटी बेहद आवश्यक है। कनेक्टिविटी बढ़ने से राज्य के विकास और अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। सरकार इस दिशा में पहल कर राज्य के आठ शहरों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ रही है। गौर करें तो 2017 तक उत्तर प्रदेश में सिर्फ 4 एयरपोर्ट थे। आज उत्तर प्रदेश 21 एयरपोर्ट की ओर अग्रसर है जिनमें 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट है। देश का सबसे बड़ा जेवर एयरपोर्ट लगभग तैयार हो चुका है जो देश का सबसे बड़ा कार्गो हब बनने जा रहा है। राज्य की अर्थव्यवस्था को गति देने और प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, पर्यटन, निर्यात, रोजगार और कानून-व्यवस्था में मजबूती एक महत्वपूर्ण कारक होता है। 2017 में प्रतिव्यक्ति आय 46 हजार रुपए थी जो आज 2026 में बढ़कर एक लाख 20 हजार रुपए हो गई है। बेरोजगारी दर घटकर 2.24 प्रतिशत पर आ चुकी है। एमएसएमई एवं निजी क्षेत्र में दो करोड़ और ओडीओपी योजना से 2.54 लाख लोगों को रोजगार मिला है। निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के कारण तकरीबन 8.5 लाख लोगों को सरकारी नौकरी और 3.75 लाख लोगों को संविदा पर नौकरी मिली है। पर्यटन क्षेत्र को पंख लगा है और रोजगार की संभावनाओं के द्वार खुले हैं।

अयोध्या, काशी, प्रयागराज, मथुरा-वृंदावन, चित्रकुट और विंध्याचल पर्यटकों से वर्ष भर गुलजार रहते हैं। सरकार शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए लगातार ठोस पहल कर रही है। कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर सरकार का कदम सख्ती भरा है। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत 289 अपराधी मारे जा चुके हैं। 34000 से अधिक अपराधी जेल भेजे गए हैं। माफियाओं के अवैध कब्जे से लगभग 3000 करोड़ से अधिक की संपत्ति जब्त हुई है। योगी सरकार राज्य के विकास को गति देने, अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने और कानून का राज स्थापित करने के अलावा सांस्कृतिक धरोहरों और मूल्यों को संरक्षित व जीवंत बनाने की कसौटी के निमित्त ठोस पहल की है। उसी का नतीजा है कि आज अर्थव्यवस्था उड़ान पर है।

विदेशी पूंजी का प्रवाह

क्रूड ऑयल के दाम गिरने से विदेशी मुद्रा को लेकर जो दबाव था वो काफी हद तक कम हुआ है। क्रूड ऑयल का आयात सस्ता होने से देश को विदेशी मुद्रा भंडार बचाने और इसे बढ़ाने में देश को मदद मिलेगी। तमाम निश्चितता के बावजूद अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत की शुरूआत विश्व अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी राहत है। हालांकि होर्मुज स्ट्रेट का भविष्य अभी भी अस्पष्ट है लेकिन अब तक की प्रगति के परिणाम स्वरूप कच्चे तेल की कीमतों में कमी आई है। ब्रेंट क्रूड ऑयल की कीमतें मई की शुरूआत के उच्च स्तर से 30 फीसदी से अधिक गिर गई हैं और वर्तमान में लगभग 78 डॉलर प्रति बैरल पर बनी हुई हैं। संघर्ष के कारण ऊंची कच्चे तेल की कीमतों ने भारतीय अर्थव्यवस्था पर काफी दबाव डाला था जो रुपये के मूल्य में भी दिखाई दिया। पहले से अधिक भुगतान संतुलन घाटे का सामना करते हुए मार्च से मई के बीच रुपये में 5 फीसदी से अधिक की गिरावट आई। हालांकि तेल की कीमतों में गिरावट से रुपये की स्थिति सुधरी है। मई के निचले स्तर की तुलना में रुपये ने लगभग दो-तीन फीसदी की बढ़त दर्ज की है। भारतीय रिजर्व बैंक विदेशी मुद्रा भंडार को फिर से बढ़ाने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करता



हुआ प्रतीत होता है। यह सही कदम है। भारत को पिछले वर्ष भी भुगतान संतुलन घाटे का सामना करना पड़ा था और रिजर्व बैंक ने हाजिर बाजार में शुद्ध 53.13 अरब डॉलर बेचे थे। संभव है कि उसने चालू वित्तीय वर्ष में भी ऐसा करना जारी रखा हो। इसके अलावा बताया जाता है कि उसके पास बड़े पैमाने पर शॉर्ट पोजीशन हैं। सरकार और रिजर्व बैंक दोनों ने पूंजी प्रवाह में सुधार के लिए कई कदमों की घोषणा की है। इनमें बाह्य वाणिज्यिक ऋण (ईसीबी) के लिए प्रोत्साहन और विदेशी मुद्रा अनिवासी (एफसीएनआर-बी) जमा के माध्यम से प्रवासी भारतीयों से जमा राशि जुटाना शामिल है। बैंक एफसीएनआर-बी के लिए आक्रामक रूप से प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं और कुछ बैंक रिटर्न बढ़ाने के लिए ऋण भी दे रहे हैं। कुछ अनुमानों के अनुसार एफसीएनआर-बी से 100 अरब डॉलर तक का प्रवाह आकर्षित हो सकता है। कुछ बाजार प्रतिभागी उम्मीद करते हैं कि रिजर्व बैंक नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) बढ़ा सकता है ताकि तरलता को नियंत्रित किया जा सके। रिजर्व बैंक ने बैंकों से ऐसे जमा और रियायती योजना के तहत जुटाए गए ईसीबी पर दैनिक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। केंद्रीय बैंक के लिए यह उचित होगा कि वह समय-समय पर यह जानकारी सार्वजनिक करे। जैसे-जैसे हालात सुधरते हैं यानी कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट आती है और पूंजी प्रवाह की संभावित वापसी होती है, रुपये को मजबूत होने देने की मांग उठ सकती है। रिजर्व बैंक के लिए विभिन्न कारणों से ऐसी मांगों पर विवेकपूर्ण नीति अपनाना उचित होगा। पहला, शिथिल नियमों के तहत आने वाले अधिकांश प्रवाह ऋण के रूप में होंगे और मध्यम अवधि में विदेशी मुद्रा में चुकाने होंगे। इसलिए यह तय करना महत्वपूर्ण होगा कि इन प्रवाहों को कैसे संभाला जाए। इन्हें रुपये को गति देने के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। दूसरा, विकसित देशों के कई हिस्सों में ऊंची मुद्रास्फीति दरों को देखते हुए मौद्रिक नीति अधिक सख्त हो सकती है जिससे वैश्विक वित्तीय परिस्थितियां कड़ी होंगी और पूंजी प्रवाह पर असर पड़ेगा। यूरोपीय केंद्रीय बैंक और बैंक ऑफ जापान ने हाल के सप्ताहों में नीतिगत ब्याज दरें बढ़ाई हैं और साथ ही बाजार अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा दर वृद्धि की संभावना को भी ध्यान में रख रहा है। ऐसे में सरकार को अपनी नीति को संशोधित और व्यवहारिक बनाना होगा ताकि देश में विदेशी निवेश बढ़ता रहे।

विचार

जो जीवों की हिंसा करता है वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति हिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।
–गौतम बुद्ध.

मनुष्य का आचरण ही बताता है कि वह कुलीन है अथवा अकुलीन, शूरवीर है अथवा भीरू, पवित्र है अथवा अपवित्र।
–बाल्मीकि.

आशा उत्साह की जननी है। आशा में तेज है, बल है, जीवन है। आशा ही संसार की संचालन शक्ति है।
–प्रेमचंद.

जो ब्रह्म है जो सबसे महान है, उसी को मनुष्य के सामने रखने से उसके मन को सांत्वना प्राप्त हो सकती है।
–रवीन्द्रनाथ ठाकुर.

किसी निश्चय पर पहुंचना ही विचार का उद्देश्य है और जब किसी बात का निश्चय हो जाए, तो उस पर अमल करने में देर करना भूल है।
–तिरुवल्लुअर.

सोशल मीडिया

मैंने आज ही एक खबर पढ़ी कि कनाडा के एक शहर ने पेड़ को जीवित प्राणी का दर्जा दिया है। भारतीय संस्कृति पेड़ों में एक ही चेतना मानती है, जो हममे है वही पेड़ों में है। शिवराज सिंह चौहान.

दुनिया में संकट का हर समय संभावनाओं का समय होता है, नये सिरे से देश और दुनिया को रचने का समय होता है। मोदी और ट्रंप जैसे नेता इस संकट के व्दूत अवश्य है। योगेन्द्र यादव.

भाजपाइयों को अपने शासनकाल की अंतिम छमाही में ईमानदारी की याद आ रही है। साढ़े नौ साल काटी मलाई, चुनाव आये तो अब जनता की याद आयी। अखिलेश यादव

क्रोध मिटाने के उपाय

अंतर्दृष्टि

वासनाएं व्यक्तित्व, चरित्र का क्षय करती हैं। जिन लोगों के मन पर वासनाओं ने अधिकार जमा लिया है और जो इसके फल स्वरूप इंद्रियों के दास बन चुके हैं, उनका छुटकारा सहज में नहीं होता। वे विषयों की बुराइयां जानकर भी निर्बलता अथवा मोह वश उनके फंदे से नहीं निकल पाते। ऐसे लोगों को निरन्तर सत्संगति और आध्यात्मिक चिंतन की आवश्यकता पड़ती है। इन वासनाओं में प्रायः काम वासना ही सर्व प्रधान होती है और सबसे पहले उसी के निग्रह की चेष्टा की जानीचाहिए। स्त्री की प्रतिमूर्ति अथवा स्मरण मन को क्षुब्ध करता है। काम वासना शक्तिशाली होती है। यह एक कुसुम धानुष साथ लेकर चलती है, जिसमें मोहन, स्तम्भन, उन्मादन, शोषण और तपन रूपी पांच वाण सजे होते हैं। विवेक, विचार, भक्ति और ध्यान इस घोर राग का मूलोच्छेद करते हैं। यदि काम पर विजय प्राप्त हुई तो क्रोध, लोभ, आदि जो उसके शस्त्र हैं, अपने आप ही कुण्डित हो जायेंगे। राग का प्रथम अस्त्र रमणी है। यदि इसे मन से नष्ट किया गया तो इसके अनुवर्ती और परिजन बड़ी आसानी से जीते जायेंगे। यदि सेनापति मारा गया तो सैनिकों को मार डालना आसान हो जायेगा। वासना पर विजय प्राप्त करो। फिर क्रोध को जीत लेना आसन हो जायेगा। केवल क्रोध ही वासना का अनुवर्ती है। सैनिक जैसे ही दुर्ग से बाहर निकलें, उन्हें एक-एक करके मार डालो, अंत में तुम्हारा दुर्ग पर आधिपत्य हो जायेगा। इसी प्रकार प्रत्येक संकल्प को जो मन में उठे एक-एक करके नष्ट कर दो। अंत में तुम्हारा मन पर अधिकार हो जायेगा। विचार, शांति, ध्यान और क्षमता के द्वारा क्रोध पर विजय प्राप्त करो। जो मनुष्य तुम्हारी हानि करता हो, उसके ऊपर दया करो और उसे क्षमा कर दो। उलाहने को प्रसाद समझो, उसे आभूषण जानों तथा अमृत तुल्य मानो। भर्त्सना को सह लो। सेवा, दया और ब्रह्मभावना के द्वारा विश्व प्रेम का विकास करो। जब क्रोध पर विजय प्राप्त हो जायेगी तो धृष्टता, अहंकार और द्वेष नष्ट हो जायेंगे। प्रार्थना और भजन से भी क्रोध दूर हो जाता है। संतोष, अभेद, विराग, तथा दान के द्वारा लोभ का शमन करो। अभिलाषाओं को मत बढ़ाओ, तुम्हें कभी निराश नहीं होना पड़ेगा। संतोष के राज्य के चार संतरियों की सहायता से तुम ब्रह्म ज्ञान, जीवन के चरम लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हो। अनुराग के पीछे-पीछे शोक और दुख भी लगे रहते हैं। अनुराग शोक से मिश्रित होता है। सुख के पीछे दुख चलता है। जहां सुख है वहां दुख है। अनुराग के नाम पर मनुष्य दुख का विषमय बीज वपन करता है जिससे शीघ्र की स्नेह के अंकुर निकल आते हैं। जिसमें बिजली के समान भयानक दाहकता होती है। इन अंकुरों से अनेक शाखाओं से युक्त दुख का वृक्ष उत्पन्न होता है।

नेताओं की गरीबी

व्यंग्यलोक

पूरन सरमा

सरकारों ने भरसक प्रयत्न किया था कि समाजवाद आ जाये, परन्तु पता नहीं कैसे नहीं आया। इसमें कुछ समाजवाद की भी गलती है कि यह हमारे देश में जाने क्यों आना ही नहीं चाहता, जबकि हमारे यहाँ तो समाजवादी भी हैं और समाजवादी पार्टी भी। मुझे लगता है कि यदि इसी तरह लगे रहे तो वह दिन दूर नहीं है, जब समाजवाद हर क्षेत्र में आ ही जायेगा। समाजवाद का अर्थ अब अमीर-गरीब की खाई को पाटना भर नहीं है, अपितु हर क्षेत्र में हर नागरिक को समान रूप से कार्य करने का अधिकार मिल जाये तो यह भी समाजवाद ही है। इधर सांसद भी समाजवाद की ओर अग्रसर हो गये हैं, पहले केवल काम करने की रिश्वत सरकारी कर्मचारी ही लेता था, लेकिन अब सांसद, मंत्री और तमाम राजनेता इस ओर पूरी ईमानदारी से चेष्टा कर रहे हैं। यदि रिश्वत सार्वजनिक हो जाती है तो यह समाजवाद ही है। सभी को रिश्वत लेने का अवसर हाथ लग जाये और उन पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं हो तो यह हमारे लिए समाजवाद के सन्निकट ले जाती है। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की प्रासंगिकता बिलकुल नहीं रही है। जांच आयोगों का हश्र हम लोग देख ही रहे हैं। रिश्वतखोर, घोटालेबाज तथा दलालों को समान दृष्टि से देखा जाना ही समाजवाद का पर्याय है। युग बदला है तो समाजवाद के मायने भी बदल गये हैं। समाजवाद अब हर कोई लाने पर उतारू है। सरकार का किसी पर कोई नियंत्रण नहीं है और सबको सभी की मेहनत का फल बराबरी से मिल रहा है। अब लोग कर्तव्यों को भूलकर अपने अधिकारों के प्रति इतने जागृत हो गये हैं कि समाजवाद का सा वातावरण सब ओर दिख रहा है। अब समाजवाद को कहीं से उधार लाने की आवश्यकता नहीं है, अपितु हमारी सरकारें भी सबको समान अवसर देने का संकल्प कर चुकी हैं। मनमानी को ही लें, हर नागरिक इसे तहेदिल से अपना चुका है और मनमानी में लगभग समाजवाद पूरी तरह आ चुका है। पुलिस और चोर मिलकर एक बीड़ी फूंक रहे हैं। राजनेता बाहुबलियों को लेकर सत्तातंत्र पर हावी हैं। डॉन से दोस्ती रखना गर्व की बात मानी जाने लगी है और वे मिल-बैठकर अपनी स्वार्थ सिद्धी में लगे हैं। यह हमारे समाजवाद का ही प्रतिफल है। जो लोग बीपीएल हैं, उनके बारे में तो बात करना ही बेमानी है। ये लोग इतने ढ़ीठ हो गये हैं कि आजादी के छह दशक बाद भी अपने आप को नहीं उठा सके हैं। इनके कारण बड़ा शर्मिन्दा होना पड़ता है। वरना सरकार ने तो गरीबी हटाओ का कार्यक्रम इतने जोरों से चला रखा है कि इसे अब तक ऊपर आ जाना ही चाहिए था। गरीबी मिटाते-मिटाते नेता अमीर हो

कैंसर पीड़ितों को चुनौतियों से लड़ने का हौसला दीजिए

जीवन/उम्मीद

अमित कुमार

बॉलीवुड के बड़े अभिनेता संजय दत्त के टीवी के एक शो में यह बताने पर सन्नाटा छा गया था कि उन्हें चौथी स्टेज का कैंसर है। संजय दत्त ने कहा कि जब डॉक्टर ने उन्हें इसकी जानकारी दी तो पहले तो उन्हें अपने बच्चों एवं परिवार के चेहरे देखकर बहुत रोना आया लेकिन फिर उन्होंने हिम्मत बटोरी और फैसला किया कि वह इससे लड़ेंगे, कमजोर नहीं पड़ेंगे और अपने परिवार को कमजोर नहीं होने देंगे। डॉक्टर ने यह भी उन्हें बताया था कि उन्हें कीमोथेरेपी के दौरान कई दिक्कतें होंगी मगर संजय ने कीमोथेरेपी लेने के बाद भी अगले दिन से जिम में और ज्यादा समय देना शुरू कर दिया।

इस भयंकर रोग को हुए हंसते हुए झेल रहे हैं और कहते हैं कि मैं इस बीमारी को अपने ऊपर हावी नहीं होने दूंगा। मेरी माता जी का कैंसर लास्ट स्टेज में ही मालूम चला। डॉक्टर ने सर्जरी करने के बाद भी हमें उनके जीवन का सिर्फ 6 महीने ही बताया था। हम बहुत परेशान हुए लेकिन मां को नहीं बताया सिर्फ उनके बिल्कुल ठीक होने का ही सदा उन्हें विश्वास दिलाते रहे। हमारे विश्वास पर वे इतनी निश्चित हो गई थी कि खुद अपनी कीमोथेरेपी की तारीख मुझे याद दिलाती थी ताकि मैं ऑफिस से छुट्टी ले सकूं साथ ही हमेशा यही कहती थीं कि जल्दी से कीमोथेरेपी खत्म हो ताकि वह बिल्कुल ठीक होकर कहीं बाहर घूमने फिरने जा सकें। इसे उनकी इच्छा शक्ति का चमत्कार कहें या हमारी हौसला अफजाई का नतीजा कि मेरी माता जी पूरे 3 वर्षों तक हमारे साथ रहीं।

यहां तो मैंने दो ऐसे जीवंत उदाहरण का जिक्र किया जो कि खुद मैंने अपने सामने देखें। कैंसर जैसी भयानक बीमारी को हिम्मत से झेलना हर किसी के बस की बात नहीं। जब इलाज जटिल हो, महंगा हो सुविधा पूरी उपलब्ध न हो, आर्थिक रूप से सक्षम ना हो, परिवार का सहयोग न हो, तब मरीज अपनी उम्र से भी आधा ही जी पाता है क्योंकि वह दिन रात यही सब सोच सोच कर अंदर से खोखला हो जाता है। हमारे देश में कैंसर को लेकर, इसकी जटिलता को लेकर जागरूकता का बहुत अभाव है। चिकित्सा व्यवस्था में भी कैंसर को अन्य रोगों की तरह ही ले लिया जाता है। सरकार कैंसर की जांच व इसके इलाज को लेकर बहुत गंभीरता नहीं दिखाती है। विशेषज्ञ कैंसर चिकित्सकों का भी अकाल है। सरकारी अस्पतालों में कैंसर मरीजों को सहानुभूति के साथ नहीं देखा जाता। सबसे पहले तो डॉक्टर का अपॉइंटमेंट ही मिलना टेढ़ी खीर होता है, फिर फाइल बनाने और जूनियर डॉक्टर द्वारा लिखी जांचों को कराने, रिपोर्ट आने तक लगभग 1 महीने तक मरीज का इलाज शुरू नहीं हो पता। अजीब बात तो यह है कि जिस डॉक्टर को भगवान मानकर दिखाने के लिए कैंसर मरीज व उसके परिजन बेकरार रहते हैं वही भगवान रूपी डॉक्टर कुछ ही सेकंड में उसके इलाज का पर्चा लिख देते हैं। बेचारा मरीज अपने कैंसर की पीड़ा को जुबा पर ला ही नहीं पता और डॉक्टर उसे दवाई लिखकर कुछ जांच की रिपोर्ट के साथ फिर अगले महीने आने की हिदायत दे डालते हैं। क्योंकि सरकारी संस्थान में बैठा डॉक्टर मरीज को सिर्फ एक पेशेंट संख्या मानता है जो उसे हर दिन बतानी होती है कि कितने मरीज उसने देखेंद्ध कैंसर मरीजों को अपने इलाज के दौरान हर महीने खून की जांच, सीटी स्कैन, अल्ट्रा साउंड, बोन स्कैन पेट सीटी स्कैन, तमाम तरह की विशेष जांच से गुजरना पड़ता है जिनमें से कई बेहद कष्टदाई होती है। कीमोथेरेपी में तो सबसे ज्यादा पीड़ा व दुष्प्रभाव मरीज को झेलने पड़ते हैं। दवा का असर भी इतना बड़ा होता है कि मरीज ठीक से खा पी नहीं पता ऊपर से हर हफ्ते 15 दिनों में जांच से गुजरना पड़ता है। मरीज का वजन तेजी से कम हो जाता है। उसके जीवन की इच्छा शक्ति कम होने लग जाती है।

यह सब उसके कैंसर के इलाज शुरू होने के साथ ही शुरू होता है और जीवन पर्यंत चलता रहता है। पहले व दूसरे स्टेज का कैंसर रोगी तो फिर भी इस रोग से उबर जाता है और वापस अपने सामान्य जिंदगी में लौट आता है मगर तीसरी व चौथी स्टेज पर की स्थिति डरावनी होती है। बेशक कैंसर रोगियों की स्थिति व उनकी पीड़ा का आकलन घर बैठे नहीं हो सकता, लेकिन इतना तो हममें से हर कोई ही कर सकता है कि हमारे संपर्क में आए किसी भी कैंसर रोगी को हम बेचारा न समझें। उसे तन, मन, धन से सहयोग दें, हौसला बढ़ायें और ईश्वर से प्रार्थना करें कि जल्दी स्वस्थ हो जाये।

आपकी बात

शहरों में विकास के अवसर

शहर आज अवसरों के हब बनकर उभरें हैं। इसलिए जैसे-जैसे शहर विकसित होंगे, उसी गति से अवसरों का विकास भी होगा। देश में स्मार्ट सिटी परियोजना कई वर्षों से चल रही है लेकिन उसमें कोई खास प्रगति देखने को नहीं मिल रही है। शहरों के बढ़ते आकार के मद्देनजर विकास प्राधिकरणों की स्थापना इस उद्देश्य से की गयी थी कि शहरों का नियोजित विकास हो ताकि बड़ी संख्या में लोगों को शहरों में घर मिल जाये और नागरिक सुविधाओं को भी बेहतर तरीके से प्रबंध किया जा सके। लेकिन स्थानीय निकायों एवं प्राधिकरणों की अकुशलता और भ्रष्ट कार्यप्रणाली के कारण शहरों के विकास का दायित्व प्रापर्टी डीलरों के जिम्मे आ गया और नागरिक सुविधाओं की जिम्मेदारी ठेकेदारों के पास पहुंच गयी है। उत्तर प्रदेश में करीब 78 फीसद से अधिक आबादी अभी ग्रामीण क्षेत्रों में निवास करती है, इसलिए भविष्य में आर्थिक विकास के साथ शहरीकरण तेज होगा। उत्तर प्रदेश में शहरीकरण का दौर अभी शुरुआती अवस्था में ही है। ऐसे में शहरों का दायरा तेजी के साथ बढ़ेगा लेकिन जन सुविधाओं और विकास की बात करें तो आज तक न तो स्थानीय निकाय तैयार दिखते हैं और न ही विकास प्राधिकरण। हर दिन यह खबर पढ़ने को मिल जायेगी कि एलडीए इस योजना में इतने सौ एकड़ की आवासीय परियोजना विकसित करेगा, इस योजना में इतने एकड़ की, लेकिन हकीकत यह है कि एक-दो दशक तक तो परियोजनाएं विवाद में ही लटकती रहती हैं। इसका फायदा उठाते हैं प्रापर्टी डीलर। प्रापर्टी डीलर किसानों से जमीन एग्रीमेंट कराकर जैसे-तैसे निशान बनाकर प्लाट काटकर बेच देते हैं। ऐसी अनियोजित बस्तियों में न सड़क होती है, न सीवर लाइन, न नाली। पार्क, स्कूल, अस्पताल जैसे बुनियादी सुविधाओं के लिए भी कुछ नहीं होता है। आज लखनऊ को जोड़ने वाली जिलों की किसी भी सड़क पर चले जायें। कहीं भी नियोजित विकास की संभवना नहीं बची है।

मनीष कुमार श्रीवास्तव, लखनऊ.

रोजगार पर फोकस

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है। इसी तरह लोवर सबार्डिनेट की 700 पदों की भर्तियां भी पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गयीं। सपा सरकार की भर्तियों में तमाम आरोप लगे। यह चिंताजनक है। नयी सरकार को भर्तियों को और साफ-सुथरा बनाना चाहिए।

ज्ञान प्रकाश सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

घरेलू विवाद में पिता ने बेटे बहू को मारी गोली

फतेहपुर। थाना बिंदकी अंतर्गत ग्राम सीतापुर में घरेलू विवाद के दौरान एक व्यक्ति द्वारा अपने ही बेटे व बहू पर लाइसेंसी असलहे से गोली चलाने की गंभीर घटना सामने आई। घटना के बाद दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत घटनास्थल को घेरकर तलाशी अभियान व साक्ष्य-संग्रह शुरू कर दिया। घटना का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक घटनास्थल पर भारी पुलिस बल के साथ पहुँचे और मामले का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने पीड़ित परिवार के सदस्यों से बातचीत कर घटना के कारणों व परिस्थिति की जानकारी ली तथा प्राथमिकी में दर्ज आरोपों एवं संभावित कानूनी धाराओं की गहन समीक्षा की। मौके पर क्षेत्राधिकारी बिंदकी, प्रभारी निरीक्षक थाना बिंदकी एवं अन्य स्थानीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सरकंडी में खूनी विवाद, एक की मौत

फतेहपुर। थाना असोथर क्षेत्र के सरकण्डी ग्राम में खतरनाक आपसी विवाद में तेजधार हथियार फावड़ा से किए गए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल पिता का इलाज जारी है। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी दशरथ निषाद, उसके सगे भाई कमलेश निषाद, दशरथ की पत्नी तथा दशरथ के साले ने मिलीभगत कर पीड़ितों पर वार किए थे। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर थाना असोथर की पुलिस पहुँची और घायल व्यक्ति को उपचार हेतु जिला अस्पताल ले जाया गया। परन्तु रास्ते में ही घायल व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जबकि मृतक के पिता को गंभीर चोटों के बावजूद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, घटना के बाद पुलिस अधीक्षक फतेहपुर अभिमन्यु मांगलिक ने घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुँचे।

छह जुआरी 15 हजार के साथ गिरफ्तार

बांदा। अतर्रा कस्बा इंचार्ज गौरव प्रताप सिंह व उनकी टीम ने सार्वजनिक जगह पर जुआं खेलने वाले को मय मालफड़ एवं ताश की गड्डी सहित गिरफ्तार किया है। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर कस्बा इंचार्ज गौरव प्रताप सिंह, एसआई सुरेंद्र प्रताप, कां. अजय और रविंद्र की टीम ने लाई मंडी महोतरा रोड रेलवे क्रॉसिंग के पास एक मकान के पीछे खाली पड़े मैदान में कुछ लोगो के जुआ खेलने की सूचना पर छापा मारा। मौके से रामू गुप्ता निवासी लाई मंडी, अरविंद गुप्ता सुभाष नगर, रोहित कुमार सुदामा पुरी, अमित कुमार अत्रि नगर, भरत गुप्ता और प्रेम शंकर निवासी सुभाष नगर कस्बा अतर्रा को मौके से जुआ खेलने और हार जीत की बाजी लगाते गिरफ्तार किया है। मौके से 10500 रुपये, जामा तलाशी में चार हजार और एक ताश की गड्डी बरामद की गई है।

ससुरालीजनों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

बांदा। अतर्रा कस्बा के भगवत नगर निवासी विवाहिता ने पुलिस अधीक्षक को तहरीर दी है। ससुराल वालों के खिलाफ दहेज का मुकदमा दर्ज कराया है। अर्चना नामदेव पुत्री रमेश नामदेव निवासी मोहल्ला भगवत नगर अतर्रा ने बताया कि मेरी शादी रामशरण नामदेव पुत्र दयाराम निवासी बिलबई थाना महोबा के साथ चार जून 2025 को हिंदू रीत-रिवाज के साथ हुई थी। पिता ने सामर्थ के अनुसार दहेज दिया था लेकिन पति इतने से खुश नहीं हुए और पांच लाख नगद और एक मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। मेरे पिता ने देने में असमर्थता जताई तब वह लोग मुझे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। जान से मारने की धमकी देने लगे मेरे सारे गहने छीन लिए 25 दिसंबर 2025 को मेरे साथ मारपीट किया। पुलिस ने बचाया। 9 मई 2026 को मुझे बुरी तरह मारा पीटा। मारने में ननद राममूर्ति, सास संपत, पति का भतीजा रिंकू, जेठानी हीरा, जेठ रामप्रकाश, पति रामशरण आदि ने करंट लगाकर मारने की कोशिश की। वर्तमान में मैं अपने पिता के साथ अतर्रा में रह रही हूं। थाना पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है।

पुलिस मुठभेड़ में लूट की घटना में संलिप्त 4 अभियुक्त गिरफ्तार

जिला संवाददाता

महोबा। दिनांक 23 जून 2026 को थाना श्रीनगर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बरा रोड स्थित देशी शराब ठेके के मुंशी शैलेन्द्र कुमार से बुलेट मोटरसाइकिल सवार अज्ञात बदमाशों द्वारा जान से मारने की धमकी देकर रुपयों से भरा बैग लूट लिया गया था। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना श्रीनगर में अभियोग

- **दो अभियुक्त घायल, लूटी गई धनराशि, अवैध असलहे सहित बुलेट बाइक बरामद**

पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा घटना का शीघ्र अनावरण कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी सुनिश्चित किये जाने हेतु अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी चरखारी दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर, एसओजी एवं सर्विलांस की संयुक्त टीम गठित की गई। गठित टीमों द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए महत्वपूर्ण साक्ष्य संकलित किए गए। इसी क्रम में आज दिनांक 24 जून 2026 को मुखबिर की सूचना पर संयुक्त पुलिस टीम द्वारा बरा तिगैला से चंडीखुड़ा-सिजहरी मार्ग स्थित निमार्णाधीन पुल के पास घेराबंदी की गई। पुलिस टीम को देखकर बदमाशों ने फायरिंग कर दी, जिसके जवाब में की गई आत्मरक्षार्थ कार्रवाई में दो अभियुक्त घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिए गए, जबकि भागने का प्रयास कर रहे दो अन्य अभियुक्तों को पुलिस टीम ने घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ में घायल अभियुक्त प्रदीप यादव पुत्र माखन सिंह यादव एवं गोलू कुमार पुत्र अनिल कुमार का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है, जहां चिकित्सकों द्वारा उनकी हालत स्थिर बताई गई है। पूछताछ में अभियुक्तों ने स्वीकार किया कि उन्होंने दिनांक 23 जून 2026 को ग्राम बरा रोड पर देशी शराब ठेके के मुंशी को रोककर रुपयों से भरा बैग लूट लिया था, आज लूट की धनराशि का आपस में बंटवारा करने के उद्देश्य से एकत्र हुए थे। गिरफ्तार अभियुक्तों प्रदीप यादव पुत्र माखन सिंह यादव निवासी मिरतला, थाना कोतवाली नगर, जनपद महोबा, उम्र 21 वर्ष, गोलू कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी मुहम्मदाबाद, जनपद फरुर्खाबाद, हाल पता रोहिणी, नई दिल्ली, उम्र 22 वर्ष, विकास राजपूत उर्फ कल्लू पुत्र ओमप्रकाश राजपूत निवासी ग्राम बरा, थाना श्रीनगर, जनपद महोबा, उम्र 19 वर्ष, आयुष नौपाने पुत्र अर्जुन नौपाने निवासी कपिलवस्तु, नेपाल हाल पता रोहिणी, नई दिल्ली, उम्र 20 वर्ष के पास से 55200 रुपए, पीड़ित का आधार कार्ड, पैन कार्ड, देशी शराब ठेके के हिसाब-किताब संबंधी दस्तावेज, 2 अवैध तमंचा, 2 जिन्दा कारतूस, 2 खोखा कारतूस, घटना में प्रयुक्त एक बुलेट मोटरसाइकिल बरामद की गई।

आगरा से लापता किशोरियों की जांच के बीच सनसनी

आगरा। आगरा के रुनकता क्षेत्र में दो किशोरियों के लापता होने के मामले की जांच के दौरान पूछताछ के लिए चौकी बुलाए गए एक युवक द्वारा आत्मघाती प्रयास किए जाने से हड़कंप मच गया। युवक ने घर लौटने के बाद ब्लेड से अपनी गर्दन काट ली, जिसके बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के बाद चचाओं का दौर शुरू हो गया, वहीं पुलिस ने स्पष्ट किया है कि युवक से परिजनों की मौजूदगी में सामान्य पूछताछ की गई थी और चौकी में किसी प्रकार की मारपीट या अभद्रता नहीं हुई। पुलिस के अनुसार थाना सिकंदरा में रुनकता निवासी बांके बिहारी पुत्र रघुवीर सिंह ने 9 जून 2026 को तहरीर देकर बताया था कि उनकी 17 वर्षीय बेटी बेबो और उनकी भांजी 18 जून से घर से लापता हैं। शिकायत के आधार पर थाना सिकंदरा में मुकदमा अपराध संख्या 307/2026, धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक तरुण चौधरी द्वारा की जा रही है। पुलिस लगातार दोनों किशोरियों की तलाश में जुटी हुई है और विभिन्न पहलुओं पर जांच कर रही है। जांच के दौरान 21 जून को दोपहर करीब चार बजे किशोरी के पिता और अन्य परिजन राहुल नामक युवक तथा उसके परिवार के लोगों को रुनकता चौकी लेकर पहुंचे।

जांच में मानक विहीन मिले कई कोचिंग सेंटर और पुस्तकालय

बांदा। अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे, सचिव बांदा विकास प्राधिकरण, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी ने शहर में संचालित विभिन्न कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मैथमैटिक्स बाई अंकित गुप्ता, फिजिक्स बाई इ० आदित्य, मैथमैटिक्स बाई आदित्य, इंग्लिश बाई जी०डी० एवं बायलॉजी बाई अनिल द्विवेदी के कोचिंग सेंटर बिना पंजीकरण के संचालित पाये गये। कोचिंग सेंटरों में आने और जाने का अलग-अलग द्वार नहीं पाया गया। अग्निशमन से संबंधित कोई उपकरण नहीं पाया गया। न ही अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्राप्त की गई। उक्त कोचिंग सेंटरों को बंद कराते हुये एक कोचिंग सेंटर को सील करने की कार्यवाई की गई। बिजली खेड़ा में संचालित एक पुस्तकालय में पाई गई कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।

युवाओं को नशे से दूर रहने की सीख

फतेहपुर। अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरुपयोग एवं अवैध तस्करी विरोधी दिवस के कैडेट्स के लिए नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट्स को नशे के दुष्प्रभाव, तंबाकू व मादक पदार्थों से होने वाली स्वास्थ्य हानियों तथा अवैध तस्करी के सामाजिक और आर्थिक प्रभावों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और उन्हें नशे से दूर रहने तथा समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. राजेन्द्र कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, ने की। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स राष्ट्र के अनुशासित और जिम्मेदार युवा हैं और इन्हें स्वयं नशे से दूर रहकर समाज के लिए आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। डॉ. राजेन्द्र ने कहा कि युवा अपने व्यवहार और जीवनशैली से अन्य छात्रों व समाज पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं और इसलिए नशा मुक्त जीवन अपनाना प्रत्येक कैडेट की नैतिक जिम्मेदारी है। मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी शक्ति अवस्थी ने भी कैडेट्स से अपील की कि वे नशे से दूरी बनाकर स्वस्थ, सक्रिय और जिम्मेदार नागरिक बनें। उन्होंने कहा कि नशा न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को प्रभावित करता है बल्कि परिवार और समाज के विकास में भी बाधा डालता है। उन्होंने जोर दिया कि नशा मुक्ति केवल व्यक्तिगत प्रयास से संभव नहीं है, इसके लिए समुदाय, शिक्षा संस्थान और सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं का समन्वित प्रयास आवश्यक है। रीजनल कोऑर्डिनेटर, यूपीवीएचए लखनऊ पुनीत कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम में नशीले पदार्थों के शारीरिक और मानसिक प्रभावों, तंबाकू के खतरों तथा अवैध तस्करी के सामाजिक परिणामों पर विस्तृत जानकारी दी।

प्रथम पुण्यतिथि पर पूर्व नपाध्यक्ष को दी गई श्रद्धांजलि

ललितपुर। नगर पालिका परिषद की तत्कालीन अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी स्व.श्रीमती सरला जैन की प्रथम पुण्यतिथि पर बुधवार को नगर में श्रद्धा, सेवा और सामाजिक सरोकारों से जुड़े विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों, नगरवासियों तथा पालिका परिवार ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जनसेवा के कार्यों को स्मरण किया। शुरूआत सदर कोतवाली के सामने स्थित रैन बसेरा में आयोजित श्रद्धांजलि सभा से हुई।

यहां सुबह 10 बजे श्री सुन्दरकाण्ड पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और नागरिकों ने सहभागिता की। तदोपरांत दैलवारा स्थित कान्हा गौवंश आश्रय स्थल में गौ-पूजन कार्यक्रम नपाध्यक्ष सोनाली जैन, विवेक जैन, मुन्नालाल जैन एवं उनके परिजनों ने गौवंश पूजन व पौधरोपण के साथ किया। शाम को पनारी स्थित मदर टेरेसा होम में असहाय एवं जरूरतमंद लोगों की सेवा की गई। इसके पश्चात जिला अस्पताल परिसर स्थित अन्नपूर्णा सेवा संघ में भोजन वितरण किया।

इस दौरान राज्यमंत्री मनोहरलाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण, जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र, पूर्व विधायक पूरन सिंह बुन्देला, चन्द्रभूषण सिंह बुन्देला गुडडू राजा, महिला आयोग सदस्य अर्चना पटेल, ईओ दिनेश कुमार विश्वकर्मा, प्रदीप चैबे, जगदीश लोधी, हरीराम निरंजन, अजय पटैरिया, बब्बू राजा, पूर्व नपाध्यक्ष सुभाष जायसवाल समेत पार्षदों, नपा अधिकारियों व कर्मचारियों सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने स्व. सरला जैन को श्रद्धासुमन अर्पित किये।

विधान सभा 2027 का चुनाव जीतना भाजपा का लक्ष्यः रामकिशोर

बांदा। भारतीय जनता पार्टी की बैठक जिला कार्यालय में जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत की अध्यक्षता में आयोजित हुई। मुख्य अतिथि जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने आगामी

- **भाजपा छह जुलाई तक आयोजित करेगी विभिन्न कार्यक्रम**

विधान सभा चुनाव 2027 जीतने के टिप्स बताए। कहा कि सभी पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता अभी से चुनाव के लक्ष्य को लेकर तैयारी में जुट जाएं। इस बार जिले की चारों विधानसभा में भाजपा का परचम लहराना हैं। कहा कि पार्टी ने डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से लेकर उनके जन्मदिवस तक विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित किये हैं। जिनमें शक्ति केंद्रों पर बैठकें करना, मन की बात सुनना, जिला सम्मेलन कराना, पौधारोपण हैं जिन्हें आयोजित करना हैं। बैठक में पार्टी पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपा।

जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि पार्टी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी हैं कि वह पार्टी के निर्धारित कार्यक्रमों को लक्ष्य के अनुरूप सम्पादित करें। जिला महामंत्री निखिल सक्सेना ने बैठक का संचालन करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में जिलाउपाध्यक्ष आनंदी साहू, अमित सेठ भोलू, पंकज रैकवार, रामभवन उपाध्याय, देशराज सिंह, जिला मीडिया प्रभारी उत्तम सक्सेना, जिला मंत्री दुर्गा चैरसिया, वंदना गुप्ता, निर्मला गौतम, डा. भदौरिया, विष्णुप्रताप सिंह, संतू गुप्ता, दिलीप तिवारी, धीरेंद्र सिंह धीरू आदि मौजूद रहे।

छलकपट और जान से मारने की धमकी पर केस दर्ज

बांदा। अतर्रा कस्बे के निवासी एक कोयला व्यापारी ने वाराणसी के एक व्यापारी पर 4.50 लाख रुपया की धोखाधड़ी करने, जान से मारने की धमकी देने पर एफआईआर दर्ज कराया है। अतर्रा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लखन कॉलोनी ब्रह्मनगर निवासी राकेश कुमार मिश्रा ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया है कि उन्होंने कोयला खरीदने के लिए देव ट्रेडर्स के संचालक अभिषेक उर्फ किशन यादव पुत्र अजीत यादव, निवासी सीरगोवर्धन (ईंटा मंडी के पास), थाना लंका, जनपद वाराणसी को विभिन्न माध्यमों से कुल 4.50 लाख रुपया का भुगतान किया था। पहली बार चेक संख्या 391956 के माध्यम से 2.50 लाख रुपया, दूसरी बार आरटीजीएस के जरिए 2 लाख रुपया भेजे गए थे। आरोप है कि भुगतान प्राप्त करने के बावजूद न तो कोयला भेजा गया और न ही रकम वापस की गई। पीड़ित का कहना है कि जब उसने कई बार संपर्क किया तो आरोपी लगातार समय मांगता रहा। राकेश मिश्रा का आरोप है कि बाद में आरोपी ने रुपये लौटाने से साफ इनकार कर दिया और फोन पर धमकी देते हुए कहा कि वह किसी कानून से नहीं डरता है। शिकायतकर्ता के अनुसार आरोपी ने जान से मरवाने तथा वाराणसी आने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी। पीड़ित ने बताया कि घटना को एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन अब तक न तो माल मिला और न ही धनराशि वापस की गई। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना अतर्रा पुलिस ने राकेश मिश्रा द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर छल कपट एवं जान से मारने की धमकी दिए जाने की विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

खदान कर्मियों से लूट, रायफल छीनने का आरोप, दो गिरफ्तार

बांदा। कोतवाली देहात पुलिस ने खदान कर्मियों से मारपीट, नकदी लूटने और लाइसेंसी रायफल छीनने के मामले में दो वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत चटगन खदान मैनेजर ने 3 मई को शिकायत दर्ज कराई थी कि 1 मई की शाम कुछ लोग चार पहिया वाहन से खदान पहुंचे थे। आरोपियों ने वहां कार्यरत कर्मचारियों के साथ मारपीट की, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद उन्होंने एक कर्मचारी की लाइसेंसी रायफल छीन ली। उसकी जेब से नकदी भी लूट ली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। घटना में शामिल एक आरोपी जितेंद्र उर्फ भूरा को पुलिस ने 4 मई को ही गिरफ्तार कर लिया था। उसके कब्जे से लूटी गई रायफल भी बरामद कर ली गई थी। फरार अन्य आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस टीमों का गठन किया गया था। हाल ही में, 23/24 जून की रात मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अनुराग पुत्र राकेश को बांदा रोड स्थित बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पुल के नीचे से गिरफ्तार किया। पूछताछ में अनुराग ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। अनुराग की निशानदेही पर पुलिस ने दूसरे आरोपी गोविंद पुत्र प्रकाशचंद्र को कटरा बलखंडीनाका स्थित उसके घर से गिरफ्तार किया। अनुराग वर्तमान में जंगल दफ्तर, सिविल लाइन, थाना कोतवाली नगर का निवासी है, जबकि उसका स्थायी पता करहिया, थाना कोतवाली देहात है। गोविंद कटरा बलखंडीनाका, थाना कोतवाली नगर का रहने वाला है।

अचानक ब्रेक लगाने से ट्रकों की टक्कर, चालक घायल

ललितपुर। राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर बिरधा पुलिस चैकी के समीप सोमवार दोपहर एक गंभीर सड़क हादसा हो गया। झांसी से नागपुर की ओर जा रहे एक ट्रक के सामने चल रहे वाहन चालक ने कथित रूप से लापरवाहीपूर्वक ओवरटेक कर अचानक ब्रेक लगा दी, जिससे पीछे से

- **एनएच-44 पर भीषण सड़क हादसा**

आ रहा ट्रक अनियंत्रित होकर उसमें जा घुसा। हादसे में ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया और उसके पैर में तीन स्थानों पर फ्रैक्चर हो गए। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हरियाणा के जिला मेवात (नूंह) अंतर्गत तावडू निवासी ईसब पुत्र कमरुद्दीन ने कोतवाली ललितपुर में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उनका पुत्र तोहीद ट्रक चालक है। 22 जून को वह ट्रक संख्या एन.एल.-01 ए.जी. 5691 लेकर झांसी से नागपुर की ओर जा रहा था। दोपहर लगभग 12 बजे जब उसका वाहन बिरधा एनएच-44 पुलिस चैकी के निकट पहुंचा, तभी सामने चल रहे ट्रक संख्या यू.पी.-53 डी.टी. 8772 के चालक ने अचानक ओवरटेक कर वाहन के आगे तेज ब्रेक लगा दी। अचानक सामने आए इस खतरे से तोहीद को संभलने का मौका नहीं मिला और उसका ट्रक आगे चल रहे वाहन से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा चालक केबिन में फंस गया। आसपास मौजूद लोगों और राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए घायल चालक को काफी मशक्कत के बाद केबिन से बाहर निकाला। जिला अस्पताल ललितपुर पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार झांसी में कोई परिचित न होने के कारण घायल की समुचित देखभाल में कठिनाई हो रही थी। घटना की सूचना मिलने पर परिजन वहां पहुंचे और बाद में बेहतर उपचार के लिए उसे हरियाणा के नूंह ले गए, जहां उसका इलाज जारी है। चिकित्सकों ने उसके पैर में तीन स्थानों पर फ्रैक्चर होने की पुष्टि की है। आरोप है कि सामने चल रहे ट्रक चालक की लापरवाही और अचानक ब्रेक लगाने के कारण यह दुर्घटना हुई। यदि चालक सावधानी बरतता तो गंभीर हादसा टाला जा सकता था। दुर्घटना में ट्रक को भी भारी नुकसान पहुंचा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ट्रक चालक समीम पुत्र बसीर, निवासी ग्राम भादस, फिरोजपुर झिरका, जिला मेवात (हरियाणा) के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 125(बी) एवं 324(2) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

रेलवे स्टेशन पर महिला का पर्स चोरी, एक तोला सोना व नकदी ले उड़े चोर

जिला संवाददाता

ललितपुर। रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। स्टेशन पर ट्रेन का इंतजार कर रही एक महिला यात्री का पर्स चोरी हो गया, जिसमें करीब एक तोला सोने के आभूषण तथा 3,500 रुपए नकद रखे हुए थे। घटना की शिकायत पर जीआरपी ललितपुर ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित शास्त्री नगर निवासी अखिलेश लोधी पत्नी सुनील लोधी अपने मायके ग्राम करमरा, थाना पाली आई हुई थीं। 20 जून की शाम करीब सात बजे वह उज्जैन जाने के लिए ललितपुर रेलवे स्टेशन पहुंचीं। प्रतीक्षारत अवस्था में उन्होंने अपना पर्स बैग के ऊपर रख दिया था। इसी दौरान महामना एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म पर पहुंची। महिला ट्रेन में चढ़ीं, लेकिन अत्यधिक भीड़ होने के कारण नीचे उतरकर दूसरे प्लेटफॉर्म पर चली गईं। बाद में जब वह पातालकोट एक्सप्रेस में बैठकर रवाना हुईं, तब रास्ते में सामान की जांच करने पर उन्हें पता चला कि उनके पर्स के अंदर रखा छोटा पर्स गायब है। उस पर्स में करीब एक तोला सोने के जेवरात और 3,500 रुपए नकद रखे हुए थे। उज्जैन पहुंचने के बाद भी उन्होंने सामान की तलाश की, लेकिन सामान नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने ललितपुर पहुंचकर जीआरपी थाने में शिकायत दर्ज कराई। जीआरपी ने बीएनएस की धारा 305(सी) के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

राम मंदिर दान प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग, कांग्रेस ने राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन

ललितपुर। अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में दान और चढ़ावे से जुड़े कथित अनियमितता एवं चोरी के मामले को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी ने बुधवार को विरोध दर्ज कराया। जिला कांग्रेस कमेटी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच, एफआईआर दर्ज करने तथा दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने कहा कि श्रीराम मंदिर करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। ऐसे पवित्र स्थल से जुड़े किसी भी प्रकार के कथित घोटाले या चोरी की खबरें देशभर के राम भक्तों की भावनाओं को आहत करने वाली हैं। उन्होंने कहा कि यदि इस प्रकार की घटनाओं के आरोप सामने आए हैं तो उनकी पारदर्शी और निष्पक्ष जांच कराना आवश्यक है, ताकि लोगों का विश्वास बना रहे। कांग्रेस नेताओं ने ज्ञापन में कहा कि मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किए जाने की जानकारी सामने आई है, लेकिन अब तक एफआईआर दर्ज न होने से जांच प्रक्रिया को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

उनका कहना है कि किसी भी गंभीर मामले में विधिक प्रक्रिया के तहत प्राथमिकी दर्ज होना आवश्यक है, जिससे जांच निष्पक्ष और प्रभावी तरीके से आगे बढ़ सके। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेस कार्यकताओं ने मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई तत्काल सुनिश्चित की जाए।

ज्ञापन सौंपते समय कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि आस्था से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जा सकती। उन्होंने राज्यपाल से हस्तक्षेप कर निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित कराने की मांग की। इस दौरान कुलदीप पाठक, राजपाल सिंह, संजय कुमार जैन, रामभरोसे, महेश चंद्र, मकरंद किलेदार, पुनीत देवलिया, राकेश रजक, शिशुपाल लोधी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

डीएम ने दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा यातायात को सुदृढ़ करने के दिये निर्देश

जिला संवाददाता

ललितपुर। सड़क दुर्घटनाओं के न्यूनीकरण हेतु सड़क सुरक्षा अभियान का और प्रभावी रुप से क्रियान्वयन कराने के लिए मंगलवार को कलैक्ट्रेट में सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने कैलगुवां ओवरब्रिज पर वाहनों की गति सीमा को प्रभावी रूप से कम करने हेतु तत्काल रम्बल स्ट्रिप बढ़ाए जाएं। सुरक्षित यातायात के दृष्टिगत होल्डिंग एरिया बनाए जाने तथा जनसामान्य की जागरूकता हेतु इसका व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार कराया जाए। उन्होंने राजमार्गों पर वाहनों की गति मापने वाले

- **सड़क दुर्घटनाओं के न्यूनीकरण हेतु डीएम ने दुर्घटना बाहुल्य मार्गो पर रम्बल स्ट्रिप बढ़ाने, होल्डिंग एरिया बनाने, स्पीडो मीटर, सीसीटीवी कैमरे तत्काल दुरुस्त कराने के दिए निर्देश**

बैठक कर अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने पिछले माह जनपद में घटित सड़क दुर्घटनाओं की बिंदुवार समीक्षा की एवं दुर्घटनाओं में कमी लाने तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने जिलाधिकारी ने एनएचएआई झांसी को निर्देशित करते हुए कहा कि रामनगर चैराहे एवं स्पीडोमीटर को तत्काल दुरुस्त कराते हुए उन्हें निरंतर संचालित रखने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने हाई तेरई फाटक चैराहे पर विजिबिलिटी और सुरक्षा के दृष्टिगत स्थापित हाई मास्ट लाइट को शीघ्र चालू कराने, प्रोजेक्ट मैनेजर टोल प्लाजा बीघाखेत को वहां से गुजरने वाले ऐसे सभी वाहनों, जिन पर नम्बर प्लेट चस्पा नहीं है, उनकी सूची तत्काल उपलब्ध कराने हेतु कड़े निर्देश दिए। ऑवर स्पीड को नियंत्रित करने के उद्देश्य से उन्होंने अमझरा घाटी मंदिर चैकी के पास जिगजैक स्पीड ब्रेकर बनाये जाने के निर्देश दिये, साथ ही एआरटीओ को स्कूली वाहनों की फिटनेश की जांच कराने के भी निर्देश दिये।

शहर में यातायात व जाम की समस्या के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने टीएसआई को निर्देशित किया कि चालकों को ड्रिंक एण्ड ड्राइव को रोकने के लिए ब्रीथ एनालाईजर से चैक किया जाए, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आ सके। इसके साथ सवारी वाहनों जैसे टैक्सी, टेम्पो, ई रिक्शा आदि को निर्धारित रुट पर चलवाया जाए, ताकि जाम की समस्या उत्पन्न न हो।

जिलाधिकारी ने एनएचएआई के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गए कि जनपद के दुर्घटना संभावित क्षेत्रों में दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए ब्लैक स्पोट, होट स्पोट एवं कर्व व रिफ्लेक्टिव टेप, पेड़ों पर जीआई रिफ्लेक्टिव शीट, आवश्यकतानुसार टी जक्शंक पर ब्रेकर, टेबल टॉप बनवाये जायें तथा डिवाइडर पर रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये जाने के निर्देश दिये, साथ ही नेशनल हाईवे-44 पर सभी अवैध कटों को चिन्हित कर पूर्ण रुप से बंद कराने के भी निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी नपा को शहर में अवैध होर्डिंग्स को हटाये जाने के लिए वृहद स्तर पर अभियान चलाने और पीए सिस्टम दुरुस्त कराने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, एआरटीओ विपिन चैधरी, ईओ नगर पालिका दिनेश कुमार विश्वकर्मा, अधिशासी अभियंता लो0नि0वि0 विजय चन्द्रा, टीएसआई अब्दुल नफीश, पुलिस सीसी टीम, आईरेड प्रभारी एनआईसी नरेन्द्र सिंह उपस्थित रहे।

संक्षेप

फेनेस्टा ने 27वां शोरूम खोला

मेरठ। फेनेस्टा ने मेरठ में अपने नए शोरूम के लॉन्च के साथ उत्तरमध्य भारत में अपनी मौजूदगी को और सशक्त बना लिया है। सोमानी एंटरप्राइजेज द्वारा संचालित यह शोरूम अबुलेन, मेरठ कैंट में स्थित है, जो उभरते रिहायशी एवं कमर्शियल मार्केट्स में विश्वस्तरीय फेनेस्ट्रेशन समाधानों को उपभोक्ताओं के करीब लाने की फेनेस्टा की प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाता है। यह शोरूम उपभोक्ताओं को फेनेस्टा की व्यापक प्रोडक्ट रेंज का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करेगा, जिससे वे रिहायशी एवं कमर्शियल प्रोजेक्ट्स के लिए सोच-समझ कर अपनी पसंद के प्रोडक्ट खरीदने का फैसला ले सकेंगे।

जावा 42 आइवरी को मिला राइडर्स का शानदार रिस्पॉन्स

बंगलुरु। जावा 42 आइवरी, जिसे अपनी हालिया लॉन्चिंग के बाद से ही राइडर्स से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है, अब अमेजन.इन और फ्लिपकार्ट पर बुकिंग के लिए उपलब्ध है। भारत के प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म्स पर इस मोटरसाइकिल को लाकर, जावा ने देश भर के उत्साही लोगों के लिए ऑनलाइन माध्यम से इसे खोजने और इसके ओनरशिप के सफर की शुरूआत करने को और भी आसान बना दिया है। कई शुरुआती मालिकों के लिए, आइवरी एडिशन का आकर्षण पहली ही नजर में दिल को छू जाने वाला और बेहद व्यक्तिगत है। पुणे, महाराष्ट्र के शैलेंद्र एस नानेकर, जिन्होंने हाल ही में एक कम्यूटर मोटरसाइकिल से इस पर अपग्रेड किया है, अपने अनुभव में आए इस बदलाव को बताते हैं, "पावर में बढ़ोतरी तुरंत महसूस होती है। यह लंबी और सुकून भरी सवारी के लिए काफी रिफाइंड और आरामदायक महसूस होती है। सवारी के अनुभव से इतर, जो बात उन्हें सबसे ज्यादा खास लगती है, वह है इस मोटरसाइकिल की लोगों का ध्यान खींचने, बातचीत शुरू करने और कुछ लोगों के लिए बीते समय को वापस लाने की क्षमता।

केएफसी इंडिया का नया फ्लेवर लॉन्च

नई दिल्ली। भारत में खाने के अलग-अलग कॉम्बिनेशन हमेशा से पसंद किए जाते रहे हैं। केएफसी इंडिया ने भी खाने के शौकीनों के लिए ऐसा ही एक लजीज ऑल-न्यू डबल चिकन डायनामाइट पेश किया है। इस नई मेन्यू पेशकश में है, दो अलग-अलग तरह का स्वाद, जो बिल्कुल लाजवाब है। ऑल-चिकन नो बन बर्गर में है दो क्रिस्पी जिंगर फिलेट्स, जिनके बीच भरा है स्वादिष्ट कोरियन नूडल, सिग्नेचर स्पाईसी मायो एवं चीज और इनके साथ है जबरदस्त मसालों की टॉपिंग। यह शानदार कॉम्बिनेशन क्रंची, चीजी और बहुत ही लजीज है। ऑल-न्यू डबल चिकन डायनामाइट 29 जून से भारत के सभी 1400+ केएफसी रेस्टोरेंट्स में डाइन-इन और टेकअवे के लिए उपलब्ध होगा।

शो लॉक अपः सच या सजा के इनमेट्स की घोषणा

नई दिल्ली। भारत का सबसे चर्चित जेल का काउंटडाउन शुरू हो गया है। 27 जून से नेटफ्लिक्स पर लॉक अपः सच या सजा की स्ट्रीमिंग शुरू हो रही है। आज नेटफ्लिक्स ने एक एक्सक्लूसिव प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस रियलिटी शो के बारे में कई रहस्यों से पर्दा उठाया। शो को बनाने वाले मास्टरमाइंड और टास्क का सामना करने वाली हस्तियों का खुलासा किया गया, जो देश की सबसे अनप्रेडिक्टेबल जेल में दिखाई देंगी। इस ईवेंट में मीडिया को इस शो के ड्रामा, रणनीति और उथल-पुथल का फर्स्ट लुक मिला, जो आने वाले हफ्तों में दिखाई देने वाले हैं। यह दर्शकों के लिए ड्रामा, ट्विस्ट और अनप्रेडिक्टेबल क्षणों के लिए एक शानदार सामाजिक प्रयोग लेकर आ रहा है। जेलर तैयार हैं और इनमेट्स पहुँच चुके हैं। अब इंतजार है रहस्यों के खुलने का, जिसके साथ शुरू हो रहा है, एक ऐसा शो, जो रियलिटी का अब तक सबसे अलग अनुभव प्रदान करेगा।

राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध पार्किंग के खिलाफ एनएचएआई ने कार्रवाई तेज की

नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय राजमार्गों पर अतिक्रमण और अवैध पार्किंग के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। एनएचएआई ने बुधवार को बयान में कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों के किनारे अवैध पार्किंग, सड़क किनारे अतिक्रमण और अनियंत्रित गतिविधियां सड़क उपयोगकर्ताओं के लिए गंभीर जोखिम पैदा करती हैं और यातायात तथा सुरक्षा को प्रभावित करती हैं। इन समस्याओं के समाधान के लिए, एनएचएआई ने विभिन्न राज्यों में राष्ट्रीय राजमार्गों पर अवैध पार्किंग के 595 संवेदनशील स्थलों की पहचान की है।

सेंसक्स में 791 अंकों की उछाल

मुंबई। कच्चे तेल के दाम में नरमी और बैंक, वित्तीय तथा आईटी शेयरों में लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार में बुधवार को तेजी लौटी और दोनों मानक सूचकांक लाभ में रहे। बीएसई सेंसेक्स 791 अंक चढ़ गया जबकि एनएसई निफ्टी में 197 अंक की तेजी रही। कारोबारियों के अनुसार, इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर की बढ़ती उम्मीद और घरेलू बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों के शुद्ध रूप से लिवाल बनने से भी बाजार को समर्थन मिला।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 790.54 अंक यानी 1.04 प्रतिशत के लाभ में रहा। कारोबार के दौरान एक समय यह 989.69 अंक तक चढ़ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध 2,215 शेयर लाभ में रहे, जबकि 2,034 में गिरावट आई। वहीं 181 के भाव अपरिवर्तित रहे। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 197.55 अंक यानी 0.83 प्रतिशत बढ़कर 24,021.65 अंक पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों से मिले सकारात्मक संकेत, होर्मुज जलडमरूमध्य में आवाजाही बेहतर होने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट और भारत-अमेरिका के बीच जल्द ही व्यापार समझौता होने की उम्मीद के चलते घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स की कंपनियों में इंटरग्लोब एविएशन, ट्रेंट, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एचडीएफसी बैंक और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, टाटा स्टील, मारुति और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स शामिल हैं। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.44 प्रतिशत लाभ में रहा जबकि मझोली कंपनियों से जुड़ा मिडकैप सेलेक्ट 0.32 प्रतिशत चढ़ा। बैंकिंग शेयरों में मजबूत बढ़त और आईटी क्षेत्र में सुधार के कारण भारतीय शेयर बाजार ने अच्छी वापसी की। पश्चिम एशिया में तनाव कम होने और कच्चे तेल की कीमतों में और गिरावट से निवेशकों का जोखिम लेने का उत्साह लौटा और व्यापक बाजार भागीदारी का समर्थन मिला। इससे बाजार धारणा में सुधार हुआ। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.69 प्रतिशत टूटकर 75.78 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 17.86 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। अमेरिका और भारत एक ऐतिहासिक द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं। यह समझौता दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद है। यह अमेरिकी सामान के लिए 1.4 अरब की आबादी वाले भारतीय बाजार के दरवाजे खोलेगा।

रुपया 11 पैसे चढ़कर 94.65 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया बुधवार को 11 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 94.65 (अस्थायी) पर रहा। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज गिरावट से घरेलू मुद्रा को बल मिला। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड का भाव 2.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75.50 डॉलर प्रति बैरल के आसपास रहा।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी पूंजी के निवेश प्रवाह ने भी रुपये को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.88 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 94.59 से 94.93 के दायरे में रहा। अंत में यह 94.65 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा जो पिछले बंद स्तर से 11 पैसे अधिक है। रुपया मंगलवार को 13 पैसे टूटकर 94.76 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। हमारा अनुमान है कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने, फेडरल रिजर्व के कड़े रुख और कमजोर वैश्विक बाजारों के कारण रुपया नकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर सकता है। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिका-ईरान वार्ता में प्रगति निचले स्तर पर रुपये को समर्थन दे सकती है।" डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.45 से 95.10 के दायरे में रहने के आसार हैं। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.23 प्रतिशत की बढ़त के साथ 101.63 पर रहा। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 790.54 अंक या 1.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,991.22 अंक पर जबकि निफ्टी 197.55 अंक या 0.83 प्रतिशत चढ़कर 24,021.65 अंक पर रहा।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) मंगलवार को शुद्ध लिवाल रहे थे और उन्होंने 17.86 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

सेल ने नौसेना के तीन युद्धपोत के लिए 5700 टन विशेष इस्पात की आपूर्ति की

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने भारतीय नौसेना में हाल ही में बेड़े में शामिल किए गए तीन अत्याधुनिक युद्धपोतों के निर्माण के लिए 5,700 टन विशेष श्रेणी के इस्पात की आपूर्ति की है। कंपनी ने बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

कंपनी के अनुसार, इन तीन जहाजों में उन्नत स्टेल्थ फ्रिगेट आईएनएस दुनागिरी, एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस अग्रय और सर्वेक्षण पोत आईएनएस संशोधक शामिल हैं। इन तीनों जहाजों को 21 जून को कोलकाता के श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा औपचारिक रूप से भारतीय नौसेना में शामिल किया गया था। बयान के मुताबिक, सेल ने इन जहाजों के लिए, विशेष गुणवत्ता की डीएमआर 249ए ग्रेड हॉट-रोल्ड शीट और प्लेट की आपूर्ति की है। कंपनी के बोकारो, भिलाई और राउरकेला इस्पात संयंत्रों में किया गया है। कंपनी ने कहा कि वह आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया पहल के तहत रक्षा क्षेत्र में स्वदेशीकरण को लगातार बढ़ावा दे रही है। स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत और प्रोजेक्ट 17ए के तहत बनाए गए स्टील्थ फ्रिगेट्स आईएनएस नीलगिरि, आईएनएस हिमगिरि और आईएनएस उदयगिरि के लिए इस्पात आपूर्ति की है।

वायदा कारोबार में सोने की कीमत 1.26 प्रतिशत टूटकर 144676 रुपये प्रति 10 ग्राम

नयी दिल्ली। हाजिर मांग में कमजोरी के बीच वायदा कारोबार में सोने की कीमत बुधवार को 1853 रुपये टूटकर 1,44,676 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगस्त में आपूर्ति वाले सोने के अनुबंध की कीमत 1853 रुपये यानी 1.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,44,676 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। इस दौरान 1,585 लॉट का कारोबार हुआ। विश्लेषकों ने बताया कि कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण सोने की कीमतों में गिरावट आई है। वैश्विक स्तर पर न्यूयॉर्क में सोना का वायदा भाव 0.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 4,090.94 डॉलर प्रति औंस रह गया।

प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए नयी प्रौद्योगिकियां अपनायें उद्योग

नयी दिल्ली। केंद्रीय इस्पात मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने बुधवार को इस्पात उद्योग से वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बने रहने और उत्पादकता बढ़ाने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों को अपनाने का आह्वान किया।

मंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में इस्पात मंत्रालय द्वारा आयोजित इस्पात क्षेत्र में डिजिटलीकरण पर चिंतन शिविर 2026 में ये बातें कहीं। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कुमारस्वामी ने कहा कि इस्पात क्षेत्र का भविष्य केवल उत्पादन क्षमता से तय नहीं होगा, बल्कि बुद्धिमान और एकीकृत प्रणालियों से भी निर्धारित होगा। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई), मशीन लर्निंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), डिजिटल ट्विन, रोबोटिक्स और उन्नत आंकड़ा विश्लेषण जैसी प्रौद्योगिकियां वैश्विक स्तर पर इस्पात विनिर्माण को नया स्वरूप दे रही हैं। इनके इस्तेमाल से उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। सरकार वर्ष 2030 तक 30 करोड़ टन और वर्ष 2035 तक 40 करोड़ टन इस्पात उत्पादन क्षमता हासिल करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। यह विस्तार मजबूत घरेलू मांग पर आधारित है, जिसमें बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचा विकास, मेक इन इंडिया के तहत विनिर्माण क्षेत्र का विस्तार, नवीकरणीय ऊर्जा का प्रसार और तेज शहरीकरण शामिल हैं।

वित्त मंत्रालय, एनएफआरए ने कॉरपोरेट कानून संशोधन विधेयक पर संसदीय समिति के समक्ष रखा अपना रुख

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय के अधिकारियों और राष्ट्रीय वित्तीय रिपोर्टिंग प्राधिकरण (एनएफआरए) ने कॉरपोरेट कानूनों में संशोधन से जुड़े एक विधेयक पर संसद की संयुक्त समिति के समक्ष बुधवार को अपना रुख स्पष्ट किया।

कॉरपोरेट कानून (संशोधन) विधेयक, 2026 का उद्देश्य सीमित दायित्व भागीदारी (एलएलपी) अधिनियम, 2008 और कंपनी अधिनियम में संशोधन करना है, ताकि कारोबार करने में आसानी हो, छोटे प्रक्रियात्मक उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जा सके और देश के कॉरपोरेट कामकाज के ढांचे को आधुनिक बनाया जा सके। इस विधेयक पर भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं सांसद सुधीर गुप्ता की अध्यक्षता वाली संयुक्त संसदीय समिति गौर कर रही है। समिति प्रस्तावित बदलावों पर विभिन्न हितधारकों से सुझाव भी ले रही है। एनएफआरए के चेयरपर्सन नितिन गुप्ता ने समिति को विधेयक के विभिन्न पहलुओं से बुधवार को अवगत कराया। इस दौरान नियामक की पूर्णकालिक सदस्य स्मिता झिंगरन और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। एनएफआरए, कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य करता है। वित्त मंत्रालय के अधिकारियों ने भी समिति को विधेयक पर जानकारी दी। इस महीने की शुरुआत में समिति ने विधेयक पर विभिन्न हितधारकों और विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित किए थे।

क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी मामले में पांच दिन के भीतर अस्थायी तौर पर राशि वापस करें बैंकः आरबीआई

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को कहा कि क्रेडिट कार्ड के जरिये धोखाधड़ी वाले इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन के बारे में ग्राहक से शिकायत मिलने की तारीख से पांच दिन के भीतर शैडो रिवर्सल यानी विवादित रकम अस्थायी रूप से खाते में अंतरित कर देना चाहिए। आरबीआई ने डिजिटल लेनदेन में ग्राहकों की जवाबदेही को सीमित करने के लिए संशोधित नियम जारी कर यह व्यवस्था दी है। बैंकों में शैडो रिवर्सल का मतलब रकम की अस्थायी वापसी से है। इससे संबंधित ग्राहकों को तुरंत आर्थिक राहत मिलती है, हालांकि जांच पूरी होने तक आम तौर पर इन पैसों को निकाला नहीं जा सकता है। संशोधित नियमों के अनुसार, बैंक को अपनी प्रणाली ऐसी बनानी चाहिए जिनसे ग्राहक इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग लेनदेन (ईबीटी) करने में सुरक्षित महसूस करें। ग्राहकों द्वारा किए जाने वाले ईबीटी की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित प्रणाली और प्रक्रियाएं लागू करनी चाहिए। आरबीआई ने कहा, बैंक को 500 रुपये से अधिक मूल्य के सभी ईबीटी के लिए अपने ग्राहकों को तुरंत एसएमएस अलर्ट भेजना अनिवार्य होगा। 500 रुपये तक के मूल्य वाले ईबीटी के लिए, बैंक अपनी आंतरिक नीति के अनुसार तुरंत एसएमएस भेजने का फैसला कर सकता है।

आंध्र प्रदेश के कुरनूल में 405 करोड़ रुपये की स्वर्ण खनन परियोजना शुरू

एजेंसी

आंध्र प्रदेश। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने बुधवार को कुरनूल जिले के जोन्नागिरी में 405 करोड़ रुपये की स्वर्ण खनन एवं प्रसंस्करण परियोजना का उद्घाटन किया। इसके साथ ही राज्य में वाणिज्यिक स्तर पर सोने के उत्पादन की शुरुआत हुई है।

मुख्यमंत्री ने परियोजना के दूसरे चरण की आधारशिला भी रखी, जिसे जियो मैसूर सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और डेक्कन गोल्ड माइंस लिमिटेड द्वारा विकसित किया जा रहा है। आधिकारिक बयान के अनुसार, यह परियोजना खनन क्षेत्र में आंध्र प्रदेश के लिए एक नया अध्याय खोलती है और औद्योगिक विकास एवं रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान देने की उम्मीद है। सरकार ने इस परियोजना के लिए 1,500 एकड़ भूमि आवंटित की है, जिसमें से पहले चरण में 600 एकड़ में खनन गतिविधियां शुरू हो चुकी हैं। शेष क्षेत्र में विस्तार आगामी चरणों में किया जाएगा।

परियोजना के अनुमानों के अनुसार, संचालन के पहले वर्ष में 400 किलोग्राम तक सोने का उत्पादन होने की उम्मीद है। दूसरे वर्ष से यह बढ़कर 900 किलोग्राम प्रतिवर्ष हो जाएगा। भविष्य में उत्पादन को दो टन प्रति वर्ष तक बढ़ाने की योजना है। इस परियोजना से लगभग 700 लोगों के लिए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है। राज्य सरकार को खदान से उत्पादित सोने के मूल्य का चार प्रतिशत रॉयल्टी राजस्व के रूप में प्राप्त होगा। वर्तमान अनुमानों के आधार पर, आंध्र प्रदेश को 400 किलोग्राम सोने के उत्पादन पर लगभग 57 करोड़ रुपये और वार्षिक उत्पादन 900 किलोग्राम होने पर लगभग 144 करोड़ रुपये की रॉयल्टी प्राप्त हो सकती है। यह परियोजना देश के निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी सोना खनन परियोजना बताई जा रही है। इससे आंध्र प्रदेश को देश के सोना खनन क्षेत्र में नई पहचान मिलने की उम्मीद है। अभी तक भारत में सोना खनन मुख्य रूप से कर्नाटक के कोलार गोल्ड क्षेत्र से जुड़ा रहा है।

पेज एक का शेष

अरुणाचल में

बचाव अभियान जारी है। अधिकारी ने बताया कि मूसलाधार बारिश के कारण निर्माणाधीन सुरक्षा दीवार ढह गई, जिससे कॉलोनी और आसपास के निचले आवासीय क्षेत्रों में बड़ी मात्रा में पानी भर गया। उन्होंने बताया कि इस घटना में कम से कम 18 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। पुलिस ने बताया कि जिला पुलिस और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के कर्मियों ने याजाली जलाशय से बिशु सिन्हा नामक व्यक्ति को सुरक्षित निकाला, जबकि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) के एक वैज्ञानिक को इस आपदा से प्रभावित राष्ट्रीय राजमार्ग-13 के एक हिस्से से बचाया गया।

नियमों का उल्लंघन

में कोचिंग संस्थानों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान यहां अधिकारियों को कई कोचिंग केंद्रों में सुरक्षा मानकों में कमियां मिलीं जिसके बाद कम से कम छह कोचिंग संस्थानों को सील कर दिया गया। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक अधिकारियों ने संपत्ति मालिकों से इमारतों का स्वीकृत नक्शा और अन्य दस्तावेज मांगे। उन्होंने बताया कि जरूरी रिकॉर्ड पेश नहीं कर पाने वाले संस्थानों को नोटिस जारी किये गये हैं।

अलीगंज अग्निकांड

सकता है। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि प्राधिकरण ने 23 जून को नोटिस जारी किया था और सुनवाई की तिथि सात जुलाई निर्धारित की है। उन्होंने कहा कि कानून के तहत इमारत के मालिक को अपना पक्ष रखने के लिए 15 दिन का अवसर देना अनिवार्य है। उन्होंने कहा, इस अवधि के दौरान प्राप्त किसी भी जवाब की जांच की जाएगी और उसके बाद अंतिम निर्णय लिया जाएगा। यदि संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं मिलता है और अंततः ध्वस्तीकरण का आदेश जारी किया जाता है, तो प्राधिकरण इमारत को गिराने की कार्यवाई करेगा।

बेंगलुरु में

कहा कि सरकार की सक्रिय कार्यशैली और उद्योग जगत के साथ निरंतर संवाद राज्य को नई पहचान दे रहा है। उनके अनुसार भारत में जीसीसी स्थापित करने की योजना बनाने वाली कंपनियों के लिए उत्तर प्रदेश का मूल्यांकन करना अनिवार्य होना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने वैश्विक ग्राहकों को उत्तर प्रदेश में निवेश और जीसीसी स्थापित करने के लिए प्रेरित करेंगे। सत्त्व ग्रुप के डायरेक्टर कॉरपोरेट अफेयर्स पी.के. मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निवेश के लिए देश के सबसे आकर्षक राज्यों में शामिल हो चुका है।

भारत में सेफ्टी

इन्वेस्टर्स और अलग-अलग सेक्टर के इंडस्ट्री लीडर्स के साथ संवाद करने का अवसर मिला। हमने देखा कि कैसे बेंगलुरु एक गार्डन सिटी से विकसित होकर ग्लोबल टेक्नोलॉजी पावरहाउस बना। बेंगलुरु की ग्रोथ स्टोरी अपने देखी-सुनी है। नए भारत के नए उत्तर प्रदेश की जो कहानी आप यहां सुन रहे हैं, उसे आप उत्तर प्रदेश में जाकर स्वयं महसूस करेंगे, मैं आपको इसके लिए आमंत्रित करने आया हूं। सीएम ने कहा कि हमें गर्व है कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने विकास के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और निवेश के लिए सर्वश्रेष्ठ गंतव्य के रूप में स्थापित किया है।

एआई, निवेश

साझा किया। बैठक के दौरान सीटीओ तरुण पंत और गूगल टीम के साथ कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), क्लाउड टेक्नोलॉजी, डिजिटल गवर्नेंस और डेटा आधारित समाधानों के माध्यम से विकास कार्यक्रमों को अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने गूगल की टीम के साथ इस बात पर भी विचार-विमर्श किया कि टेक्नोलॉजी के माध्यम से सरकारी सेवाओं की पहुंच और प्रभावशीलता को कैसे बढ़ाया जा सकता है।

कोलकाता में

प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह की पट्टे पर ली गई जमीन पर बनाया जा रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा, अब तक 21 लोगों को मलबे से निकाला गया, जिनमें से तीन की मौत हो गई है। बाकी लोगों को एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उन्हें बेहतर इलाज मुहैया कराने की हर संभव कोशिश की जा रही है।

भारत-चीन

(एसडीएम) और व्यापार अधिकारी आशीष जोशी ने बताया कि 17 भारतीय व्यापारियों और नौ सहायकों को 26 व्यापार पास जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि पास हासिल करने की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए गुंजी में एक सीमा शुल्क कार्यालय भी खोला गया है।

राजनाथ सिंह

कहा कि जसपाल राणा का जीवन संघर्ष, परिश्रम और उत्कृष्टता का प्रतीक था। खेलों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता और राष्ट्र के प्रति उनका समर्पण सदैव याद रखा जाएगा। रक्षा मंत्री ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वर्गीय जसपाल राणा केवल एक उत्कृष्ट खिलाड़ी ही नहीं, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा के स्रोत भी थे।

मोदी- योगी

को 'विजय पथ अवार्ड' प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं खेल पत्रकारों को भी 'पत्रकार शिरोमणि सम्मान' प्रदान कर उनके योगदान की सराहना की गई। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विराज सागरदास ने अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक दिवस की बधाई देते हुए कहा कि ओलंपिक की महत्वपूर्ण बात यह नहीं कि हम ओलंपिक जीतें बल्कि महत्वपूर्ण तो यह है कि हम ओलंपिक में भाग लें। मेडल पाना ही ओलंपिक नहीं है बल्कि खिलाड़ियों की दिन-रात की मेहनत भी ओलंपिक में भाग लेने के बराबर है। उन्होंने खिलाड़ियों से अपनी मेहनत, अपने कोच, अपने कैरियर के लिए ताली बजाने को कहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नई खेल भावना विकसित हुई है। खेल इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है।

खेलो इंडिया अभियान, फिट इंडिया अभियान चलाया जा रहा है। खिलाड़ियों को सरकारी जॉब उपलब्ध कराने का मामला हो या वर्ल्ड क्लास एकेडमी स्थापित करने का, केंद्र सरकार हर क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी गांव-गांव में खेल संस्कृति का विकास कर रहे हैं। खेल के मैदान बनाए जा रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। केंद्र और प्रदेश सरकार की कोशिश गांव-गांव में छिपी खेल प्रतिभाओं को तलाशने और उन्हें प्रशिक्षित कर इस योग्य बनाने की है कि वे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर देश- प्रदेश का नाम पूरी दुनिया में रौशन कर सकें। यूपी ओलंपिक संघ का सपना है कि गांव-गांव से वह खेल प्रतिभाओं को तलाशे और जो जिस क्षेत्र में जाना चाहता है, उसे उसी तरह की हर संभव सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

उन्होंने कहा कि ओलंपिक दिवस जैसे आयोजन युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के साथ-साथ शहर की खेल गतिविधियों को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करते हैं। उन्होंने आयोजन की सफलता के लिए लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी के नेतृत्व में पूरी टीम द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन लखनऊ की खेल संस्कृति को और समृद्ध करेंगे। समारोह की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने कहा कि ओलंपिक दिवस केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि उत्कृष्टता, मित्रता और सम्मान के ओलंपिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना को जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए संयोजक एवं लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. सैयद रफत जुबैर रिजवी ने बताया कि उभरती खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न खेलों के 15 खिलाड़ियों को 'विजय पथ अवार्ड' प्रदान किए गए हैं। इसके साथ ही खेल पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों को 'पत्रकार शिरोमणि सम्मान' से सम्मानित किया गया। अतिथियों ने कहा कि खेलों के प्रचार-प्रसार और खिलाड़ियों की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में खेल पत्रकारों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय के आह्वान पर पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक जिले की जिला ओलंपिक समिति को 100 वृक्ष लगाने का लक्ष्य दिया गया है।

इस अभियान की शुरुआत उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विराज सागर दास ने सांकेतिक रूप से पौधा लगाकर की। इस अवसर पर लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी डॉ. अतुल सिन्हा, उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव डॉ. सुधर्मा सिंह, उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के सचिव सुधीर शर्मा, उत्तर प्रदेश जूडो एसोसिएशन के सचिव मुनव्वर अंजार, उत्तर प्रदेश वुशु एसोसिएशन के सचिव मनीष कक्कड़, टेनिकॉइट एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश के महासचिव सिकन्दर विलियम्स, लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष मो.नदीम, संयुक्त सचिव विनीत बिसारिया, मालविका बाजपेयी, उपाध्यक्ष संजय मिश्रा, सुशीम बाजपेयी, कार्यकारिणी सदस्य प्रत्यूष रत पाण्डेय व एडवोकेट मुकीद खान एवं डॉ. सुधा बाजपेयी सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी व खिलाड़ी मौजूद रहे।

विजय पथ अवार्ड से सम्मानित खिलाड़ी

विजय पथ अवार्ड के तहत विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधोलिखित खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

-रूप किशोरः अहमदाबाद में आयोजित विश्व योगासन चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता

-परमजीत सिंहः सऊदी अरब में आयोजित एशियन लैक्रोस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता

-मानवी कनौजियाः बॉक्सिंग, जूनियर नेशनल में उत्कृष्ट प्रदर्शन

-अंशिका वर्माः जिम्नास्टिक, मिनी नेशनल प्रतियोगिता में प्रतिभाग

-सुयश अवस्थीः हैंडबॉल, आईएचएफ ट्रॉफी इंटरनेशनल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक जीता

-शुभम सिंहः हैंडबॉल, जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में रजत पदक विजेता (उत्तर प्रदेश टीम)

-प्रया पांडेः क्रिकेट, बीसीसीआई अंडर-15 ट्रॉफी

-नूपुर पांडेः क्रिकेट, बीसीसीआई अंडर-15 ट्रॉफी में

-उज्ज्वल गुप्ताः ताइक्वांडो, जूनियर वर्ल्ड ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व

-मानव कश्यपः ताइक्वांडो, सब जूनियर नेशनल में स्वर्ण पदक विजेता

-मनोज कश्यपः ताइक्वांडो, सब जूनियर नेशनल में रजत पदक विजेता

-इशिताः ताइक्वांडो, कैडेट नेशनल में रजत पदक विजेता

-सुप्रिया यादवः एथलेटिक्स, डेफ सब-जूनियर नेशनल 100 मीटर दौड़ में रजत पदक विजेता

-सिमरन पांडेयः ताइक्वांडो

-शालू कुमारीः वॉलीबॉल

टी-20 विश्व कप : हरमनप्रीत को अपना नैसर्गिक खेल खेलना होगा : शिखा

नयी दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज शिखा पांडे का मानना है कि महिला टी20 विश्व कप में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर को विकेटों के पतन की चिंता छोड़कर स्वाभाविक आक्रामक खेल पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि क्रीज पर थोड़ा समय बिताने के बाद हरमनप्रीत बिल्कुल अलग स्तर की बल्लेबाज नजर आती हैं।

भारतीय टीम के लिए दक्षिण अफ्रीका से हारने के बाद विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की राह मुश्किल हो गयी है। टीम को लीग चरण में बृहस्तपिवार को बांग्लादेश और रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। शिखा ने जियोस्टार के गेम प्लान कार्यक्रम में सुझाव दिया कि बल्लेबाजी क्रम में बदलाव से हरमनप्रीत अपनी लय वापस पा सकती हैं। उनके अनुसार कप्तान को चौथे नंबर पर आना चाहिये जबकि जेमिमा रोड्रिग्स को पांचवें स्थान पर उतारा जा सकता है। उन्होंने कहा, भारतीय मध्यक्रम में हरमनप्रीत कौर की स्ट्राइक रेट चिंता का विषय है।

शुरुआती विकेट जल्दी गिरता है तो यास्तिका भाटिया बल्लेबाजी के लिए आती हैं और जेमिमा चौथे नंबर पर खेलती हैं। संभव है कि हरमनप्रीत चौथे नंबर पर आएं और जेमिमा पांचवें स्थान पर चली जाएं। शिखा ने कहा कि हरमनप्रीत को विकेट गिरने की चिंता छोड़कर अपने स्वाभाविक खेल पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, जब हरमनप्रीत कौर लय में होती हैं तो वह पूरी तरह अलग बल्लेबाज नजर आती हैं। क्रीज पर समय बिताने के बाद वह सहजता से ड्राइव और डीप मिडविकेट के ऊपर से बड़े शॉट लगाती है। वह स्पिनरों के खिलाफ भी बेहद प्रभावी हैं। अगर वह जम जाएं तो भारत को बड़ा फायदा होगा। भारत की पूर्व बल्लेबाज वेदा कृष्णमूर्ति ने जेमिमा रोड्रिग्स को तीसरे नंबर पर ही बल्लेबाजी कराने का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि किसी बल्लेबाज को स्पष्ट भूमिका देना बेहद जरूरी होता है। वेदा ने कहा, यह आत्मविश्वास की बात है।

जब लगातार कुछ कम स्कोर बनते हैं तो बल्लेबाज जरूरत से ज्यादा सोचने लगता है और उसका खेल सीमित हो जाता है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच का जिक्र करते हुए कहा कि नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से साझेदारियां नहीं बन सकीं। टी20 क्रिकेट में गति बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण होता है। वेदा ने कहा, मैं अब भी जेमिमा को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते देखना चाहूंगी। उन्हें एक निश्चित भूमिका दी जानी चाहिए, क्योंकि इससे तैयारी करना आसान हो जाता है। जब किसी खिलाड़ी से लचीला रहने को कहा जाता है, तो उसे यह समझ नहीं आता कि पहली गेंद से तैयार रहना है या तीसरे ओवर से। इससे बल्लेबाज के लिए मुश्किलें बढ़ जाती हैं। वहीं दूसरी ओर किशोर बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी अपने पहले सीनियर अंतरराष्ट्रीय दौरे पर एक अनोखे अनुभव से गुजरने वाले हैं जहां इस 15 वर्षीय इस खिलाड़ी को भारत के आगामी इंग्लैंड टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान सुरक्षा संबंधी नियमों के तहत अलग चेंजिंग रूम दिया जाएगा।

अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से पहले ही सुर्खियां बटोर चुके सूर्यवंशी पदार्पण का मौका मिलने पर भारत के सबसे युवा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट बन जायेंगे। वह इस मामले में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ सकते हैं, जिन्होंने 1989 में 16 वर्ष और 205 दिन की उम्र में टेस्ट पदार्पण किया था। भारत का ब्रिटेन दौरा शुक्रवार से बेलफास्ट में आयरलैंड के खिलाफ दो मैचों की टी20 श्रृंखला से शुरू होगा, जिसके बाद अगले बुधवार से इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला खेली जाएगी। इंग्लैंड दौरे के दौरान सूर्यवंशी के लिए पहली बार एक विशेष व्यवस्था लागू की जाएगी। ब्रिटिश अखबार द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के सुरक्षा नियमों और इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के दिशानिर्देशों के तहत अंडर-16 खिलाड़ियों को वयस्क खिलाड़ियों के चेंजिंग रूम का उपयोग करने की अनुमति नहीं होती। रिपोर्ट के मुताबिक, सूर्यवंशी मैच के दौरान भारतीय ड्रेसिंग रूम में रह सकते हैं और टीम की बैठकों में भी शामिल हो सकेंगे, लेकिन नियम केवल कपड़े बदलने के समय लागू होंगे। इसमें कहा गया, यह व्यवस्था इंग्लैंड के खेलों में आम है। उदाहरण के तौर पर आर्सेनल के मैक्स डॉउमैन को भी पिछले सत्र में इसी तरह अलग चेंजिंग सुविधा दी गई थी, जब तक कि वह दिसंबर में 16 वर्ष के नहीं हो गए। यह हालांकि सूर्यवंशी के लिए नया अनुभव होगा क्योंकि भारत में इस तरह का कोई नियम नहीं है। सूर्यवंशी के माता-पिता भी इस दौरे पर उनके साथ रहने की संभावना है।

राजस्थान रॉयल्स के इस युवा खिलाड़ी के लिए यह अनुभव नया होगा, क्योंकि आईपीएल के दौरान वे अपने सीनियर खिलाड़ियों के साथ एक ही ड्रेसिंग रूम साझा करते थे। ईसीबी ने बताया है कि वह बीसीसीआई और स्टेडियम अधिकारियों के साथ मिलकर सभी सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित कर रहा है। ईसीबी ने द गार्जियन को दिए बयान में कहा, यह एक आईसीसी प्रतियोगिता है और अधिकार क्षेत्र उन्हीं का है, इसलिए उनकी सुरक्षा से जुड़ी प्रक्रियाएं लागू हैं। ईसीबी भारतीय टीम के लिए नियुक्त संपर्क अधिकारी के संपर्क में है।

संक्षेप

विश्व कप, एशियाई खेलों में एक ही टीम उतार सकता है भारत

नयी दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने बुधवार को संकेत दिया कि आगामी विश्व कप और एशियाई खेलों के बीच महज 20 दिन का अंतर होने के बावजूद समान टीम उतारी जा सकती है। महिला और पुरूष हॉकी विश्व कप 15 से 30 अगस्त तक बेल्जियम और नीदरलैंड में खेला जायेगा जबकि एशियाई खेल 19 सितंबर से चार अक्टूबर तक जापान में होंगे। ऐसी अटकलें हैं कि पुरूष वर्ग में भारत दो अलग अलग टीमें उतार सकता है लेकिन मारिन ने कहा कि वह विश्व कप के जरिये एशियाई खेलों की तैयारी करेंगे। उन्होंने कहा, हमने इस पर बात की है। हमें 2018 का भी अनुभव है जब यही स्थिति थी। एक टूर्नामेंट से दूसरे टूर्नामेंट की तैयारी में मदद मिल सकती है। एशियाई खेल सबसे अहम है क्योंकि यह ओलंपिक क्वालीफायर है। उन्होंने कहा, लेकिन 2018 विश्व कप से हमारा आत्मविश्वास बढा था और हम उसी सोच के साथ खेलेंगे। विश्व कप को एशियाई खेलों की तैयारी के लिये इस्तेमाल करना है। विश्व कप में हमारे पास 20 खिलाड़ी होंगे जबकि एशियाई खेलों में 18 सदस्यीय टीम रहेगी।

गर्भवती फुटबॉलर को ऐतिहासिक कानूनी जीत, मिला मुआवजा

लुसाने। महिला फुटबॉल खिलाड़ियों के अधिकारों से जुड़े एक महत्वपूर्ण कानूनी मामले में खेल पंचाट ने स्वीडन की फुटबॉल खिलाड़ी माजा गोथबर्ग के पक्ष में फैसला सुनाते हुए इटली के क्लब लाजियो वुमेन को वेतन और क्षतिपूर्ति के रूप में 70,000 यूरो (लगभग 75 लाख रुपये) से अधिक की राशि भुगतान करने का आदेश दिया है। अदालत ने पाया कि क्लब ने खिलाड़ी के गर्भवती होने की जानकारी मिलने के बाद नए अनुबंध पर बातचीत समाप्त कर दी थी। बुधवार को वैश्विक खिलाड़ियों के संगठन फीफप्रो द्वारा प्रकाशित फैसले के अनुसार, क्लब को बकाया वेतन के अलावा खिलाड़ी के व्यक्तिगत अधिकारों के उल्लंघन के लिए भी मुआवजा देना होगा। साथ ही पिछले दो वर्षों के लिए पांच प्रतिशत ब्याज भी अदा करना होगा। स्वीडन की पूर्व युवा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी गोथबर्ग ने पहले फीफा के पंचाट में याचिका दायर की थी, लेकिन वहां उनकी याचिका खारिज हो गई थी। इसके बाद उन्होंने सीएएस में अपील की।

पराग्वे के अल्मिरोन को मुंह ढंकने पर मिला रेडकार्ड

अटलांटा। पराग्वे के मिडफील्डर मिगेल अल्मिरोन को विश्व कप के दौरान मुंह ढकने के कारण रेडकार्ड देखना पड़ा। फीफा ने मंगलवार को पुष्टि की कि अल्मिरोन आस्ट्रेलिया के खिलाफ बृहस्पतिवार को पराग्वे का आखिरी ग्रुप मैच नहीं खेल सकेंगे। फीफा ने यह भी कहा कि इस फैसले के खिलाफ अपील नहीं की जा सकती है। पराग्वे की 1- 0 से जीत के दौरान तुर्किये के मर्ट मूल्डर से टकराव के बाद अल्मिरोन ने अपना मुंह ढंक लिया था। नये नियमों के तहत झगड़े के दौरान अपनी बात छिपाने के लिये खिलाड़ियों को मुंह ढंकने की अनुमति नहीं है और इसका उल्लंघन करने पर तुरंत निलंबित किया जा सकता है। फीफा अध्यक्ष जियान्नी इनफेंटिनो ने रीयाल मैड्रिड और बेनफिका के बीच मैच के दौरान हुई घटना के बाद इस नियम के लिये काफी जोर दिया था।

ऑस्ट्रेलिया ने पाक को 113 रन से हराया

भारत भी चार-चार जीत हासिल कर सकते हैं और ऐसे में अंतिम चार में पहुंचने वाली टीम का फैसला नेट रन रेट से होगा

एजेंसी

लीड्स। ऑस्ट्रेलिया ने एलिस पेरी के ऑलराउंड प्रदर्शन की मदद से पाकिस्तान को 113 रन से करारी शिकस्त देकर महिला टी20 विश्व कप में अपना विजय अभियान जारी रखा। ऑस्ट्रेलिया ने अभी तक अपने चारों में जीते हैं लेकिन उसकी सेमीफाइनल में जगह पक्की नहीं हुई है। ग्रुप के प्रतिद्वंद्वी दक्षिण अफ्रीका और भारत भी चार-चार जीत हासिल कर सकते हैं और ऐसे में अंतिम चार में पहुंचने वाली टीम का फैसला नेट रन रेट के आधार पर होगा।

ऑस्ट्रेलिया का आखिरी मैच रविवार को लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ होगा। ऑस्ट्रेलिया अभी तक हमेशा इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचा है। पेरी ने 48 गेंद पर नौ चौके और एक छक्के की मदद से 71 रन बनाए। पेरी और जॉर्जिया वोल (39) ने दूसरे विकेट के लिए 100 रन की साझेदारी की। एनाबेल सदरलैंड (27)

और निकोला कैरी (26) ने भी उपयोगी योगदान दिया। इससे ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 199 रन बनाए। इसके जवाब में पाकिस्तान 13.4 ओवर में 86 रन पर आउट हो गया। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली ने सर्वाधिक 32 रन बनाए।

ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पेरी, सोफी मोलिनी और सदरलैंड ने दो-दो विकेट लिए। एक अन्य मैच में कप्तान चमारी अटापट्टू के नाबाद 106 रन की मदद से श्रीलंका ने 27 गेंद शेष रहते हुए आयरलैंड को नौ विकेट से हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। आयरलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 130 रन बनाए। उसकी तरफ से कप्तान गैबी लुईस ने 50 गेंदों में 59 रन बनाए। श्रीलंका ने 15.3 ओवर में एक विकेट पर 134 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। अटापट्टू ने अपनी 61 गेंद की पारी में 17 चौके और दो छक्के लगाए।

भारतीय महिला अंडर-19 टीम ने श्रीलंका को हराया

चेन्नई। सलामी बल्लेबाज तनिष्का शर्मा के शानदार अर्धशतक और जाह्नवी वीरकर तथा मैत्री मनियार की बेहतरीन गेंदबाजी की बदौलत भारत ने बुधवार को यहां अंडर-19 महिला टी20 मुकाबले में श्रीलंका को 11 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और दूसरे ही ओवर में दीक्षा कटरगड्डा बिना खाता खोले आउट हो गईं।

इसके बाद तनिष्का शर्मा ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए आठ चौकों की मदद से 56 गेंदों में 58 रन बनाए। तनिष्का ने इरा जाधव (21 गेंदों में 26 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 57 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। कुमारी पलक ने 18 गेंदों में 21 रन और काश्वी कंडिकुप्पा ने 12 रन का योगदान देकर टीम को 20 ओवर में 6 विकेट पर 134 रन तक पहुंचाया। इसके बाद जाह्नवी (14 रन पर तीन विकेट) और मैत्री (26 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी ने भारत ने श्रीलंका को 20 ओवर में आठ विकेट 123 रन पर रोक दिया।

श्रीलंका के लिए विमोक्षा बालसूर्या ने 52 गेंदों पर आठ चौकों की मदद से 61 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने सलामी जोड़ीदार संजना कविंदी (14) और मनुडी नानायक्कारा (24) के साथ उपयोगी साझेदारियां कर टीम को मुकाबले में बनाए रखा। काश्वी कंडिकुप्पा (24 रन पर एक विकेट) ने सातवें ओवर में संजना को आउट कर भारत को सफलता दिलाई।

बुमराह व हेनरी टेस्ट गेंदबाजी में शीर्ष पर

दुबई। भारतीय कप्तान शुभमन गिल बुधवार को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की वनडे में बल्लेबाजों की रैंकिंग में तीन पायदान ऊपर दूसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी भारत के जसप्रीत बुमराह के साथ टेस्ट क्रिकेट में दुनिया के नंबर एक गेंदबाज बन गए हैं। गिल अब न्यूजीलैंड के डैरिल मिशेल से केवल 24 रेटिंग अंक पीछे हैं। भारतीय कप्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ हाल में समाप्त हुई तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया था जिसका उन्हें फायदा मिला है। उन्हें अंतिम मैच में बल्लेबाजी का मौका नहीं मिला लेकिन उन्होंने पहले दो मैचों में 84 और 154 रन बनाए थे। ईशान किशन बल्लेबाजी रैंकिंग में 21 पायदान ऊपर 43वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय गेंदबाजों को भी अच्छा प्रदर्शन करने का इनाम मिला है। अर्शदीप सिंह 16 स्थान ऊपर 22वें, प्रसिद्ध कृष्णा 34 पायदान ऊपर 58वें और ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर 17 स्थान ऊपर संयुक्त रूप से 71वें स्थान पर पहुंच गए। विराट कोहली मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अफगानिस्तान के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। इससे उन्हें नुकसान हुआ और वह तीसरे स्थान पर खिसक गए। रोहित शर्मा चौथे स्थान पर बने हुए हैं। श्रेयस अय्यर एक स्थान ऊपर 14वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि केएल राहुल दो स्थान नीचे 11वें स्थान पर खिसक गए। इसी बीच इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में न्यूजीलैंड की 253 रन की जीत में 10 विकेट लेने वाले हेनरी के बुमराह के बराबर अंक हो गए हैं और वे संयुक्त रूप से नंबर एक स्थान पर हैं। जैक कोवी और रिचर्ड हैडली के बाद 36 वर्षों में पहली बार न्यूजीलैंड का कोई तेज गेंदबाज शीर्ष पर पहुंचा है।

वंशिका व नरवाल ने जूनियर विश्व चैंपियनशिप में जीता रजत पदक

सुहल (जर्मनी)। वंशिका चौधरी और शिव नरवाल की भारतीय जोड़ी ने यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व निशानेबाजी चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता।

भारतीय जोड़ी ने कुल 469.7 अंक हासिल किए और वह पोलैंड के माल्गोरज़ाटा डाब्रोव्स्का और इवान राकित्स्की के बाद दूसरे स्थान पर रही। पोलैंड की जोड़ी ने 471.9 के स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। चीनी ताइपे के चेंग येन-चिंग और ह्सिएह ह्सियांग-चेन ने 410.0 अंक बनाकर कांस्य पदक हासिल किया। भारत मंगलवार को रजत पदक जीतने के बावजूद चैंपियनशिप की पदक तालिका में शीर्ष पर बना हुआ है। उसके कुल पदकों की संख्या 16 हो गई है, जिसमें पांच स्वर्ण, चार रजत और सात कांस्य पदक शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में विश्व भर के 800 से अधिक निशानेबाज भाग ले रहे हैं।

ज्योति याराजी एशियाई खेलों का क्वालीफिकेशन किया हासिल

भुवनेश्वर। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी 100 मीटर बाधा दौड़ खिलाड़ी ज्योति याराजी ने चोट के कारण लगभग एक वर्ष तक मैदान से दूर रहने के बाद बुधवार को राष्ट्रीय अंतर-राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप के पहले दिन ही एशियाई खेलों का क्वालीफिकेशन मानक हासिल कर शानदार वापसी की। पिछले वर्ष जुलाई में एसीएल (एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट) की सर्जरी कराने वाली ज्योति ने हीट रेस में 13.14 सेकंड का समय निकाला। यह प्रदर्शन भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा एशियाई खेलों के लिए निर्धारित 13.34 सेकंड के क्वालीफिकेशन मानक से बेहतर रहा। छब्बीस वर्षीय ज्योति दोनों पैरों पर टेप लगाकर दौड़ीं और चोट से वापसी के बावजूद प्रभावशाली प्रदर्शन किया। ज्योति ने 2022 एशियाई खेलों में भारत के लिए रजत पदक जीता था। उनके नाम 100 मीटर बाधा दौड़ का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.78 सेकंड का है, जिसे उन्होंने 2023 में स्थापित किया था। उन्हें पिछले वर्ष जून में अभ्यास के दौरान गंभीर चोट लग गई थी, जिसके कारण उन्हें लंबे समय तक प्रतिस्पर्धी एथलेटिक्स से दूर रहना पड़ा। वहीं दूसरी ओर मौजूदा एशियाई चैंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह बुधवार को यहां राष्ट्रीय अंतरराज्यीय सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों की 5000 मीटर दौड़ में एशियाई खेलों के क्वालीफाइंग समय को हासिल करने में नाकाम रहे। उत्तर प्रदेश के इस 26 वर्षीय एथलीट ने 2022 में एशियाई खेलों में 10,000 मीटर में कांस्य पदक जीता था।

पुर्तगाल ने उज्बेकिस्तान को 5-0 से रौंदा

एजेंसी

ह्यूस्टन। स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपने छठे विश्व कप में निराशाजनक शुरुआत से उबरते हुए अपना असली जलवा दिखाया और रिकॉर्ड दो गोल किए जिससे पुर्तगाल ने उज्बेकिस्तान को 5-0 से करारी शिकस्त दी। रोनाल्डो कांगो के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे शुरुआती मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे लेकिन उज्बेकिस्तान के खिलाफ वह अपने पूरे रंग में दिखे। रोनाल्डो ने बाद में पुर्तगाली भाषा में दार्शनिक अंदाज में कहा, हमने अपने खेल में सुधार किया। यही जीवन है। कभी-कभी चुनौतियां आती हैं। मुख्य लक्ष्य हमेशा सुधार करना होता है और हमने वही किया। 41 वर्षीय रोनाल्डो इस तरह से छह अलग-अलग विश्व कप में गोल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए।

उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। इस जीत से पुर्तगाल के अब ग्रुप में चार अंक हो गए हैं। पुर्तगाल अपना अंतिम ग्रुप मैच शनिवार को मियामी में कोलंबिया के खिलाफ खेलेगा। उज्बेकिस्तान इसी दिन अटलांटा में कांगो से भिड़ेगा। कांगो के खिलाफ मैच में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद कुछ आलोचकों ने सवाल उठाए कि क्या रोनाल्डो को शुरुआती लाइनअप में बनाए रखना चाहिए। लेकिन कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने इस सुपरस्टार पर भरोसा बनाए रखा। उनका यह फैसला सही साबित हुआ और रोनाल्डो ने छठे मिनट में ही टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। रोनाल्डो ने कहा कि यह सप्ताह काफी मुश्किल था क्योंकि काफी आलोचना हो रही थी और मुख्य रूप से कोच निशाने पर थे। उन्होंने कहा, लेकिन ऐसा हमेशा होता है, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता, क्योंकि मैं 23 साल से खेल रहा हूं। जब सब कुछ ठीक चलता है, तो लोग कहते हैं क्रिस्टियानो अच्छा है, जब सब कुछ खराब चलता है, तो लोग कहते हैं क्रिस्टियानो तो रिटायर हो चुका है, बूढ़ा हो गया है। ऐसा हमेशा होता रहेगा। रोनाल्डो ने 39वें मिनट में एक और गोल किया, जब ब्रूनो फर्नांडीस से पास मिलने पर उन्होंने अपने दाहिने पैर से नज़दीकी पोस्ट के ठीक अंदर से गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया। नूनो मेंडेस ने 17वें मिनट में फ्री किक से 2-0 की बढ़त बनाई थी। पुर्तगाल ने 60वें मिनट में अब्दुवोहिद नेमातोव के आत्मघाती गोल की बदौलत 4-0 की बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद 83वें मिनट में मैदान में उतरे राफेल लेओ ने चार मिनट बाद गोल करके स्कोर 5-0 कर दिया।

उज्बेकिस्तान के मिडफील्डर अजीजजोन गनीव ने 30वें मिनट में गोल किया था, लेकिन वीडियो समीक्षा के बाद इसे रद्द कर दिया गया था। वहीं दूसरी ओर डैनियल मुनोज़ ने कांगो की मजबूत रक्षापंक्ति को भेदते हुए गोल दागा जिससे कोलंबिया ने एक रोमांचक मुकाबले में 1-0 की जीत के साथ विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में प्रवेश कर लिया।

त्रिसा-गायत्री की जोड़ी यूएस ओपन में आगे

एजेंसी

फुलर्टन (अमेरिका)। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद भारतीय महिला युगल जोड़ी ने अमेरिका ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में स्पेन की पाउला लोपेज और लुसिया रोड्रिगेज को तीन गेमों के कड़े मुकाबले में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया है।

रौनक ने मुख्य ड्रॉ में बनाई जगह

टखने की चोट से उबरकर वापसी कर रहीं त्रीसा ने अपनी जोड़ीदार गायत्री के साथ मिलकर स्पेनी की जोड़ी को 21-12, 14-21, 21-13 से 51 मिनट तक चले पहले दौर के मुकाबले में पराजित किया। यह भारतीय जोड़ी अब दूसरे दौर में जापान की सुमिरे नकादे और मियू ताकाहाशी से भिड़ेगी। पुरुष एकल क्वालीफायर में रौनक चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली। उन्होंने पहले फ्रांस के एनोगाट रॉय को 21-19, 21-16 से हराया और फिर चीनी ताइपे के कुओ कुआन लिन को 13-21, 21-14, 21-10 से मात देकर आगे बढ़े।

चौहान के सामने अब शुरुआती दौर में हमवतन एस. शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम की चुनौती होगी। त्रीसा और गायत्री ने मैच की शुरुआत मजबूत की और पहले गेम में 8-3 की बढ़त बना ली। स्पेन की जोड़ी ने वापसी की कोशिश करते हुए लगातार चार अंक हासिल कर अंतर को कम करने की कोशिश की लेकिन भारतीय जोड़ी ने फिर से दबदबा बनाते हुए 17-11 की बढ़त बनाई और गेम आसानी से जीत लिया। दूसरे गेम में पाउला और लुसिया ने बेहतर खेल दिखाया और 11-7 की बढ़त बना ली।

भारतीय जोड़ी ने उन्हें कड़ी चुनौती दी लेकिन स्पेन की जोड़ी मुकाबला बराबरी पर रखने में सफल रही। निर्णायक तीसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने फिर से 11-6 की मजबूत बढ़त बढ़त हासिल कर ली। इस जोड़ी ने इसके बाद अपनी लय बनाए रखी और बिना ज्यादा परेशानी के मैच अपने नाम कर लिया।

खैदेम शिलेमा भारतीय टीम की करेंगी कप्तानी

नयी दिल्ली। मिडफील्डर खैदेम शिलेमा चानू पांच से 14 जुलाई तक ब्रिटेन दौरे में 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम की कप्तानी करेंगी। हॉकी इंडिया ने बुधवार को यह घोषणा की। भारतीय टीम अपने नए कोच टिम व्हाइट की देखरेख में जूनियर एशिया कप सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों के तहत स्कॉटलैंड और इंग्लैंड में सात मैच खेलेगी। इस दौरे की शुरुआत एडिनबर्ग विश्वविद्यालय में स्कॉटलैंड की सीनियर महिला टीम के खिलाफ दो मैचों से होगी। इसके बाद भारतीय टीम इंग्लैंड के लिलेशाल नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर में अमेरिका, इंग्लैंड और बेल्जियम की जूनियर टीमों का सामना करेगी। व्हाइट ने कहा, हमारा सामना मजबूत टीमों से होगा जिनसे हमें कड़ी चुनौती मिलेगी।

अमेरिका ने ईरान की विश्व कप टीम पर लगे प्रतिबंधों में दी ढील

वाशिंगटन। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका ईरान की विश्व कप टीम पर लगाए गए यात्रा प्रतिबंधों में ढील दे रहा है और अब टीम को अगले मैच से दो दिन पहले देश की यात्रा करने की अनुमति दे दी गई है। विभाग के प्रवक्ता ने हालांकि बताया कि टीम को सिएटल में शुक्रवार के मैच के तुरंत बाद ही रवाना होना होगा। ईरान फुटबॉल महासंघ के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि टीम मैक्सिको के तिजुआना स्थित अपने शिविर से बुधवार को सिएटल के लिए रवाना होगी। ईरान की टीम को यात्रा प्रतिबंधों के कारण काफी परेशानी उठानी पड़ रही थी। उसे लॉस एंजिलिस में खेले गए पहले दो मैच के लिए एक दिन पहले तक यात्रा करने की अनुमति नहीं दी गई थी।

बांग्लादेश पर जीत के लिए उतरेगा भारत

एजेंसी

मैनचेस्टर। मध्य क्रम के बल्लेबाजों की नाकामी और खराब क्षेत्ररक्षण के कारण महिला टी20 विश्व कप में भारत का अभियान खतरे में पड़ गया है और ऐसे में बृहस्पतिवार को बांग्लादेश के खिलाफ यहां होने वाले मैच में वह इन कमजोरियों को दूर करने के लिए बेताब होगा। भारत ने 12 टीमों के इस टूर्नामेंट में अपने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों की फॉर्म की चिंता के साथ उतरा था लेकिन स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने काफी हद तक उन आशंकाओं को दूर कर दिया है। मंधाना ने तीन मैच में 159 रन बनाए हैं, जबकि शेफाली ने 92 रन का योगदान दिया है। दोनों बल्लेबाजों का स्ट्राइक रेट 154 से अधिक है।

लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहे हैं जो टीम के लिए नई चिंता बन गई है। कप्तान हरमनप्रीत कौर (स्ट्राइक रेट 109.09), जेमिमा रोड्रिग्स (94.11) और यस्तिका भाटिया (105.88) अभी तक अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। उनके तेजी से रन बनाने में नाकाम होने के कारण ज्‍चा घोष और दीप्ति शर्मा पर तेजी से रन बनाने का दबाव बढ़ जाता है। हरमनप्रीत और जेमिमा दोनों ने तीन-तीन मैच खेले हैं और

दोनों ने मिलकर सिर्फ 11 चौके लगाए हैं। उन्होंने अब तक एक भी छक्का नहीं लगाया है। वहीं यस्तिका ने दो पारियों में सिर्फ तीन चौके लगाए हैं। ज्‍चा (स्ट्राइक रेट 176.92) और दीप्ति (159.37) ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन कम गेंद रहने के कारण दोनों पर दबाव बढ़ जाता है। भारत के अब तीन मैच में चार अंक हैं और उसका नेट रन रेट 2.511 है। उसने पाकिस्तान को 64 रन से और नीदरलैंड को 95 रन से हराया था लेकिन वह दक्षिण अफ्रीका से छह विकेट से हार गया था। ऑस्ट्रेलिया ने लगातार चार जीत हासिल करके ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है।

भारत-अमेरिका ने प्रमुख पहलुओं की समीक्षा की

नयी दिल्ली। भारत और अमेरिका ने अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर जारी वार्ताओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए बाजार पहुंच, डिजिटल व्यापार और गैर-शुल्कीय बाधाओं सहित समझौते के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा की। दोनों देश 24 जुलाई को अमेरिका द्वारा लगाए गए अस्थायी 10 प्रतिशत शुल्क की अवधि समाप्त होने से पहले इस समझौते को अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहे हैं।

अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) जेमीसन ग्रीर 22 से 24 जून तक भारत यात्रा पर हैं। इस दौरान उन्होंने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को लेकर वार्ता की। वाणिज्य मंत्रालय ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि यह यात्रा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को संतुलित और दोनों देशों के लिए लाभकारी स्वरूप देने तथा सात फरवरी, 2026 के संयुक्त बयान के अनुरूप अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बयान के अनुसार, अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के बीच कई दौर की वार्ता हुई, जिसमें बाजार पहुंच बढ़ाने, डिजिटल व्यापार, आपूर्ति श्रृंखला की मजबूती, गैर-शुल्कीय बाधाओं को कम करने और रणनीतिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने जैसे मुद्दों पर व्यापक समीक्षा की गई। बयान में कहा गया, चर्चा का मुख्य उद्देश्य एक अंतरिम समझौते को अंतिम रूप देने का रास्ता तलाशना था, जिसे व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। दोनों नेताओं ने इस बात पर भी सहमति जताई कि व्यापार समझौता संतुलित, व्यावसायिक दृष्टि से सार्थक और दोनों देशों के कारोबारियों, किसानों, श्रमिकों तथा उपभोक्ताओं के लिए ठोस लाभ पहुंचाने वाला होना चाहिए। मंत्रालय ने कहा कि बदलते वैश्विक व्यापार परिदृश्य के बीच भारत-अमेरिका आर्थिक साझेदारी के बढ़ते महत्व को देखते हुए दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और विश्वसनीय एवं मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाएं विकसित करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता दोहराई।

इससे पहले गोयल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, ग्रीर और उनके प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठकों का दौर पूरा हुआ। हमने भारत-अमेरिका के बीच जारी व्यापारिक बातचीत की प्रगति की समीक्षा की और अपनी आर्थिक साझेदारी को और प्रगाढ़ करने के तरीकों पर बातचीत की। गोयल ने कहा, मैं ग्रीर के नेतृत्व और हमारी बातचीत को रचनात्मक और भविष्योन्मुखी तरीके से आगे बढ़ाने में दोनों टीम के लगातार प्रयास की सराहना करता हूं। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब दोनों देश अमेरिकी शुल्क नीति में बदलाव के बाद पहले से तय व्यापार ढांचे की समीक्षा और उसमें आवश्यक संशोधन करने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रीर का यह दौरा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के 17 जून को फ्रांस में जी-7 शिखर सम्मेलन के इतर हुई मुलाकात के कुछ दिन बाद हुआ है। इस मुलाकात से व्यापार वार्ताओं को नई गति मिली है। मंत्रिस्तरीय बैठक से पहले इस महीने दो से चार जून के बीच नयी दिल्ली में मुख्य वार्ताकार स्तर की बातचीत भी हुई थी। अमेरिकी विदेश मंत्रालय में उप सहायक मंत्री बेथनी पॉलोस मॉरिसन ने अमेरिकी संसद परिसर कैपिटल हिल में फाउंडेशन फॉर इंडिया एंड इंडियन डायस्पोरा स्टडीज (एफआईआईडीएस) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक परिणाम-आधारित संबंध को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने इस वर्ष की शुरुआत में ट्रंप और मोदी के बीच बनी सहमति के बाद शुरू हुई व्यापार वार्ताओं का उल्लेख किया और कहा, हम इस रिश्ते को बैठकों से नहीं, बल्कि परिणामों से माप

कोटा-बूंदी को जीरो फेटेलिटी मॉडल के रूप में विकसित करने का लक्ष्य: बिरला

नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को अपने संसदीय क्षेत्र कोटा-बूंदी में सड़क सुरक्षा को सुदृढ़ करने के लिए एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की और कहा कि वह इस लक्ष्य को लेकर काम कर रहे हैं कि उनके क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में कोई मौत न हो।

यह बैठक सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में कार्यरत संगठन सेवलाइफ फाउंडेशन के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र में जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम को प्रभावी ढंग से लागू करना, सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को कम करना और भविष्य में यह सुनिश्चित करना था कि किसी मौत न हो। जीरो फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम सड़क हादसों में होने वाली मौतों को शून्य तक लाने का एक बड़ा सरकारी और सामाजिक अभियान है जिसे केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय और सेवलाइफ फाउंडेशन ने मिलकर शुरू किया है। इसका लक्ष्य 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को 50 प्रतिशत तक कम करना है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, बैठक के दौरान बिरला ने सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सड़क हादसों में सबसे अधिक जानें युवाओं की जाती हैं। उन्होंने कहा कि यह न केवल परिवारों के लिए अपूरणीय क्षति है, बल्कि देश की उत्पादक कार्यशक्ति के लिए भी एक बड़ी हानि है। बिरला ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक प्रशासनिक विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है, जिसे जन आंदोलन का रूप दिए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि लक्ष्य केवल सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना नहीं, बल्कि कोटा-बूंदी संसदीय क्षेत्र को एक आदर्श जीरो फेटेलिटी मॉडल के रूप में विकसित करना है।

संक्षेप

हर भारतीय चीन के साथ शांतिपूर्ण संबंध चाहता है

हैदराबाद। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने बुधवार को कहा कि हर भारतीय नागरिक चीन के साथ सामान्य और शांतिपूर्ण संबंध चाहता है, लेकिन यह सिर्फ चीन की शर्तों पर नहीं हो सकता। हैदराबाद के सांसद ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भारत के हित सबसे ऊपर होने चाहिए और चीन के साथ सामान्य स्थिति बहाल करने की कोशिश में इन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। यह हमारी हमेशा से नीति रही है और इसे अब बदलना एक बड़ी गलती होगी। ओवैसी ने लिखा कि चीन चाहता है कि भारत दोनों देशों के रिश्तों को सामान्य बनाने के लिए सीमा विवाद को एक तरफ रख दे, लेकिन वह बदले में कुछ भी करने को तैयार नहीं है। एआईएमआईएम प्रमुख ने कहा कि चीन पाकिस्तान को जमीनी स्तर पर सैन्य मदद देता है और उसने भारत के साथ ब्रह्मपुत्र नदी से जुड़ा जल संबंधी डेटा साझा करने से इनकार कर दिया है। ओवैसी ने कहा, सीमा विवाद पर छोटी-मोटी बातों पर पहले समझौता कर लेने, परंतु बड़े मुद्दों पर छोड़ देने समेत हम ही रियायतें दे रहे हैं। ऐसा क्यों? नरेन्द्र मोदी सरकार की ओर से इस बारे में कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।

रेपो दर बढ़ाने पर चर्चा अभी जल्दबाजी: मल्होत्रा

नयी दिल्ली। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि केंद्रीय बैंक पश्चिम एशिया की स्थिति पर नजर रख रहा है और इस समय नीतिगत ब्याज दर में वृद्धि के बारे में बातचीत करना जल्दबाजी होगी।

उन्होंने समाचार चैनल ईटी नाउ से कहा, अगर हम सही में उन्हें (बाजार) नीतिगत दर बढ़ाने के लिए तैयार करना चाहते, तो हमें अपना रुख बदलना होगा...। अगर यह पक्का होता कि हम आने वाले महीनों में दर बढ़ाने वाले हैं, तो हम अपना तटस्थ रुख को बदलकर सख्त कर लेते? लेकिन हमने ऐसा नहीं किया। उन्होंने कहा, इसलिए, मुझे लगता है कि नीतिगत दर बढ़ाने के बारे में बात करना जल्दबाजी होगी। हमने बस इतना कहा है कि हम सतर्क हैं। हमें पता है कि महंगाई और वृद्धि, दोनों के मामले में जोखिम हो सकते हैं। खासकर महंगाई पर, क्योंकि यह ऊपरी सीमा के करीब पहुंच रही है...। हम सतर्क हैं और आंकड़ों पर नजर रखेंगे। उल्लेखनीय है कि इस महीने की शुरुआत में, आरबीआई ने पश्चिम एशिया में लंबे समय से जारी संघर्ष, ऊर्जा की उंची कीमतों और वैश्विक आपूर्ति

श्रृंखला बाधित होने के कारण वृद्धि और महंगाई पर बढ़ते जोखिमों के बीच अपनी नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा। मौद्रिक नीति समिति ने आम सहमति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बनाए रखने और तटस्थ रुख को कायम रखने का निर्णय किया। केंद्रीय बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि अनुमान को कम किया है और 2026-27 में वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है, जो अप्रैल के 6.9 प्रतिशत के अनुमान से कम है। यह अनुमान 2025-26 के लिए अनुमानित 7.6 प्रतिशत से भी कम है। आरबीआई ने 2026-27 के लिए महंगाई बढ़कर 5.1 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है जो पहले के 4.6 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। मल्होत्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव में कमी पूरी दुनिया और भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक बात है। यह वृद्धि और महंगाई, दोनों के लिए अच्छी खबर है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा कच्चे तेल की कीमतें कम हुई हैं और यूरिया की कीमतें भी काफी घटी हैं। इससे भारतीय अर्थव्यवस्था को राहत मिली है। मल्होत्रा ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है और सरकार और पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने मिलकर ऊर्जा के दाम में तेजी के असर को काफी हद तक कम किया। सभी महत्वपूर्ण आंकड़ें यह दिखाते हैं कि भारत ने बहुत अनिश्चित समय में भी इस झटके का अच्छी तरह से सामना किया है।

सैन्य अधिकारियों ने संसदीय समिति को रक्षा तैयारियों से अवगत कराया

नयी दिल्ली। सेना के वरिष्ठ अधिकारियों ने देश की रक्षा तैयारियों के बारे में बुधवार को संसद की एक स्थायी समिति को जानकारी दी।

अधिकारियों ने देश की सभी सीमाओं और रणनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थानों पर की गई तैनाती सहित रक्षा संबंधी उठाए गए कदमों से समिति को अवगत कराया। सूत्रों ने बताया कि जनरल एन एस राजा सुब्रमणि के नेतृत्व में सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के एक दल ने भाजपा सांसद राधा मोहन सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति को बताया कि दुश्मन ताकतों की किसी भी नापाक साजिश को विफल करने के लिए सीमाओं और रणनीतिक स्थलों पर पर्याप्त बलों की तैनाती की गई है। समिति की बैठक का एजेंडा देश की रक्षा सुनिश्चित करने में भारतीय सेना की भूमिका विषय पर रक्षा मंत्रालय के प्रतिनिधियों के मौखिक साक्ष्य लेना था। सेना के शीर्ष अधिकारियों ने समिति को जम्मू-कश्मीर तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र में आंतरिक सुरक्षा के लिए बलों की तैनाती और आपदा प्रबंधन सहित अन्य विषयों पर भी जानकारी दी।

मानसून की दस्तक के साथ मुंबई में 200 मिमी से अधिक बारिश, ट्रेन सेवाएं प्रभावित

मुंबई। मुंबई में मंगलवार को रातभर हुई भारी बारिश के कारण बुधवार सुबह उपनगरीय रेल सेवाएं प्रभावित हुईं, निचले इलाकों में पानी भर गया और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह आठ बजे तक पिछले 24 घंटे की अवधि में महानगर के कुछ हिस्सों में 200 मिलीमीटर से अधिक बारिश दर्ज की गई।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने अगले 24 घंटे में मुंबई और उसके उपनगरों में गरज एवं बिजली चमकने के साथ मध्यम से भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। सत्तारूढ़ शिवसेना की विधान परिषद सदस्य मनीषा कायंदे ने मुंबई की महापौर रितु तावड़े से नालों की अच्छी तरह सफाई कराने और उनमें से सूखा कचरा हटवाने के प्रयास तेज करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान जलभराव और यातायात संबंधी बाधाओं को रोकने के लिए ये कदम उठाना बेहद जरूरी हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली महायुति सरकार में शामिल शिवसेना की नेता कायंदे ने यह भी कहा कि इस मुद्दे को राजनीतिक नजरिये से नहीं देखा जाना चाहिए और लोगों की समस्याओं के समाधान पर ध्यान केंद्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने विधान भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा, यह राजनीति का नहीं, बल्कि लोगों की समस्याओं के समाधान का विषय है। बृहन्मुंबई महानगरपालिका पर भाजपा और शिवसेना का नियंत्रण है। नगर निकाय के आंकड़ों के अनुसार, बुधवार सुबह आठ बजे तक पिछले 24 घंटे की अवधि में द्वीप शहर में औसतन 195 मिलीमीटर, पश्चिमी उपनगरों में 208 मिलीमीटर और पूर्वी उपनगरों में 167 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।

जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में एक बस खाई में गिरी, 23 श्रद्धालु हुए घायल

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कठुआ ज़िले में बुधवार को एक बस के सड़क से फिसलकर खाई में गिर जाने से कम से कम 23 तीर्थयात्री घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गोरन और सुम्ब गांवों के श्रद्धालु बिल्लावर के माता सुकराला देवी मंदिर जा रहे थे, तभी धार रोड पर डिंगी सिंबली के पास उनकी बस फिसलकर खाई में जा गिरी। अधिकारियों के मुताबिक स्थानीय लोग तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने बचाव कार्य शुरू किया। इसके बाद पुलिस की टीम भी वहां पहुंची और घायलों को बाहर निकाला गया। अधिकारियों ने बताया कि सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनमें से चार की हालत गंभीर बताई जा रही है।

लद्दाख प्रशासन संवेदनशील क्षेत्रों में फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी के लिए एसओपी बनाने की तैयारी में

लेह। वायु सेना द्वारा चिंता जताए जाने के बाद लद्दाख प्रशासन ने संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे दोहरे उपयोग वाले हवाईअड्डे समेत लेह के संवेदनशील क्षेत्रों में अनधिकृत फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी को रोकने के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करें। वायु सेना ने सोशल मीडिया मंचों पर परिचालन वाले इलाकों की तस्वीरें और वीडियो के बढ़ते प्रसार पर चिंता जताई है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि वायु सेना स्टेशन, लेह द्वारा उठाए गए परिचालन, बुनियादी ढांचा और हवाई सुरक्षा से जुड़े कई मुद्दों की समीक्षा के लिए लद्दाख नागरिक उड्डयन विभाग की प्रशासनिक सचिव निधि मलिक की अध्यक्षता में हुई एक उच्च स्तरीय अंतर-विभागीय बैठक में ये निर्देश जारी किए गए। उन्होंने बताया कि मलिक ने संबंधित एजेंसियों को मौजूदा नियमों के अनुपालन को और मजबूत करने, प्रतिबंधित क्षेत्रों के बारे में जन-जागरूकता अभियान शुरू करने और उचित एसओपी तैयार करने का निर्देश दिया। इन मुद्दों को उपराज्यपाल के कार्यालय को भेजे गए एक पत्र में उठाया गया। बैठक में, वायु सेना के प्रतिनिधियों ने प्रस्तावित दूसरे रनवे, हवाई क्षेत्र की सुरक्षा, दुर्गम क्षेत्र से जुड़ी चुनौतियों और उड़ान संचालन पर बुरा असर डालने वाली भौतिक बाधाओं को हटाने की जरूरत के बारे में जानकारी दी। मलिक ने सीमा सड़क संगठन, राजस्व विभाग और दूसरी तकनीकी एजेंसियों को निर्देश दिया कि वे चिन्हित जगहों का सर्वेक्षण करें और तकनीकी आंकलन व अग्रिम कार्रवाई के लिए सुझावों वाली रिपोर्ट सौंपें। बैठक में संवेदनशील वायु सेना ठिकानों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे और निगरानी बुनियादी ढांचा से जुड़ी चिंताओं की भी समीक्षा की गई।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com